

विदेशी मेट्रो परियोजनाओं के लिए डीएमआरसी ने बनायी नई कंपनी - 12



सेंसेक्स 1,097 अंक लुढ़का पांच दिन में 4 प्रतिशत गिरावट - 12



नेपाल चुनाव : भारी बहुमत की ओर बढ़ी बालेंद्र की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी - 13



संजू सैमसन की चमकी किस्मत और अभिषेक का डूबा सितारा - 14


आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.27
सूर्यास्त 06.13

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

|कानपुर नगर|

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्थी 07:17 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 7 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 195, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


# भारतीय कृषि को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की जरूरत : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले- किसान भारत की विविध जलवायु परिस्थितियों का लाभ उठाएं

- वेब गोष्ठी के जरिए किसानों को किया संबोधित, कहा- कृषि उत्पादों की गुणवत्ता और ब्रांडिंग पर काम करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को किसानों से भारत की विविध जलवायु परिस्थितियों का लाभ उठाने और उच्च मूल्य वाली फसलों की पैदावार बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसा करने पर देश के कृषि उत्पाद वैश्विक बाजारों में प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। कृषि और ग्रामीण परिवर्तन पर बजट के बाद आयोजित एक वेब गोष्ठी को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारतीय कृषि उत्पादों की गुणवत्ता, ब्रांडिंग और मानकों के सभी पहलुओं पर काम करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषि विशेषज्ञों, उद्योग और किसानों को एक साथ आना होगा। प्रधानमंत्री ने बजट के बाद अपनी तीसरी वेब गोष्ठी में कहा, आज दुनिया के बाजार खुल रहे हैं और वैश्विक मांग बदल रही है। कृषि को निर्यातोन्मुख बनाने पर अधिक चर्चा करना आवश्यक है। हमारे पास विविध जलवायु है और हमें इसका पूरा लाभ उठाना चाहिए। हम कृषि-जलवायु क्षेत्रों के मामले में समृद्ध हैं। मोदी ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में काजू, कोको और चंदन सहित उच्च मूल्य वाली कृषि पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल और दलहन पर राष्ट्रीय मिशन और प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन सभी कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, यदि हम उच्च मूल्य वाले कृषि क्षेत्र को बड़े पैमाने पर बढ़ाते हैं, तभी हम अपनी खेती को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में बदल सकते हैं। मोदी ने कहा, अगर हम उच्च मूल्य वाली खेती को मिलकर आगे बढ़ाते हैं, तो यह कृषि को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में बदल देगा।

मत्स्य पालन क्षेत्र पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक है, जहां हमारे विभिन्न जलाशयों और तालाबों में लगभग 4.5 लाख टन मछली का उत्पादन हो रहा है।

उन्होंने कहा कि इसमें 20 लाख टन अतिरिक्त उत्पादन की क्षमता है। प्रधानमंत्री ने समुद्र से जुड़ी नीली अर्थव्यवस्था की क्षमता को उजागर करने के लिए हैचरी, चारे और लॉजिस्टिक में नए कारोबारी मॉडल की जरूरत पर भी जोर दिया।

### हमें रसायन मुक्त और प्राकृतिक खेती पर जोर देने की जरूरत

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक हो रही है और समग्र स्वास्थ्य सेवा तथा जैविक भोजन पर उनका विशेष ध्यान है। उन्होंने कहा, हमें रसायन मुक्त और प्राकृतिक खेती पर अधिक जोर देना चाहिए। प्राकृतिक खेती दुनिया भर के बाजारों तक पहुंचने का रास्ता बनाती है। मोदी ने कहा कि कृषि भारत की दीर्घकालिक विकास यात्रा का एक रणनीतिक स्तंभ है, और सरकार ने कृषि क्षेत्र को लगातार मजबूत किया है। उन्होंने कहा, लगभग 10 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से चार लाख करोड़ रुपये से अधिक मिले हैं। उन्होंने पूर्वोत्तर में अगरवुड और हिमालयी राज्यों में शीतोष्ण फलों को बढ़ावा देने के बजट प्रस्ताव पर भी प्रकाश डाला।

# ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने तक कोई समझौता नहीं होगा : ट्रंप

वॉशिंगटन/तेहरान, एजेंसी



- पश्चिम एशिया में जंग तेज...ईरान ने इजराइल पर मिसाइलों की 22वीं खेप दागी
- इजराइल और अमेरिका ने ईरान के शिराज शहर पर किए हमले

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में संघर्ष को समाप्त करने के लिए ईरान के साथ बातचीत की संभावना को खारिज कर दिया हैं। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि ईरान के बिना शर्त आत्मसमर्पण करने तक उसके साथ कोई समझौता नहीं होगा।

ट्रंप ने कहा, उसके बाद, और एक महान एवं स्वीकार्य नेता के चयन के बाद, हम तथा हमारे कई अद्भुत और बहादुर सहयोगी एवं साझेदार ईरान को विनाश के कगार से वापस लाने के लिए अथक प्रयास करेंगे और इसे आर्थिक रूप से पहले से कहीं अधिक बड़ा, बेहतर एवं मजबूत बनाएंगे।

वहीं, अमेरिका-इजराइल के साझा सैन्य अभियान के सातवें दिन तेहरान सहित ईरान के कई अन्य शहरों पर भीषण हवाई हमले जारी रहे। ईरान ने भी इजराइल पर मिसाइलों की 22वीं खेप दागी। ईरान ने कुवैत में भी अमेरिकी मिलिट्री बेस पर हमला बोला और सुसाइड ड्रोन से निशाना बनाया। इस बीच, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने चेतावनी दी है कि बमबारी और तेज की जाएगी। ईरान ने भी इजराइल पर बड़ा जवाबी हमला किया है। ईरान ने तेल अवीव के ठिकानों को निशाना बनाते हुए बड़ी संख्या में यूएवी (ड्रोन) और खैबर मिसाइलें दागी हैं। अमेरिका ने ईरान के शिराज शहर पर मिसाइल हमले किए जिसमें 20 लोगों की मौत हो गई।

### भारतीय नौसेना की ओर से ईरानी युद्धपोत के बारे में खुफिया जानकारी देने संबंधी दावे निराधार

**नई दिल्ली।** सरकार के शीर्ष सूत्रों ने उन दावों को निराधार और हास्यास्पद बताया कि भारतीय नौसेना ने दो दिन पहले अमेरिकी सैन्य पनडुब्बी द्वारा डुबोए गए ईरानी युद्धपोत के बारे में अमेरिका को खुफिया जानकारी प्रदान की थी। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में अमेरिका को कोई भी जानकारी देने का सवाल ही नहीं उठता और ये दावे पूरी तरह निराधार हैं। अमेरिका ने बुधवार को श्रीलंका के तट पर ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया, जिससे ईरान की ओर से तीखी प्रतिक्रिया हुई। ईरान का फ्रिगेट आईरिस देना भारत द्वारा आयोजित बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास मिलन में भाग लेने के बाद स्वदेश लौट रहा था। इस हमले में कम से कम 87 ईरानी नाविकों की मौत हो गई। यह घटना फारस की खाड़ी के बाहर अमेरिका-ईरान संघर्ष के एक बड़े विस्तार के रूप में देखी जा रही है।

### ईरान ने निहत्थे जहाज पर अमेरिकी हमले की निंदा की

नई दिल्ली। अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा श्रीलंका के तट के पास एक ईरानी युद्धपोत को डुबोए जाने के दो दिन बाद ईरान ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि निहत्थे जहाज पर हमले की सजा जरूर दी जाएगी। ईरान का फ्रिगेट आईआरआईएस देना भारत द्वारा आयोजित बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास मिलन में भाग लेने के बाद स्वदेश लौट रहा था। भारत यात्रा पर आए ईरान के उप विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह ने कहा कि आईआरआईएस देना युद्ध की स्थिति में नहीं था और मिलन नौसैनिक अभ्यास से लौट रहा था। उन्होंने कहा कि अमेरिका की यह कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है। वह जहाज हमारे भारतीय मित्रों के निमंत्रण पर एक अंतर्राष्ट्रीय अभ्यास में शामिल हुआ था।

## ब्रीफ न्यूज

### धोखाधड़ी पर रियल एस्टेट कंपनी की 200 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने घर खरीदारों से कथित धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन जांच के तहत दिल्ली स्थित रियल एस्टेट कंपनी टीडीआई इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की 200 करोड़ रुपये से अधिक की नई अचल संपत्तियां कुर्क की है। अस्थायी रूप से कुर्क की गई संपत्तियों में हरियाणा के सोनीपत जिले के कामासपुर में स्थित 8.3 एकड़ जमीन और व्यावसायिक इकाइयां शामिल हैं। उसने कहा कि ये संपत्तियां टीडीआई इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (पूर्व में इंटाइम प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड) और उसकी सहयोगी कंपनियों के स्वामित्व में हैं। उसने कहा कि कुर्क की गई संपत्तियों का मूल्य 206.4 करोड़ रुपये आंका गया है।

### गाजियाबाद सबसे प्रदूषित, नोएडा-दिल्ली दूसरे-तीसरे नंबर पर

**नई दिल्ली।** वर्ष 2025-26 की सर्दियों के दौरान गाजियाबाद भारत का सबसे प्रदूषित शहर रहा, जिसके बाद नोएडा और दिल्ली का स्थान था। यह बात 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (सीआरईए) द्वारा किए गए वायु गुणवत्ता विश्लेषण में कही गई है। पर्याप्त निगरानी डेटा वाले 238 भारतीय शहरों में से 204 शहरों में सर्दियों में पीएम2.5 की औसत सांद्रता भारत के राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (एनएएक्यूएस) से ऊपर दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष के 173 शहरों से अधिक है।

# अमेरिका ने भारत को रूसी तेल खरीद के लिए 30 दिन की छूट दी

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी



- वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा- सोच-समझकर उठाया गया अल्पकालिक कदम

ईरान के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच अमेरिका ने भारतीय रिफाइनरी कंपनियों को रूसी तेल खरीदने के लिए अस्थायी रूप से 30 दिनों की छूट दी है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के ऊर्जा एजेंडे के कारण तेल व गैस का उत्पादन अब तक के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया है।

वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति जारी रखने के लिए वित्त मंत्रालय भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए अस्थायी रूप से छूट दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह सोच-समझकर उठाया गया अल्पकालिक कदम है और इससे रूसी सरकार को कोई बड़ा वित्तीय लाभ नहीं मिलेगा, क्योंकि यह केवल तेल के उन लेनदेन को अधिकृत करता है जो पहले से समुद्र में फंसे हुए तेल से जुड़े हैं। बेसेंट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत-अमेरिका का एक महत्वपूर्ण साझेदार है और हमें पूरी उम्मीद है कि नई दिल्ली अमेरिकी तेल की खरीद बढ़ाएगा।

यह अस्थायी कदम ईरान द्वारा वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को अवरुद्ध करने की कोशिश से पैदा हुए दबाव को कम करेगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। अमेरिकी प्रशासन का कहना था कि नई दिल्ली द्वारा तेल की खरीद यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को बढ़ावा देने में मदद कर रही है। पिछले महीने अमेरिका और भारत ने घोषणा की थी कि दोनों देशों के बीच व्यापार पर एक अंतरिम समझौते के लिए एक रूपरेखा तय हो गई है। इसके बाद ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश जारी कर भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क को हटा दिया और यह भी कहा कि नई दिल्ली ने मॉस्को से ऊर्जा आयात बंद करने एवं अमेरिकी ऊर्जा उत्पादों की खरीद बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है।

### अमेरिकी छूट के बाद भारतीय कंपनियों ने दो करोड़ बैरल रूसी तेल खरीदा




**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट से तेल आपूर्ति बाधित होने के बीच भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने अमेरिका से मिली 30 दिन की अस्थायी छूट का फायदा उठाते हुए समुद्र में फंसे रूसी कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी। सूत्रों ने कहा कि भारतीय रिफाइनरों ने लगभग दो करोड़ बैरल रूसी तेल खरीद लिया है, जो अधिकतर गैर-प्रतिबंधित इकाइयों से लिया गया है। रिफाइनिंग कंपनियां इस बारे में कानूनी राय भी ले रही हैं कि क्या अमेरिकी छूट के तहत प्रतिबंधित संस्थाओं से भी खरीद की अनुमति है या नहीं। (विस्तृत कारोबार पेज पर)

# सिविल सेवा परीक्षा-2025 में अनुज अग्निहोत्री टॉपर

नई दिल्ली, एजेंसी



अनुज अग्निहोत्री

- यूपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में 958 अभ्यर्थी हुए सफल, दूसरा स्थान राजेश्वरी को
- शीर्ष 25 में 11 महिलाएं और 14 पुरुष शामिल

यूपीएससी द्वारा शुक्रवार को घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम में एम्स से स्नातक अनुज अग्निहोत्री ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। राजेश्वरी सुवे एम और अकांश ढुल ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया है। अग्निहोत्री ने चिकित्सा विज्ञान को वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर परीक्षा में सफलता हासिल की।

उन्होंने राजस्थान के जोधपुर स्थित एम्स से एमबीबीएस की उपाधि प्राप्त की है। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के रहने वाले अनुज ने कहा कि वह इस उपलब्धि से बेहद खुश हैं। यह एक अविश्वसनीय एहसास है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार को देते हुए कहा कि वे ही उनकी प्रेरणा के सबसे बड़े स्रोत रहे हैं। मैं यह उपलब्धि अपने परिवार को समर्पित करता हूं। चेन्नई के अन्ना विवि से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीई की डिग्री प्राप्त करने वाली राजेश्वरी ने समाजशास्त्र को अपने वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर दूसरा स्थान हासिल किया। डीयू से बीकॉम की उपाधि प्राप्त करने वाले अकांश ने वाणिज्य और लेखाशास्त्र को अपने वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। राघव झुनझुनवाला और ईशान भटनागर ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान प्राप्त किया है। सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2025 पिछले वर्ष 25 मई को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए कुल 9,37,876 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,76,793 उम्मीदवार वास्तव में परीक्षा में शामिल हुए थे। मुख्य परीक्षा में कुल 14,161 उम्मीदवार सफल हुए। इनमें से 2,736 उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए चुने गए।

### बरेली की सुरभि यादव ने हासिल की 14वीं रैंक



**बरेली।** सिविल सेवा परीक्षा में बरेली की सुरभि यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 14वीं रैंक हासिल की। उनकी इस उपलब्धि से न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे बरेली जिले में खुशी की लहर है। सुरभि ने अपनी 10वीं की पढ़ाई एसआर इंटरनेशनल स्कूल से और 12वीं की शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल बरेली से पूरी की। इसके बाद वह उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली चली गईं, जहां उन्होंने लेडी श्रीराम कॉलेज से इतिहास (ऑनर्स) में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। जामिया मिलिया से परास्नातक किया। सुरभि अपनी सफलता का श्रेय पिता राकेश सिंह को देती हैं। पिता पुलिस सेवा से जुड़े हैं।

## मुंबई और हैदराबाद में अनिल अंबानी के प्रतिष्ठानों पर छापे



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उद्योगपति अनिल अंबानी के समूह की कंपनी 'रिलायंस पावर लिमिटेड' के खिलाफ धन शोधन की जांच के तहत मुंबई और हैदराबाद में कई स्थानों पर शुक्रवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कंपनी और उसके अधिकारियों से जुड़े लगभग 10-12 ठिकानों पर दोनों शहरों में छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी की करीब 15 टीम छापेमारी की कार्रवाई कर रही हैं। ईडी, कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के मामले के तहत अनिल अंबानी से जुड़ी कई कंपनियों की जांच कर रही है।

# असम में सुखोई-30 क्रैश, दो पायलट की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

- कार्बी आंगलोंग जिले में विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त




असम के कार्बी आंगलोंग जिले में सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से भारतीय वायुसेना के दो पायलट की मौत हो गई।

भारतीय वायु सेना ने रूस द्वारा निर्मित विमान के लापता होने के एक दिन बाद शुक्रवार को स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरागकर की मौत की पुष्टि की। इस लड़ाकू विमान ने गुरुवार को प्रशिक्षण उड़ान के लिए जोरहाट एयरबेस से उड़ान भरी थी और कुछ ही समय बाद यह रडार से गायब हो गया था। भारतीय वायु सेना मुख्यालय ने दुर्घटना की जांच के लिए एक जांच समिति गठित करने का आदेश दिया। भारतीय वायु सेना ने कहा कि दोनों पायलटों की मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। अधिकारियों ने बताया था कि गुरुवार शाम सात बजकर 42 मिनट पर विमान से संपर्क टूट गया था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट दुरागकर की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।

# नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को मिला एयरोड्रम लाइसेंस

नई दिल्ली, एजेंसी



- हवाई अड्डे को विमान संचालन की अनुमति मिली

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने उत्तर प्रदेश के जेवर में स्थित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए एयरोड्रोम लाइसेंस प्रदान कर दिया है, जिससे हवाई अड्डे को विमान संचालन की अनुमति मिल गई है। एयरोड्रम लाइसेंस यह प्रमाणित करता है कि हवाई अड्डा सुरक्षा, बुनियादी ढांचा और परिचालन मानकों को पूरा करता है।

यह लाइसेंस विमानों की उड़ान व लैंडिंग (वाणिज्यिक संचालन) के लिए अनिवार्य है। हवाई अड्डे का विकास उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के साथ सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। नागर विमानन मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, डीजीसीए ने जेवर में स्थित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए वाईआईएपीएल को एयरोड्रोम लाइसेंस प्रदान कर दिया है। पहले चरण में एक रनवे और एक टर्मिनल के साथ हवाई अड्डा सालाना लगभग 1.2 करोड़ यात्रियों को संभालने में सक्षम होगा। सभी चरणों के पूर्ण होने पर यह हवाई अड्डा सालाना सात करोड़ तक यात्रियों को संभाल सकता है। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि नोएडा हवाई अड्डे का विकास राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और पश्चिमी उप्र की हवाई पहुंच को मजबूत करने में महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम

लखनऊ में 50 क्यूआरटी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया रवाना

# विकास की पहली शर्त मजबूत कानून सुरक्षा : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस को मिली 50 क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) दोपहिया वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन होंडा इंडिया फाउंडेशन की ओर से पुलिस विभाग को जन-सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से उपलब्ध कराए गए हैं।

शुक्रवार को लोकभवन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि शासन, प्रशासन और उद्योग जगत मिलकर प्रदेश के विकास और सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास की पहली शर्त सुरक्षा है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने वर्ष 2017 के बाद कानून व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन कर राज्य को सुरक्षित प्रदेश के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताई गई मॉडल पुलिसिंग की अवधारणा- इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और मोबिलिटी को ध्यान में रखते हुए राज्य में पुलिस व्यवस्था को मजबूत किया गया है।

वर्ष 2017 से पहले पुलिसकर्मियों को पर्याप्त संसाधन और आवासीय सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं थीं, लेकिन अब प्रदेश के 55 जिलों में आधुनिक बैरक और बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।



लखनऊ में क्यूआरटी बाइक्स के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में झंडी दिखा पुलिसकर्मियों को रवाना करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

### वाहन बढ़ने से रिस्पांस टाइम हुआ कम

मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि वर्ष 2017 में प्रदेश में पुलिस रिस्पांस व्हीकल (पीआरवी) की संख्या करीब 9,500 थी, जो अब बढ़कर 15,500 से अधिक हो चुकी है। इसी तरह वर्ष 2017 में पुलिस विभाग के पास केवल 3,000 दोपहिया वाहन थे, जबकि आज इनकी संख्या 9,200 से ज्यादा हो गई है। इससे पुलिस का रिस्पांस टाइम कम हुआ है और आपात स्थितियों में त्वरित सहायता पहुंचाना संभव हुआ है।

### पुलिस प्रशिक्षण क्षमता अब 30 हजार

योगी ने बताया कि वर्ष 2017 में पुलिस प्रशिक्षण की क्षमता केवल तीन हजार थी, जिसे बढ़ाकर अब करीब 30 हजार तक किया गया है। वर्तमान में 60,244 पुलिस कांस्टेबलों को प्रदेश के प्रशिक्षण केंद्रों में ही प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फॉरेंसिक जांच व्यवस्था को भी मजबूत किया गया है। पहले राज्य में केवल दो फॉरेंसिक लैब थीं, जबकि अब उनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### पांच लाख रुपये समेत बैग लौटाने पर बस कर्मी हुए सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ/आजमगढ़ :** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने एक यात्री का खोया हुआ बैग सुरक्षित लौटाने पर परिवहन निगम के चालक और परिचालक की सराहना की है। उस बैग में करीब 5 लाख रुपये और अन्य जरूरी दस्तावेज थे। जानकारी के अनुसार, आजमगढ़ डिपो की बस संख्या यूपी 78 केटी 2112 (आजमगढ़–सुल्तानपुर–लखनऊ सेवा) में यात्रा के दौरान एक यात्री का बैग बस में ही छूट गया था। बस के चालक संदीप पाण्डेय (संविदा) और परिचालक रमेश चंद्र यादव (संविदा) ने बैग को सुरक्षित रख लिया। बताया गया कि जगदीशपुर से चार यात्री बस में सवार हुए थे और आलमबाग बस स्टेशन पर उतर गए थे। उतरते समय उनका एक बैग बस में ही छूट गया। बाद में जब यात्री बैग लेने पहुंचे तो चालक और परिचालक ने उन्हें सुरक्षित बैग लौटा दिया। इधर, परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु एन सिंह के निर्देश पर संबंधित चालक और परिचालक को क्षेत्रीय प्रबंधक कक्ष में बुलाकर आजमगढ़ के क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें उपहार देकर उनकी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की गई।

### गाजियाबाद में रालोद व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने प्रभात गर्ग

**अमृत विचार, लखनऊ/ गाजियाबाद :** गाजियाबाद में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के व्यापार प्रकोष्ठ की संगठनात्मक बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने वरिष्ठ उद्योगपति प्रभात गर्ग को रालोद व्यापार प्रकोष्ठ का गाजियाबाद जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। साथ ही इस मौके आलोक गोयल, देवेंद्र गर्ग, आयुष गोयल, शिवमोहन अग्रवाल सहित कई प्रमुख व्यापारियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में सदस्यता ग्रहण करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी हरीश कंसल ने अपने कई साथियों के साथ पार्टी की सदस्यता ली। नए सदस्यों ने पार्टी की विचारधारा में आस्था व्यक्त की और सदस्यता ग्रहण कर पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने और जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उन्होंने व्यापारियों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। अर्बन कमेटी उप्र. के संयोजक इन्द्रजीत सिंह टीटू ने नगर और महानगरों में पार्टी विस्तार पर चर्चा करते हुए निर्धारित समय में लक्ष्यों को पूरा करने का एजेंडा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी, विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार उपस्थित रहे। महानगर अध्यक्ष डॉ. रेखा चौधरी समेत जिले के पदाधिकारी शामिल रहे।

# आदर्श और शताब्दी बनेंगे जर्जर पशु चिकित्सालय

## राजकीय पशु चिकित्सालयों का प्राइमरी वेटरनरी हेल्थ केयर सेंटर रखा जाएगा नाम

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- शताब्दी को जिला, आदर्श को ब्लॉक स्तरीय दिया जाएगा दर्जा



**अमृत विचार :** पशुपालन विभाग प्रदेश के सभी राजकीय पशु चिकित्सालयों को हाईटेक बनाकर ''प्राइमरी वेटरनरी हेल्थ केयर सेंटर'' नाम देगा। चिकित्सालयों का एक मानक बनेगा और उसी अनुसार विस्तार करेगा। स्ट्रैक्चर में बदलाव होगा, संसाधन और सेवाएं बढ़ाई जाएंगी। 100 वर्ष पुराने जर्जर चिकित्सालयों को शताब्दी बनाकर जिला स्तरीय दर्जा दिया जाएगा। जबकि 50 वर्ष पुराने चिकित्सालयों को आदर्श बनाकर ब्लॉक स्तरीय दर्जा दिया जाएगा।

केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार, पशुपालन विभाग चिकित्सालयों में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। हाईटेक संसाधनों के साथ चिकित्सक, पशुधन प्रसार अधिकारी, फार्मासिस्ट से लेकर फील्ड स्टॉफ तक तैनात किया जाएगा। इससे कि पहले से बेहतर और त्वरित पशुओं का उपचार किया जा सके। पशुपालन विभाग ने सभी जिलों से पुराने व जर्जर चिकित्सालयों की रिपोर्ट मांगी है।

### पांच हजार यूनिट पर एक चिकित्सक

इसके अलावा पांच हजार यूनिट (पशु) पर एक चिकित्सक तैनात किया जाएगा। छोटे पशुओं में 10 भेड़ व 10 बकरी की एक यूनिट बनाई जाएगी। इसी तरह 100 मुर्गियां या पांच सूकर की एक यूनिट बनेगी। जबकि बड़े पशुओं में एक यूनिट में एक गाय या एक भैंस होगी। इन सभी का पशुपालकों के साथ पूरा ब्योरा डिजिटल करने के साथ चिकित्सालय से मैप किया जाएगा। पशुओं की गणना करके ऑनलाइन की जाएगी।

### 1962 का एकीकृत होगा कंट्रोल रूम

पशुपालन विभाग अप्रैल में नया टेंडर होने पर पारदर्शिता के लिए मोबाइल वेटरनरी यूनिट (1962 सेवा) का प्रदेश स्तरीय एकीकृत कंट्रोल रूम बनाएगा। संचालन करने के लिए अलग से कंपनी रखी जाएगी। निदेशालय स्तर से पूरी मॉनीटरिंग होगी। पुरानी व्यवस्था के तहत प्रदेश में पांच कंपनियां जोनवार मोबाइल वेटरनरी यूनिट का संचालन करती हैं। सभी कंपनियों के अलग-अलग खुद के कंट्रोल रूम हैं। कॉल करने पर त्वरित सेवा नहीं मिलती है। लापरवाही की तमाम शिकायतें आती हैं। फिर भी विभाग को मनमानी रिपोर्ट सौंपते हैं।

# मैनपुरी-इटावा में बनेगा 'सारस सर्किट'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पर्यटकों के लिए विकसित होंगी सुविधाएं, इको टूरिज्म और पक्षी संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा



**अमृत विचार :** प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस (क्रेन) के संरक्षण और इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार मैनपुरी और इटावा में 'सारस सर्किट' विकसित कर रही है। इस पहल के तहत दोनों जिलों के प्रमुख वेटलैंड क्षेत्रों को जोड़ते हुए पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण का नया मॉडल तैयार किया जाएगा।

सारस सर्किट के अंतर्गत मैनपुरी जिले के किर्थुआ, सहस, कुर्रा जरावां, सौज और समन के साथ इटावा जिले के सरसई नावर तथा परौली रामायण वेटलैंड क्षेत्र को विकसित किया जाएगा। इन स्थानों पर सारस पक्षी के प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखते हुए इको टूरिज्म की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इस परियोजना का क्रियान्वयन वन विभाग द्वारा यूपी इको टूरिज्म विकास बोर्ड के माध्यम से किया जा रहा है।

सारस सर्किट में प्रवेश द्वार, व्यू प्वाइंट, डेक, बोटिंग स्पॉट, बटरफ्लाई गार्डन और सोलर साइट लाइटिंग जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा इंटरप्रिटेशन सेंटर, सूचना केंद्र, ईको-टॉयलेट, पार्किंग, इंटरैक्टिव साइनेज, फूड कियोस्क और ओडीओपी व स्मृति चिन्ह की दुकानों की भी व्यवस्था की जाएगी। इन सुविधाओं के माध्यम से पर्यटक सारस पक्षी और उसके प्राकृतिक आवास को करीब से देख और समझ सकेंगे।

सारस पक्षी, जो दुनिया में अपनी लंबी उड़ान के लिए जाना जाता है, उत्तर प्रदेश का राजकीय पक्षी है। इसका प्रमुख आवास मैनपुरी, इटावा, एटा और अलीगढ़ के वेटलैंड क्षेत्रों में पाया जाता है। सरकार का प्रयास है कि इन प्राकृतिक आवासों को संरक्षित कर सारस के अनुकूल वातावरण बनाया जाए, जिससे उसकी संख्या और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# सहारा शहर में ईडी का छापा अहम दस्तावेज लगे हाथ

## नगर निगम की अनुमति के बाद टीम ने किया सहारा शहर में प्रवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूरे देश में चल रही जांच की कड़ी में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई



लखनऊ स्थित सहारा शहर।

**अमृत विचार:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने गोमतीनगर स्थित सहारा शहर में शुक्रवार को छापा मारा। मौके से कई अहम दस्तावेज हाथ लगे। कुछ दस्तावेजों की जांच के बाद छोड़ दिया गया। जबकि कुछ ईडी की टीम साथ लेकर गई। यह कार्रवाई देश भर में चल रही सहारा समूह की संपत्तियों से जुड़े मामलों की जांच चल रही है। इसी कड़ी में यह कार्रवाई की गई है। कार्रवाई पूर्व ईडी टीम ने नगर निगम से शहर में दाखिल होने की अनुमति मांगी थी। नगर निगम के अधिकारी भी मौके पर थे।

सूत्रों के अनुसार, ईडी सहारा समूह के खिलाफ कई मामलों की जांच कर रही है। इसी कड़ी में सहारा शहर में छापेमारी हुई। नगर निगम ने सहारा शहर पिछले वर्ष सील कर दिया था। अंदर प्रवेश करने के लिए अधिकारियों को सील खोलना जरूरी था। इस कारण नगर निगम के अधिकारियों से संपर्क किया गया। उनको मौके पर बुलाया गया। औपचारिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद सील खुलवाई गई। फिर ईडी टीम अंदर दाखिल हुई। सूत्रों के मुताबिक, सहारा समूह से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग और संपत्तियों के लेन-देन के मामलों की जांच देशभर में चल रही है। इसी कड़ी में लखनऊ स्थित सहारा शहर परिसर में भी दस्तावेजों की पड़ताल की गई। ईडी अधिकारियों ने परिसर के भीतर कई फाइलें और कागजात खंगाले। जांच टीम कुछ जरूरी दस्तावेज अपने साथ भी ले गई है, जिनकी जांच की जाएगी। छापेमारी के दौरान नगर निगम या ईडी के अधिकारियों ने कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं दिया है। सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसी ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज एकत्र किए हैं। जिनसे आगे की कार्रवाई का रास्ता तय हो सकता है। ईडी की टीम सुबह से सहारा शहर के आसपास घेराबंदी कर ली थी।

### तीन दिन पहले तीन राज्यों में हुई थी छापेमारी

**अमृत विचार :** सहारा प्राइम सिटी जमीन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तीन दिन पहले ओडिशा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में कंपनी और उसके अधिकारियों के कई ठिकानों पर छापेमारी कर इलेक्ट्रॉनिक सबूत जब्त किए थे। ईडी के कोलकाता जोनल ऑफिस ने दो फरवरी को अनंतपुर (आंध्र प्रदेश), बल्लारी (कर्नाटक), भुवनेश्वर और बेहरामपुर (ओडिशा) में सर्च ऑपरेशन किया। सर्च के दौरान व्हाट्सअप कम्युनिकेशन, कॉन्टैक्ट और कॉल रिकॉर्ड जैसे डिजिटल सबूत मिले थे। साथ ही कई आपत्तिजनक कागजातों को जांच के लिए जब्त किया गया था। सहारा समूह की अलग-अलग कंपनियों के खिलाफ 500 से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई हैं। सहारा समूह की कई जमीनों को अटैच करने के लिए आदेश जारी किए गए हैं। इनमें बेनामी जमीनें और दूसरे लोगों की संपत्तियां शामिल हैं।

# महिला दिवस पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सम्मानित

## बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा को मजबूत बनाती हैं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां : लीना जौहरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



उत्कृष्ट कार्य के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्री को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करतीं लीना जौहरी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को है। इसी परिप्रेक्ष्य में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान महिला एवं बाल विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव लीना जौहरी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया।

राजधानी के एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया। साथ ही उनके द्वारा स्थानीय स्तर पर बच्चों के लिए तैयार किए गए लर्निंग मटेरियल का एक स्टॉल भी लगाया गया, जिसे कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने सराहा। कार्यक्रम का आयोजन स्वयंसेवी संस्था सेसमी वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट ने मैरिको लिमिटेड के सहयोग से किया। यह पहल निहार शांति पाठशाला फनवाला (मैरिको सीएसआर पहल) के अंतर्गत समर्थित है।

मुख्य अतिथि लीना जौहरी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं। सेसमी वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट की सोनाली खान ने बताया कि बहराइच में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ 100 आंगनबाड़ी केंद्रों में छोटे बच्चों के लिए फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें बहराइच की 30 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री-स्कूल शिक्षा को बढ़ावा देने, अभिभावकों की सहभागिता बढ़ाने और बच्चों के समग्र विकास में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# कृषि योजनाओं के लिए 43.51 करोड़ मंजूर, मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

- किसानों को ऊर्जा और डिजिटल सेवाओं का मिलेगा लाभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने और किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 43 करोड़ 51 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। विभिन्न योजनाओं के लिए स्वीकृति बजट से प्रदेश में उन्नत कृषि तकनीक, डिजिटल सेवाओं और ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी।

योजनाओं में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान (पीएम-कुसुम) योजना के तहत सब्सिडी के लिए सबसे अधिक 2897 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं।

इसके अलावा कृषोन्नति योजना के तहत यूपी-179 नेशनल ई-गवर्नेंस प्लान एग्रीकल्चर के अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए 1082 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। फसलों से जुड़ा डेटा अधिक सटीक और पारदर्शी तरीके से तैयार किया जाएगा। सरकार ने बीज गुणवत्ता नियंत्रण सुदृढ़ीकरण योजना के लिए 231 लाख रुपये जारी किए हैं। वहीं पीएम-कुसुम योजना के अन्य कार्यों के लिए 57.50 लाख रुपये तथा इंटीग्रेटेड स्कीम ऑन एग्रीकल्चर सेंसस, इकोनॉमिक्स एंड स्टैटिस्टिक्स के तहत वेतन भुगतान के लिए 40 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है।

इसके साथ ही आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज (अयोध्या) में टिश्यू कल्चर लैब की स्थापना के लिए 37 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। वहीं नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल (ऑयलसीड) योजना के अंतर्गत 6.50 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही का कहना है कि सरकार का यह निर्णय कृषि क्षेत्र में तकनीकी विकास को बढ़ावा देगा और किसानों की आय बढ़ाने में सहायक साबित होगा। इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की कृषि व्यवस्था को अधिक आधुनिक, पारदर्शी और मजबूत बनाया जा रहा है।

# प्रदेश के हर ब्लॉक में बनेंगे ग्रामीण स्टेडियम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मल्टीपरपज हॉल और एथलेटिक्स ट्रैक से लैस होंगे सभी विकास खंडों के स्टेडियम

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए बड़ा कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के सभी विकास खंडों में ग्रामीण स्टेडियमों के निर्माण की योजना पर तेजी से काम चल रहा है। इन स्टेडियमों के बनने से गांवों के युवाओं को अपने ही क्षेत्र में आधुनिक खेल सुविधाएं और प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा।

सरकार की योजना के तहत हर विकास खंड में एक ग्रामीण स्टेडियम और ओपन जिम स्थापित किया जा रहा है। इन स्टेडियमों में मल्टीपरपज हॉल, कम से कम 200 मीटर का एथलेटिक्स ट्रैक और विभिन्न आउटडोर खेलों के लिए मैदान विकसित किए जा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश के अलग-अलग जिलों में करीब 30 परियोजनाओं पर निर्माण कार्य जारी है।

प्रदेश सरकार का उद्देश्य गांवों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और ग्रामीण प्रतिभाओं को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर देना है। माना जा रहा है कि इससे उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच मिलेगा, जिन्हें संसाधनों की कमी के कारण आगे बढ़ने का मौका नहीं मिल पाता था।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उत्तर प्रदेश खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक जल्द आयोजित कर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की योजना तैयार की जाए। निर्माणाधीन ग्रामीण स्टेडियमों का काम निर्धारित मानकों और गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा। साथ ही प्रत्येक स्टेडियम में आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से खेल प्रशिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी।

### स्पोर्ट्स कॉलेज बनेंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

खेल प्रतिभाओं को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण देने के लिए प्रदेश के स्पोर्ट्स कॉलेजों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने की योजना भी तैयार की जा रही है। इसके लिए प्रस्ताव जल्द ही खेल विभाग को भेजे जाएंगे। साथ ही स्पोर्ट्स कॉलेजों को स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी से संबद्ध करने की भी तैयारी है, ताकि खिलाड़ियों को व्यवस्थित ढांचे में उन्नत प्रशिक्षण और आधुनिक सुविधाएं मिल सकें।

### ग्रामीण युवाओं को मिलेंगे अवसर

ग्रामीण स्टेडियम बनने से गांवों के युवाओं को नियमित अभ्यास, स्थानीय प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण की सुविधा मिलेगी। इससे वे जिला और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। साथ ही खेल गतिविधियों के विस्तार से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।



लखनऊ स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान फूलों की होली खेलते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य।

### प्रदेश में भाईचारे और सद्भाव का वातावरण बनाएं : अजय राय

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि होली का पर्व हमारे देश की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। हमें इस पर्व को मिल-जुलकर मनाते हुए समाज में प्रेम और भाईचारे को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष शुक्रवार को माल एवेन्यू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता के बीच जाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारधारा को मजबूत करें तथा प्रदेश में भाईचारे और सद्भाव का वातावरण बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं।

**बढ़ते कदम** — प्रदेश में स्किलिंग और स्टार्टअप से बढ़ रही इनोवेशन की रफ्तार

# 10 लाख युवाओं को एआई ट्रेनिंग देने का लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 400 से अधिक एसटीपीआई यूनिट्स और 100 इन्क्यूबेटर विकसित करने का लक्ष्य



**अमृत विचार :** उप्र. में स्टार्टअप और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित स्किलिंग को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार लगातार नए कदम उठा रही है। सरकार का लक्ष्य एआई और डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में करीब 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराना है। स्टार्टअप नीति और एआई प्रज्ञा प्रोग्राम के जरिए प्रदेश में नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में काम तेज हुआ है।

स्टार्टअप नीति, एआई स्किलिंग और तकनीकी निवेश के संयुक्त प्रयासों से कानपुर, लखनऊ, नोएडा और वाराणसी जैसे शहरों में स्टार्टअप गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। इससे एमएसएमई सेक्टर को नई दिशा मिल रही है और युवा उद्यमिता को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने के लिए प्रदेश के 49 आईटीआई संस्थानों में एआई लैब स्थापित की जा रही हैं। इन प्रयोगशालाओं में छात्रों को एआई, डेटा एनालिटिक्स और उन्नत डिजिटल तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार हो सकें। आईटी और तकनीकी क्षेत्र में बढ़ते निवेश का असर निर्यात पर भी दिख रहा है। प्रदेश से आईटी-आईटीईएस सेक्टर का निर्यात बढ़कर 44 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

प्रदेश में टेक्नोलॉजी आधारित स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) की करीब 400 यूनिट्स सक्रिय हैं। इसके साथ ही राज्य में 100 से अधिक स्टार्टअप इन्क्यूबेटर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इन इन्क्यूबेटरों के जरिए युवाओं को अपने नवाचार और तकनीकी विचारों को व्यवसाय में बदलने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी वैश्विक कंपनियों के साथ साझेदारी के माध्यम से युवाओं को आधुनिक डिजिटल स्किल्स और एआई तकनीक की ट्रेनिंग भी दी जा रही है।

### मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में 65 प्रतिशत हिस्सेदारी

इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में करीब 65 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ प्रदेश एक बड़े विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर रहा है। इससे स्टार्टअप और एमएसएमई सेक्टर को भी नई ऊर्जा मिल रही है। मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण से जुड़ी सप्लाई चेन में छोटे और मध्यम उद्योगों को नए अवसर मिल रहे हैं, जिससे रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था दोनों को मजबूती मिल रही है।

# गो संरक्षण मिशन में 2100 करोड़ रुपये खर्च करेगी प्रदेश सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ग्रामीण महिलाएं और एफपीओ भी बनेंगे मिशन के भागीदार

**अमृत विचार :** प्रदेश में गो संरक्षण को ग्रामीण समृद्धि से जोड़ने की दिशा में योगी सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। अब इस मिशन में ग्रामीण महिलाओं के स्वयं सहायता समूह और किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) भी सीधे तौर पर शामिल किए जाएंगे। सरकार का उद्देश्य गो संरक्षण को जन आंदोलन बनाने के साथ-साथ इसे गांवों में रोजगार और आय का नया माध्यम बनाना है।

उप्र. गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गोवंश संरक्षण के लिए अब तक का सबसे बड़ा बजट स्वीकृत किया गया है। सरकार ने इस उद्देश्य के लिए कुल 2100 करोड़ रुपये खर्च करने का फैसला किया है। इसमें से 2000 करोड़ रुपये गो संरक्षण की विभिन्न योजनाओं पर खर्च किए जाएंगे, जबकि 100 करोड़ रुपये वृहद गो संरक्षण केंद्रों की स्थापना के लिए अलग से रखे गए हैं।

सरकार का मानना है कि गो संरक्षण केवल सांस्कृतिक या धार्मिक परंपरा का विषय नहीं है, बल्कि गोवंश आधारित प्राकृतिक खेती, जैविक खाद, गोमूत्र से बने कीट नियंत्रक और गोबर से तैयार होने वाले उत्पादों को बढ़ावा देने की योजना है, ताकि गो आश्रय केंद्र आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि आगे चलकर हर जिले में चयनित महिला समूहों को प्रशिक्षण देकर गोवंश की देखभाल, पोषण और उससे जुड़े उत्पादों के प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इससे गांवों में आय के नए स्रोत विकसित होंगे और महिलाओं को भी आर्थिक रूप से सशक्त होने का अवसर मिलेगा।

**न्यूज ब्रीफ**

### एनडीपीएस के दस साल पुराने मामले में दो माह की सजा

**कानपुर देहात।** दस वर्ष पहले अवैध चरस के साथ पकड़े गए युवक को कोर्ट ने दो माह के कठोर कारावास और दस हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है। 10 जनवरी 2016 को गजनेर पुलिस ने रज्जन पुत्र स्व0 लल्लू निवासी ग्राम नंगापुर हाल पता ग्राम निबियाखेड़ा थाना सजेती जनपद कानपुर नगर को पकड़ा था। उसके कब्जे से अवैध चरस बरामद हुई थी। इस संबन्ध में थाना गजनेर धारा 18/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा लिखा गया था। आरोपी के खिलाफ एक अप्रैल 2016 को चार्ज शीट कोर्ट भेज दी गई। एनडीपीएस न्यायालय में पेश किए गए साक्ष्यों व गवाहों के बयानों के आधार पर रज्जन दोषी ठहराया गया। कोर्ट ने कहा कि अर्थदंड अदा नहीं करने की स्थिति में रज्जन एक माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

### आज शुरू होगी ग्राम पंचायतों में 91 पदों की भर्ती प्रक्रिया

**कानपुर देहात।** पंचायती राज विभाग द्वारा जनपद की ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक/एकाउंटेंट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर के रिक्त पदों पर चयन किया जाएगा। जिला पंचायत राज अधिकारी विकास पटेल ने बताया कि जनपद में कुल 91 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया होगी। इसके लिए कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। 7 से 10 मार्च तक ग्राम पंचायतों द्वारा आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। इसके बाद 11 25 मार्च तक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र ग्राम पंचायत, विकास खंड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकेंगे। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर उनकी सूची संबंधित ग्राम पंचायतों को 26 मार्च से एक अप्रैल तक उपलब्ध कराई जाएगी। इसके उपरांत ग्राम पंचायत द्वारा मेरिट सूची तैयार कर दो अप्रैल से आठ अप्रैल के मध्य ग्राम पंचायत की खुली बैठक में अनुमोदन किया जाएगा। इसके बाद जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा नौ से 15 अप्रैल तक अभिलेखों का परीक्षण एवं संस्तुति की जाएगी। अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को 16 से 18 अप्रैल के मध्य ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे।

### शार्ट सर्किट से पिसाई-कुटाई कारखाने में लगी आग

**रसूलाबाद।** शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव सिसाही रामपुर स्थित एक पिसाई, कुटाई कारखाने में विद्युत शार्ट सर्किट से आग लग गई ।थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि उन्हें यूपी 112 डायल पर सिसाही रामपुर निवासी सुमित कुमार पुत्र रामविलास के कारखाने स्थित फूस के बंगले में आग लगने की सूचना मिली। सूचना पाकर वे पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे और दमकल कर्मियों को इसकी सूचना दी गई। सूचना पाकर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई है लेकिन कारखाने में रखा सुमित का 20 बोरी धान ,50 बोरी आलू व पांच बोरी गेहूं सहित अन्य घरेलू सामान जल गया है।

### पुलिस के हाथ लगा हिस्ट्रीशीटर बदमाश

**कानपुर देहात।** थाना सट्टी पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके पास अवैध तमंचा और कारतूस मिला हैं। पुलिस के मुताबिक बदमाश पर तकरीबन डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। चेकिंग के दौरान गांव अफसरिया की मडैया के पास तिराहे पर उसकी गिरफ्तारी हुई। पकड़े गए बदमाश का नाम चांद बाबू उर्फ मोहम्मद पुत्र हारुन कसाई निवासी ग्राम सट्टी बताया गया है। उसकी तलाशी से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।

### 11 को महिला आयोग की सदस्य करेंगी मामलों की सुनवाई

**कानपुर देहात।** जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव ने बताया कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक व आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से 11 मार्च को प्रातः 11 बजे से सर्किट हाउस, माती में महिला संबन्धी मामलों की सुनवाई होगी। इसमें राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल रहेंगी।

# महाकालेश्वर मंदिर में हुआ शिव-उमा परिणय समारोह

संवाददाता, शिवली



रामलीला में हुई परशुराम-लक्ष्मण संवाद की लीला। अमृत विचार

- परशुराम लक्ष्मण के बीच हुए तीखे संवाद, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध
- शिवली स्थित महा कालेश्वर मंदिर में बीती रात धनुष यज्ञ

**अमृत विचारः** कस्बा शिवली स्थित महा कालेश्वर मंदिर में बीती रात धनुष यज्ञ के कार्यक्रम के दौरान परशुराम लक्ष्मण के बीच हुए तीखे संवादों को सुन दर्शक एक ओर जहां रोमांचित हो उठे।

नगर पंचायत शिवली के आजाद नगर मोहल्ला स्थित महाकालेश्वर मंदिर से प्रतिवर्ष होली के पावन पर्व पर दूज के दिन शिव उमा परिणय समारोह का आयोजन कर शिव बारात निकाली जाती है। साथ ही रात में राम सीता परिणय समारोह का आयोजन कर धनुष यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। विगत वर्षों की भांति इस बार भी कालेश्वर मंदिर का 49 वां वार्षिकोत्सव विकल्प तिवारी की अध्यक्षता में धूमधाम के साथ मनाया गया। गुरुवार की रात आयोजित किए गए धनुष यज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ चौबेपुर के ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला ने भगवान श्री राम की पावन आरती कर किया। धनुष यज्ञ कार्यक्रम के मंचन में विदेह राज जनक की प्रतिज्ञा के अनुसार रंगभूमि में रखें गए भगवान शिव के धनुष अजगव की प्रत्यंचा चढ़ाने की सभी राजाओं ने भरसक कोशिश की लेकिन उपस्थित राजाओं ने प्रत्यंचा चढ़ा ना तो दूर वह धनुष को हिला तक न सके।

इतने में मुनि विश्वामित्र ने शुभ समय जानकर भगवान राम को धनुष तोड़ने का आदेश दिया। रामद्वारा धनुष तोड़ते ही सीता जी उनके गले में वरमाला डाल देती हैं। इधर धनुष टूटने की गर्जना सुन महर्षि परशुराम जनकपुरी आते हैं और अजगव का खंडन देख वह क्रोध में कहुँ जड़ जनक धनुष केहि तोरा कहते हुए धनुष तोड़ने वाले को समाज से अलग होने व समाज को उससे प्रथक होने की चेतावनी दी। इसके बाद परशुराम लक्ष्मण के बीच विद्वतापूर्ण संवाद होता है। भृगुपति कहहिं कुठार उठाये,मन मुसुकाहीं राम सिर नाये की चौपाई पर क्रोधित परशुराम जी द्वारा विप्र निंदा की बात कहने पर भगवान अस सुभट को जेहिं भयवश नावहीं माथ कहने से परशुराम जी अचंभित हो जाते है। और वह श्रीराम को भगवान विष्णु का दिया हुआ धनुष प्रदान करते है। इस पर ब्रह्म को पहचान परशुराम भगवान की स्तुति करते हुए महेंद्रा चल की ओर प्रस्थान कर चले जाते है।

### कलश यात्रा के साथ नैनपुर गांव में कथा का शुभारंभ

**रसूलाबाद।** रसूलाबाद क्षेत्र के नैनपुर ग्राम में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी होली के पावन पर्व के बाद श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा और पूजन अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर श्रीमद् भागवत कथावाचन सोनू शास्त्री ने पूजन अर्चन करवाया।कथा की कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह पूर्व भाग लिया। वर्तमान में कथा का आयोजन बाबा भोलेनाथ के मंदिर परिसर में शुरू हुआ है। यह वार्षिक आयोजन प्रतिवर्ष होली के एक दिन बाद प्रारंभ होता है। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्तों ने कथा पंडाल में भजन कीर्तन हिफाज़त करते हुए मन में आने वाली बुराइयों से दूर रहना है। लोधेश्वर धाम के भक्तों द्वारा की गई थी। जो बाबा भोलेनाथ को समर्पित है। यह परंपरा आज भी पूर्ववत होली के बाद एक निश्चित तिथि पर निरंतर चली आ रही है। कथा में कुलदीप यादव, सनोज यादव, मंजू दिवाकर, छोटे पंडित, अनिरुद्ध दिवाकर, दिनेश यादव, सुनील यादव, बृजेश यादव, अनिरुद्ध यादव और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की गई जान

**मंगलपुर।** मंगलपुर थाना क्षेत्र के झींझक चौकी अंतर्गत खम्हैला गांव के पास शुक्रवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना झींझक रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर पर सुबह करीब 6.15 बजे हुई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान खम्हैला गांव निवासी किशुन नारायण के 46 वर्षीय पुत्र महेश के रूप में हुई है। ट्रेन के लोको पायलट ने तत्काल घटना की सूचना झींझक स्टेशन मास्टर को दी। सूचना मिलते ही झींझक चौकी प्रभारी उमेश शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त की। मृतक के परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा

## गाली गलौज का विरोध करने पर निनायां गांव में हुई थी बुजुर्ग की हत्या

संवाददाता, रनियां



घटना के बाद गमगीन बैठे मृतक चंद्र पाल के परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचारः** गजनेर थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर निनायां गांव में होली पर गाली-गलौज से मना करने पर एक बुजुर्ग की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। घटना के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तथा गैर इरादतन हत्या की जगह हत्या की धारा जोड़ने को लेकर परिजनों ने शुक्रवार को हंगामा किया।

गजनेर थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर निनाया गांव निवासी चंद्रपाल 75 वर्ष की गांव के लोगों ने लाठी-डंडों और सरिया से पीटकर हत्या कर दी थी। गुरुवार को मृतक के पुत्र की तहरीर पर गांव के ही तीन नामजद संतोष , कल्लू व विजय तथा दो अज्ञात लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। गुरुवार की शाम को पीएम के बाद परिजन शव लेकर गांव पहुंचे थे, लेकिन अंतिम संस्कार के लिए नहीं ले गए थे। परिजनों ने पुलिस को बताया था कि कुछ रिश्तेदार बाहर से आने हैं। इधर, शुक्रवार की सुबह मृतक के बेटों, बेटियों, बहू तथा अन्य रिश्तेदारों ने गजनेर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए घटना के अभियुक्तों की गिरफ्तारी होने तक शव नहीं उठने दिया।

- हत्या की धारा नहीं जोड़ने पर किया अंतिम संस्कार से इंकार

परिजनों ने बताया कि जब पीट-पीटकर हत्या की गई है तो गैर इरादतन हत्या की धारा की जगह हत्या की धारा लगानी चाहिए। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष गजनेर शिवप्रताप सिंह ने काफी समझाया लेकिन वह मानने को तैयार नहीं हो रहे थे। दोपहर बाद ग्राम प्रधान संतोष ने परिजनों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया, इसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए।

### दिव्यांग युवक ने लगाई फांसी, थमीं सांसें

**रनियां।** गजनेर थाना क्षेत्र के खनपना गांव में बीती रात एक दिव्यांग ने घर के अंदर पंखे के कुंडे से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की, वहीं फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है।

खनपना गांव निवासी विजय नारायण 30 वर्ष दिव्यांग व अविवाहित था। वह ई रिक्शा चलाकर अपना गुजारा करता था। उसे दिव्यांग होने की वजह से आवास मिला था जो उसने पुराने घर से कुछ ही दूरी पर बनाया हुआ था। वह बड़े भाई श्रीनारायण के साथ पुराने घर में रहता था वहां से खाना खाकर रात में नए घर में सोने जाता था। गुरुवार की रात दस बजे वह पुराने घर से खाना खाकर नए घर में सोने चला गया। शुक्रवार की सुबह छह बजे के करीब बड़े भाई श्रीनारायण जब घर पहुंचे तो विजय नारायण को फांसी पर झूलता देख उनकी चीख निकल गई। सूचना मिलते ही पामां चौकी इंचार्ज शोभित कटियार मौके पर पहुंचे। सूचना पर फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य संकलित किए।

# कार्यकारी समिति की बैठक में बनी रोजगार मेले की रणनीति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात




कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने लिया तैयारियों का जायजा। अमृत विचार

**अमृत विचारः** शुक्रवार को रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यकारी समिति की बैठक हुई। इसमें वृहद रोजगार मेले की तैयारियों पर चर्चा की गई। डीएम कपिल सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जनपद में प्रस्तावित वृहद रोजगार मेले के सफल आयोजन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि रोजगार मेले का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा निजी एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों से समन्वय स्थापित कर युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार दिलाना है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि रोजगार मेले में अधिक से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों एवं औद्योगिक इकाइयों को आमंत्रित किया जाए, जिससे जनपद के युवाओं को व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले के आयोजन से पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक अभ्यर्थी इसमें प्रतिभाग कर सकें।

बैठक में कौशल विकास, सेवायोजन, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), जिला उद्योग केंद्र सहित अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए रोजगार मेले के आयोजन की कार्ययोजना को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अभ्यर्थियों का पंजीकरण, कंपनियों से समन्वय, स्थल व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक तैयारियों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के लिए भी निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए रोजगार मेले का प्रभावी एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जाए, जिससे युवाओं को सीधे कंपनियों के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिल सके। बैठक में उपयुक्त एनआरएलएम गंगाराम, डीसी मनरेगा अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी प्रिया सिंह समेत कई अधिकारी रहे।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत, ममेरा भाई घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचारः मूसानगर थाना क्षेत्र के मुगल रोड पर चपरघटा पुल के पास गुरुवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में उसका ममेरा भाई भी गंभीर रूप से घायल हुआ है।

मूसानगर थाना क्षेत्र के लवरसी गांव निवासी 26 वर्षीय कल्याण सिंह उर्फ कल्लू अपने ममेरे भाई राघवेंद्र सिंह 24 वर्ष के बाद बाइक से घाटमपुर थाना क्षेत्र के तहरापुर गांव से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान चपरघटा पुल के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर घायलों को तत्काल पुखरायां सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां मौजूद चिकित्सक ने परीक्षण उपरांत कल्याण सिंह उर्फ कल्लू को मृत घोषित कर दिया। राघवेंद्र सिंह की हालत नाजुक देख प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कल्याण सिंह की मौत से पिता शिव प्रसाद समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। थाना प्रभारी रीना गौतम ने बताया कि घायल को अस्पताल भेजा गया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे में शामिल अज्ञात वाहन व उसके चालक की तलाश कराई जा रही है।

# पति से विवाद के चलते नव विवाहिता ने फांसी लगा दी जान

संवाददाता शिवली



राधा की फाइल फोटो

**अमृत विचारः** पति-पत्नी के आपसी विवाद के चलते शुक्रवार की शाम एक नव विवाहिता ने मकान के नीचे तल घर में छत के कुंड से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। शव देख परिजनों के बीच चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुला साक्ष्य जुटाए और आवश्यक कार्रवाई कर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के गहरा शिवराजपुर मार्ग पर आरपीएस सिटी के पास माया पत्नी स्व मुन्ना लाल अपने परिवार के साथ रहती है। बीते साल 5 दिसंबर को उसने अपने छोटे पुत्र सुधीर उर्फ गोलू की शादी थाना चौबेपुर के सरदारपुर गांव निवासी गोद लिए राम गोपाल कुशवाहा की बेटी राधा कुशवाहा के साथ की थी। बताया जा रहा है कि विवाह के एक माह के बाद से पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर अक्सर विवाद रहने लगा। सुधीर ने बताया कि कहा सुनी की सूचना पर शुक्रवार को राधा के मायके पक्ष से भाई श्यामू कुशवाहा और पिता राम गोपाल घर पहुंचे और मुझे व बेटी को समझाबुझा कर चले गए। इधर रोज की भांति पति सुधीर औनहां में अपनी पान मसाला की गुमटी पर दुकान हेतु चला गया। बड़ा भाई राजेश खेतों पर खडी गेहूं की फसल में पानी लगाने चला गया। बड़े बेटे को खाना लेकर उसकी मां माया खेतों पर चली गई। उधर बड़े पुत्र की बहू प्रियंका ऊपर मंजिल की छत पर लेटी थी। तभी मौका पाकर राधा नीचे तल पर पहुंची और छत के कुंडें में दुपट्टे के सहारे फांसी का फंदा बनाकर अपनी जान दे दी। जब मृतका की सास माया और जेठ राजेश घर लौटे तो नीचे तल घर में वह फांसी के फंदे पर झूल रही थी। यह देख परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

सूचना पर पहुंचे औनहां चौकी प्रभारी नरसिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और फील्ड यूनिट टीम को बुला साक्ष्य जुटाए और आवश्यक कार्रवाई कर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि नव विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी है।

### भाई से झगड़े ,मां की डांट के बाद किशोरी ने लगा ली फांसी

**कानपुर देहात।** जनपद के रूरा क्षेत्र में भाई के कहा सुनी के बाद किशोरी ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद मृतका के परिवारी जनों में शोक की लहर है। भाई दूज के दिन हुई घटना से महिलाओं का रोकर बुरा हाल हो गया ।रूरा कस्बे के अंबेडकर नगर मोहल्ले में कमलेश कुमार परिवार के साथ रहते हैं। उनकी बेटी अनन्या 13वर्ष कक्षा 8 वीं में पढ़ती थी। कमलेश का छोटा बेटा अनूप भी पढ़ाई कर रहा है। बताया गया कि गुरुवार को अनूप मोहल्ले के अन्य बच्चों के साथ रंग खेल रहा था। वह बार बार घर में आता और फिर चला जाता था। घर में बार बार गंदगी होने से नाराज अनन्या ने अनूप को ऐसा करने से मना किया। इस बात पर दोनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। कुछ ही देर में हाथापाई शुरू हो गई। अनूप ने डंडे से अनन्या पर हमला कर दिया जिससे उसे गंभीर चोट आई। गुस्से में आकर अनन्या ने भी भाई को दो थप्पड़ मार दिए। विवाद बढ़ता देख मां शिवकुमारी ने आकर बीच बचाव कर दिया। इसके बाद मां ने अनन्या को डांट लगा दी। इस बात से अनन्या नाराज हो गई। कुछ देर बाद मां फिर से अपने काम में लग गई। शाम करीब 6 बजे अनन्या ने कमरा बंद कर दुपट्टे का फंदा लगाकर फांसी लगा ली। कमरा बंद देख मां ने दरवाजा खटखटाया परंतु अंदर से कोई आवाज नहीं आई। उन्होंने शोर मचाया। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। उन्होंने दरवाजा तोड़ कर देखा तो अनन्या का शव फंदे से लटका हुआ था ।परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

**बजी दुंदुभी** 11 और 12 मार्च को अलग-अलग पदों के लिए भरे जा सकेंगे पर्चे

# 25 को होगा जिला बार एसोसिएशन का चुनाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



निर्वाचन कार्यक्रम को अंतिम रूप देते चेयरमैन संपत लाल यादव व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचारः** माती कचहरी में जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात के निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। शुक्रवार को निर्वाचन समिति ने बताया कि अलग-अलग पदो के लिए 25 मार्च को मतदान कराया जाएगा। वोटिंग की समय अवधि समाप्त होने के बाद 25 को ही परिणामों की भी घोषणा कर दी जाएगी।

चुनाव समिति के चेयरमैन संपत लाल यादव ने बताया कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा प्रेषित पत्र दिनांकित 27 फरवरी के द्वारा चुनाव समिति को निर्देश जारी किए गए है कि जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात का चुनाव मॉडल बायलॉज के नियमों उपनियमों के तहत हो। वन बार वन वोट के सिद्धांत का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए चुनाव निर्धारित समयावधि में कराया जाएगा। बताया कि चुनाव समिति की बैठक में चुनाव कार्यक्रम में तय किया गया है कि 9 मार्च को प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक फार्म वितरण होगा। इसके बाद 11 एवं 12 मार्च को प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक नामांकन कराए जा सकेंगें। 13 मार्च को 3 बजे तक नामांकन वापसी होगी। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद 13 मार्च को ही नामांकन पर्चों की जांच का काम होगा। इसके बाद 25 मार्च को प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक मतदान कराया जाएगा। 25 को ही मतगणना होगी। बैठक में चेयरमैन संपत लाल यादव के अलावा रमेश चन्द्र सिंह गौर, हिमांशू गुप्ता रहे।

### 25 साल की प्रैक्टिस वाले अधिवक्ता ही बन सकेंगे अध्यक्ष

- निर्वाचन मॉडल बाइलाज के अनुरूप होगा। अध्यक्ष पद के वही उम्मीदवार पर्चा भर सकेंगे जिनकी प्रैक्टिस 25 वर्ष की हो चुकी हो। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए 20 वर्ष और महामंत्री पद के लिए 15 वर्ष की वकालत होनी अनिवार्य है। इसके अलावा कनिष्ठ उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद के लिए 10-10 वर्ष तथा मंत्री पद के लिए सात वर्ष की प्रैक्टिस अनिवार्य की गई है। बाकी पदों, संयुक्त मंत्री प्रशासन, प्रकाशन और पुस्तकालय के लिए पांच-पांच वर्ष की प्रैक्टिस जरूरी है। वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के छह पद हैं इसके लिए 15 वर्ष और कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए पांच वर्ष से अधिक की प्रैक्टिस जरूरी है।

# रमजान के महीने में दान देना नेकी और शवाब का कामः शहर काजी

संवाददाता, रसूलाबाद



कस्बे की जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करते रोजेदार।

**अमृत विचारः** रमजान का महीना लोगों को सब्र, इंसानियत और नेकी की राह पर चलने की सीख देता है। यह आत्म-शुद्धि और आध्यात्मिक विकास का समय है। हक़ हक़दार तक पहुंचे तब ही ज़कात अदा होगी। रमज़ान में दान करना बेहद शवाब का काम होता है।

यह बात नगर काजी अब्दुल रऊफ बकाई ने कस्बे की जामा मस्जिद में रमजान महीने के तीसरे जुमा की नमाज अदा कराने के पूर्व बताई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में रमजान का दूसरा अशरा चल रहा है, जिसे मगफिरत यानी माफी का अशरा माना जाता है। इस अशरे में रोज़ेदार अधिक से अधिक इबादत कर अपने गुनाहों से तौबा करते हैं। फ़ितरा व ज़कात पर गरीब,यतीमों व जरूरतमंदों का हक़ है। फितरा 2 किलो 45 ग्राम गेहूं प्रति व्यक्ति के हिसाब से दिया जाना चाहिए।

यदि कोई गेहूं नहीं दे सकता तो उसके एवज़ में प्रति व्यक्ति के हिसाब से रकम अदा कर सकता है। जिंदगी चंद रोज़ा है। फितरा देने में कोताही न करें। मान्यता है कि इस अवधि में यदि कोई व्यक्ति सच्चे दिल से अपने गुनाहों की माफी मांगता है, तो अल्लाह उसे जल्द माफ कर देता है। रोज़े का असल मकसद इंसान का अपने गुनाहों से तौबा करना और अच्छे रास्ते पर चलना है। इस दौरान पूरी पाबंदी के साथ रमजान के तीसरे जुमे को रसूलाबाद कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र की जामा मस्जिदों में शांतिपूर्ण ढंग से जुमे की नमाज अदा की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### आज बंद रहेगी विद्युत उपकेंद्र गुगरापुर से सप्लाई

**कन्नौज।** मरम्मत कर किए जाने के लिये 33000 केवीए लाइन में मरम्मत किये जाने से गुगरापुर उपकेंद्र से बिजली की सप्लाई बंद रहेगी। यह जानकारी गुगरापुर उपकेंद्र के जेई सुनील कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि इससे शनिवार 07 मार्च को सुबह 11:00 से लेकर शाम 4:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। गुगरापुर उप केंद्र से जुड़े सियासर, कुसुमखोर फीडर के लगभग 120 गांव व मजरे प्रभावित होंगे।

### खेत जा रहे किशोर को दबंगों ने पीटा

**कन्नौज।** खेत जा रहे किशोर को शराब के नशे में दबंगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना के बाद पहुंचे परिजन घायल को थाने लेकर आए पिता ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव नगला बख्श निवासी राम खिलावन पुत्र स्व. राजाराम ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 4 मार्च की दोपहर लगभग 2:30 बजे उसका पुत्र रजनीश (17) अपने खेतों की तरफ जा रहा था। उसी समय रास्ते में गांव के ही अमन, शिवम, चमन पुत्रगण होरीलाल शराब के नशे में गाली देने लगे। जब पुत्र ने गाली देने से मना किया तो उक्त लोग लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। शोरगुल सुन कर गांव के लोगों ने ललकारा तो उक्त आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायल को डॉक्टरी परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया ।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल

**कन्नौज।** थाना क्षेत्र के भावलपुर निवासी अशोक कुमार अपनी पत्नी मीना के साथ गुरुवार को दोपहर 1 बजे अपनी बाइक से रिश्तेदारी से लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक सौरिख-बिधूना मार्ग पर सर्वा मोड़ के पास पहुंची तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस बुलवाकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। यहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में दोनों घायलों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां पर दोनों को इलाज जारी है।

# युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

## पत्नी से विवाद के बाद घटना को अंजाम देने की बात आई सामने, खेती किसानी करता था युवक

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर में ककवन रोड रेलवे क्रासिंग के पास शुक्रवार शाम एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक ने अचानक ट्रैक पर दौड़ लगाकर ट्रेन के सामने छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी मिलते ही परिजन भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गये।

दूलमऊ गांव निवासी 34 वर्षीय जितेंद्र उर्फ मझिले पुत्र छुन्नू सिंह खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। शुक्रवार शाम वह बिल्हौर रेलवे स्टेशन के पूर्व दिशा में ककवन रोड क्रासिंग से पहले लक्ष्मी गेस्ट हाउस के सामने मौजूद थे। तभी कानपुर से फर्रुखाबाद की ओर जा रही पैसेंजर ट्रेन वहां से गुजर रही थी।



घटनास्थल पर रोती बिलखती युवक की पत्नी। अमृत विचार

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रेलवे ट्रैक से कुछ दूरी पर युवक और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो रही थी। इसी बीच ट्रेन आते देख युवक अचानक ट्रैक की ओर दौड़ा और ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। चालक ने उसे देख कर इमरजेंसी ब्रेक लगाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह ट्रेन की चपेट में आ चुका था। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक और अन्य रेलवे कर्मचारी शव को ट्रैक से हटवाने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच मृतक की पत्नी मौके पर पहुंच गई और पति का शव देखकर बिलखने लगी। वह काफी देर तक शव को ट्रैक से हटाने नहीं दे रही थी, जिसके कारण ट्रेन करीब आधे घंटे तक वहीं खड़ी रही। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस भी पहुंच गई और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। बाद में अन्य परिजनों के आने पर शव को ट्रैक से हटाया गया, जिसके बाद ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया। शव को देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में पत्नी और चार वर्ष की एक बेटी है।

### ट्रक की टक्कर से युवक घायल

**चौबेपुर।** क्षेत्र के अमिलिहा गांव के निकट हाईवे पर शुक्रवार शाम विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने मार्ग किनारे खड़े युवक को टक्कर मार दी। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना करने वाले ट्रक को कब्जे में लिया है। जगुआ पुरवा गांव निवासी आशीष वर्मा शुक्रवार शाम अमिलिहा गांव के समीप कालरा ब्रिक फील्ड के सामने खड़ा था। तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने गाड़ी मोड़ने के दौरान युवक को टक्कर मार दी। घटना देख ट्रक चालक गाड़ी छोड़ कर मौके से भाग निकला। मार्ग किनारे युवक को गम्भीर रूप से घायल पड़ा देख आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी युवक के घर वालों को दी। जिस पर परिजनों ने घायल को उपचार के लिए मंधना स्थित एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना करने वाले ट्रक को कब्जे में लिया। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

### होली के बाद धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा

**घाटमपुर।** घाटमपुर के नरवल तहसील के अंतर्गत साढ़ क्षेत्र में होली के अवसर पर रंग लगाने के साथ साथ शोभायात्रा निकालने की भी अनूठी परंपरा है। इसी के अंतर्गत साढ़ क्षेत्र में शोभयात्रा निकाली गई। साढ़ क्षेत्र में होली के बाद ग्रामीणों द्वारा शोभायात्रा निकालने की अत्यंत प्राचीन परंपरा है। ग्रामीणों ने बताया यहां पर पिछले लगभग दो सौ वर्षों से सनातनी एकत्र होकर शोभायात्रा निकालते हैं। इसी के चलते साढ़ कस्बे में निकाली गई शोभा यात्रा में बड़ों के साथ साथ छोटे छोटे नन्हें मुन्ने बच्चे भी भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान जी का रूप धारण करके शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा पूरे क्षेत्र में बैंडबाजे के साथ निकाली गई। जहां जहां से यात्रा निकली लोगों ने पुष्प वर्षा करके और मिष्ठान खिलाकर शोभायात्रा का स्वागत किया। अनूप शुक्ला, सूरज पांडेय बंसलाल, राजन मिश्रा, श्रीपाल, छेदी, छोटे, राजेश विश्वस्वरूप, सुरेन्द्र, मुनुआ शुक्ला, चंदन, शुभ, रज्जा त्रिवेदी, सर्वेश शुक्ला रहे।


**बालगोविन्द सार्वजनिक इण्टर कालेज प्रयागपुर (खानपुर), कानपुर देहात**

**आवश्यकता/विज्ञप्ति**

बालगोविन्द सार्वजनिक इण्टर कालेज, प्रयागपुर (खानपुर), कानपुर देहात में सहायक लिपिक का एक पद सीधी भर्ती से भरे जाने हेतु (अनारक्षित) वेतनक्रम 5200–20200 ग्रेड पे 2000 एवं अन्य देय भत्तों सहित सातवें वेतन आयोग की संस्तुति के अनुसार पुनरीक्षित वेतनमान में रिक्त पद पर नियुक्ति की जानी है, जिसके लिये शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट के साथ कम्प्यूटर संचालन में डोयक (DOEACE/NIELIT) सोसायटी द्वारा प्रदत्त सी0सी0सी0 अथवा समकक्ष प्रमाण पत्र अथवा कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री साथ में PET में 50 प्रतिशत एवं अधिक परसेंटाइल स्कोर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी प्रश्नगत चयन के लिये आवेदन करने हेतु पात्र होंगे (PET स्कोर का तात्पर्य आवेदन की तिथि पर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की घोषित वैध स्कोर से है) प्रश्नगत विज्ञापन में हिन्दी/अंग्रेजी में कम से कम 25/30 शब्द प्रति मिनट टंकण गति हो। आयु चयन वर्ष की 01 जुलाई को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होगी। अर्हता धारी इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र स्वत: तैयार कर विद्यालय के पते पर पंजीकृत डाक से अंतिम तिथि 30.03.2026 तक नवीनतम फोटो चस्पा कर स्वत: प्रमाणित समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र, सी0सी0सी0 अथवा समकक्ष प्रमाण पत्र एवं PET उत्तीर्ण प्रमाण पत्र आदि आवश्यक संलग्नकों सहित प्रेषित करें एवं एक छायाप्रति जिला विद्यालय निरीक्षक कानपुर देहात की मेल आईडी rmsa.rbnagar@gmail.com पर प्रेषित करें अथवा एक प्रति डाक से भेजे। सहायक लिपिक के रिक्त पद हेतु आवेदन शुल्क निम्नवत है। अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग 750/–रू0, अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / ई0डब्लू0एस0 500/– रू0 आवेदन शुल्क बैंक ड्राफ्ट / पोस्टल आर्डर संस्था के नाम से होगा। आवेदित अभ्यर्थियों को लिखित, टंकण परीक्षा एवं साक्षात्कार के सम्बन्ध में सूचना रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की जायेगी।

**प्रबन्धक**


# उपकेंद्र टिकावापुर का विधायक व अधिकारियों ने किया निरीक्षण

संवाददताता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र के तिरहर पट्टी की विद्युत समस्याओं को दूर करने का मुद्दा घाटमपुर विधानसभा की विधायक सरोज कुरील ने विधानसभा में सत्र के दौरान उठाई थी। इसके चलते ट्रांसमिशन विभाग की टीम क्षेत्र में निरीक्षण करने पहुंची। ट्रांसमिशन टीम में अमरदीप, विमल गौतम एवं ग्राम प्रधान नागेंद्र तिवारी सहित कई लोग उपस्थित रहे इस दौरान विधाय सरोज कुरील भी मौजूद रहीं।

नए 100 एमवीए उपकेंद्र टिकावापुर के शुरू होने से तिरहर पट्टी क्षेत्र के गांवों के लोगों को लो वोल्टेज, ओवरलोड और बार-बार होने वाली ट्रिपिंग की समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलेगी तथा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति और अधिक सुचारु व सुदृढ़ होगी। इस दौरान वहां पर मौजूद विधायक सरोज कुरील ने कहा कि जनता को बेहतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र की विद्युत समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और शीघ्र ही इसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा।



उपकेंद्र का निरीक्षण करने पहुंचीं विधायक सरोज कुरील व विद्युत अधिकारी

- विद्युत की समस्या का मामला विधायक ने विधान सभा में सत्र के दौरान उठाया था

# जान जोखिम में डाल ट्रैक पर बनाई रील

संवाददाता सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** होली पर्व पर एक युवक और युवती ने यमुना साउथ बैंक एवं भरुआ सुमेरपुर रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे ट्रैक पर रील बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड किया। बाद में कार्यवाही के भय से युवक ने माफीनामा बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड किया है। यह रील लोगों के मध्य चर्चा का विषय बनी हुई है।

थानाक्षेत्र के एक गांव के युवक युवती ने भरुआ सुमेरपुर एवं यमुना साउथ बैंक रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे ट्रैक पर एक फिल्मी गाने की धुन पर शराब पीने की एक्टिंग करते हुए रील बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड की थी। रील के वायरल होने के बाद लोगों ने तरह-तरह कमेंट किए थे। इसके बाद सख्त हुई पुलिस ने युवक युवती को कड़ी फटकार लगाई और कार्यवाही की चेतावनी दी। कार्यवाही के भय से युवक ने रील को सोशल मीडिया प्लेटफार्म से हटाकर अपना माफीनामा का वीडियो अपलोड किया है। वायरल रील एवं माफीनामा के वायरल वीडियो की अखबार पुष्टि नहीं करता है। लेकिन जिस तरह से जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक में वीडियो बनाया गया है उस पर सभी लोग कमेंट कर रहे हैं कि किस तरह से लोगों पर रील बनाने का भूत सवार है कि अपनी जान की भी परवाह नहीं कर रहे हैं।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज**

पत्रांक– 1118/ न0पा0प0, गुर0गंज / (2025–26) दिनांक: 5/3/2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज कन्नौज द्वारा वेबसाइट डेवलपमेंट करने वाली समस्त भिज्ञ एजेंसियों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि सफाई व्यवस्था को सुदृढ बनाए जाने हेतु नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज कन्नौज अंतर्गत पालिका में साफ्टवेयर एवं उसका सब्सक्रिप्शन तैयार किए जाने का कार्य कराया जाना है। जिसकी निविदा समाचार में प्रकाशन की तिथि से लेकर दिनांक 13 मार्च 2026 अपराह्न 2: 00 बजे तक नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में सीलबंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाओं दिनांक 13 मार्च 2026 अपराह्न 3: 00 बजे इच्छुक उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से दिनांक 12 मार्च 2026 अपरान्ह 5: 00 बजे तक नगर पालिका के निर्माण पटल से प्राप्त की जा सकती है। निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी में निहित है। अवकाश होने की स्थिति में उक्त निविदाओं की कार्रवाई अगले कार्य दिवस पर पूर्ण की जाएगी। निविदा के संबंध में नियम व शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में संबंधित निर्माण पटल से प्राप्त की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्नवत है।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | ईएमडी धनराशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1 | डोर टू डोर कलेक्शन, ट्रांसपोर्टेशन, प्रोसेसिंग फैसिलिटी के मोनिटरिंग कार्य हेतु स्कोप के अनुसार RFID टैग की आपूर्ति एवं इंस्टालेशन, मोबाइल ऐप एवं वेब–डैशबोर्ड डेवलपमेंट, सर्वर होस्टिंग एवं डेटा सिक्योरिटी, यूजर ट्रेनिंग (वेस्ट कलेक्टर, सुपरवाइजर), AMC, टेक्निकल सपोर्ट, रिपोर्टिंग एवं कस्टम एनालिटिक्स का कार्य | Rs 50,000.00 | Rs- 500.00 |

(अनिल कुमार) अधिशासी अधिकारी

(मुन्नीदेवी) अध्यक्ष


# किशोर का शव फंदे से लटका मिला, हत्या का लगाया आरोप

संवाददाता, बिंवार (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के पारा गांव में गुरुवार की शाम से लापता 14 वर्षीय बालक का शव उसी के निजी नलकूप की कोठरी में फंदे से लटका मिला। फंदे पर लटके बालक के घुटने जमीन को छू रहे थे। कमरे का दरवाजा भी खुला था। ऐसे में परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

थानाक्षेत्र के कुनेहटा चौकी के पारा गांव निवासी कमल सिंह का चौदह वर्षीय पुत्र ह्रदेश गुरुवार को शाम 5:00 बजे बकरी चराकर खेतों से वापस आया और होली खेलने निकल गया। होली पर्व होने पर रात में घर वापस नहीं आया। सुबह तक वापस न आने पर खोजबीन करने पर पड़ोस के सुनील ने खेत में बने घर में फांसी में लटके देखा है फोन से सूचना देने पर परिजन मौके पर पहुंच गए। पिता कमल सिंह ने कुनहेटा चौकी पहुंचकर घटना की जानकारी दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल का कार्य किया है। पिता कमल सिंह ने बताया कि मृतक किशोर गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 8 का छात्र था उसके बाबा दूसरे घर में रहते थे । वह कभी कभार शाम को बाबा के यहां लेट जाता था सुबह बाबा के यहां न मिलने पर खोजबीन की गई तो वह खेत में बने घर में फांसी में लटका हुआ था। पिता ने बताया कि उसका आधा शरीर जमीन में रखा हुआ था। फांसी का फंदा भी ढीला था। एसआई रवीन्द्र कुमार ने बताया कि किशोर ने फांसी लगाई है। शरीर में किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# मारपीट के बाद दुकान में आग लगाने का आरोप

**कन्नौज।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के उमर्दा कस्बे निवासी गौरव सविता की गांव में ही परचून की दुकान है। गांव के ही निवासी अभिमन्यु उर्फ जानू से पैसों के लेनदेन को लेकर उनका विवाद दिन में हो गया था। मामला बढ़ा तो कई अन्य लोग भी आ गए। इसके बाद उनमें गालीगलौज और मारपीट हो गई। झगड़ा होता देख कई ग्रामीण मौके पर आ गए। उन्होंने बीचबचाव कर किसी तरह झगड़े को शांत करवा दिया। मामला शांत होने के बाद वह लोग अपने घर चले गए। रात करीब 1 बजे के बाद गौरव सविता की दुकान में आग लग गई। दुकान से लपटें उठती देख पड़ोसियों ने शोर मचाया। जब तक आग बुझती तब तक दुकान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई।

# इंदरगढ़ में मारपीट व फायरिंग के मामले में आठ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र में बुधवार को हुई मारपीट व फायरिंग के मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी के पास से देशी तमंचा भी बरामद किया गया है।

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव गुमदापुर में निवासी श्यामजी बुधवार शाम को स्कूटी से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान खनियापुर गांव निवासी सीतेंद्र सिंह ने उनको रोक लिया। स्कूटी तेज चलाने का आरोप लगाते हुए गालीगलौज करने लगा। घर के बाहर शोरशारबा सुन श्यामजी के परिजन मौके पर आ गए और गाली गलौज कर उग्र हो गए। इसी दौरान सीतेंद्र ने गांव फोन कर लोगों को बुला लिया। भीड़ को आता देख श्यामजी परिजनों के साथ घर के अंदर चले गए। मौके पर पहुंची उग्र भीड़ ने फायरिंग कर पथराव शुरू कर दिया । पुलिस ने खनिया पुर गांव निवासी सीतेंद्र सिंह, समेत 16 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र सिंह फौजी , प्रदीप कुमार उर्फ शीलू , रामकिशोर पुत्र गंगाचरन, पुष्पेन्द्र सिंह उर्फ चौधरी पुत्र विश्वपाल, जीतेन्द्र उर्फ जीतू कुमार पुत्र रामसिंह, जगपाल सिंह पुत्र जयराम निवासीगण खनियापुर थाना इन्दरगढ़, अमन राजपूत निवासी ग्राम उटकपुरा थाना इन्दरगढ़, युवराज सिंह उर्फ सल्लू पुत्र मान सिंह पाल निवासी ग्राम भरखरा थाना इन्दरगढ़, को गिरफ्तार किया है।



इंदरगढ़ पुलिस की गिरफ्त में मारपीट व फायरिंग के आरोपी। अमृत विचार


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरी पुत्री अपराजिता गुप्ता (APARAJITA GUPTA) के जन्म प्रमाण–पत्र में पिता का नाम हरि बाबू गुप्ता अंकित हो गया है, जबकि पिता का सही नाम अतुल गुप्ता (ATUL GUPTA) है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति (मेरे) ही हैं। **अतुल गुप्ता पुत्र वेदप्रकाश गुप्ता निवासी मकान नं0– सी–147(1388) धीरजनगर आत्मादपुर सेक्टर 30 नियर जे0के0 पब्लिक स्कूल अमरनगर फरीदाबाद हरियाणा।**

**सूचना**

मैने अपना नाम SHADAB AHMED से बदलकर SHADAB AHMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SARFARAZ AHMAD ADD-60, AATIF VIHAR COLONY, OPPOSITE BBD UNIVERSITY, UTTARDHAUNA, DIST-LUCKNOW-226028 (U.P.)

**सूचना**

मैने अपना नाम RAJEEV KUMAR से बदलकर RAJEEV KUMAR VAISH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-GORAKH NATH R/0-G BLOCK FLAT NO- 701 SRISHTI APPARTMENT JANKIPURAM DIST-LUCKNOW-226021(U.P.)

**सूचना**

मैने अपना नाम तैय्यब अली जफर अली (TAYAB ALI JAFAR ALI) से बदलकर तैय्यब अली (TAYAB ALI) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **तैय्यब अली पुत्र जफर अली मव नव–1104 सर्राफा बाजार खख्रेरु फतेहपुर उ0प्र0**

**सूचना**

मैने अपना नाम तैय्यब अली मेरुन निशा (TAYAB ALI MAHRUN NISHA) से बदलकर महरुन निशा (MOHRUN NISHA) रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **महरुन निशा पत्नी तैयब अली म0 न0–1104 सर्राफा बाजार खख्रेरु फतेहपुर उ0प्र0**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड नंबर 7937 81 52 2799 में मेरा नाम नंदनी (NANDANI) दर्ज है जो की गलत है शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम नन्दिनी (NANDINI) दर्ज है जो शुद्ध है इसलिए आधार कार्ड में शुद्ध नाम नन्दिनी (NANDINI) दर्ज किया जाना चाहिए । **नन्दिनी पुत्री श्री मनोज यादव ग्राम व पोस्ट मालीपुर ब्लॉक व तहसील जलालपुर जिला अंबेडकर नगर**

**सूचना**

मेरी पॉलिसी संख्या 219153847 में मेरा नाम हामिदा खातून पुत्री शमीम बानो लिखा है जबकि अन्य सारे कागजात में मेरा नाम मुस्कान पुत्री अब्दुल फरीद लिखा है। मेरी पालिसी संख्या में भी मेरा नाम हामिदा खातून उर्फ मुस्कान पुत्री अब्दुल फरीद ही समझा जाए। **हामिदा खातून उर्फ मुस्कान पुत्री अब्दुल फरीद निवासी ग्राम धरमई, अलावल देवरिया जनपद गोंडा**

**सूचना**

मेरे पुत्र का नाम पुष्प मित्र सेन है। जिसे बदलकर अब मैंने देवांश मिश्रा कर दिया है। पुष्प मित्र सेन व देवांश मिश्रा दोनों एक ही हैं। इसलिए अब मेरे पुत्र पुष्प मित्र सेन को देवांश मिश्रा के नाम से जाना व पहचाना जाए। **लालता प्रसाद मिश्रा पुत्र राम अनुज मिश्रा ग्राम व पोस्ट बैरागीजोत, थाना व तहसील भिनगा, जिला श्रावस्ती उत्तर प्रदेश**

**सूचना**

मेरे भूखंड 5E-1/PH-3, वृन्दावन योजना, लखनऊ का मूल आवंटन पत्र संख्या: 2067 दिनांक 06–3–2013 जिस पर किसी भी प्रकार का ऋण नहीं लिया गया है, वास्तव में खो गया है जिसका प्रयोग अवैध है यदि किसी व्यक्ति / संस्थान को आपत्ति हो तो सूचित करें ।– **सामर्थ अग्रवाल पुत्र प्रदीप कुमार अग्रवाल नि– रो– हाउस, प्लाट न 86, सेक्टर 4, नवी मुंबई, कूपर खारिने, थाने, महाराष्ट्र मो – 9820322714**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नित्यराम पुत्र बच्चू लाल निवासी ग्राम फतेहपुर ककरडिल्ला थाना कोतवाली अकबरपुर जनपद अंबेडकरनगर का स्थाई निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड 227613595451 में लिपिकीय त्रुटि बस नीते हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम नित्यराम है। मुझे नित्यराम नाम से जाना व पहचाना जाए। मेरे निर्वाचन कार्ड व अन्य अभिलेखों में भी मेरा नाम नित्यराम ही है।


**बदला मौसम** सुबह और शाम के समय की ठंड लोगों को कर रही बीमार

# अभी से चढ़ा पारा, दिन का तापमान 31 डिग्री पहुंचा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** सर्दी का मौसम अब खत्म होने को है। हालत यह है कि अभी मार्च माह की शुरुआत हुई है और पारा बेतहाशा चढ़ने लगा है। कड़ी धूप तन झुलसाने लगी है जिससे दिन के समय लोग छांव तलाशते नजर आते हैं। हालांकि सुबह और शाम के समय का तापमान खासा लुढ़कने से ठंड का अहसास हो रहा है। दिन का तापमान लगातार 30 डिग्री सेल्सियस के पार ही चल रहा है।

होली संपन्न होने के साथ ही मौसम पूरी तरह से बदल गया है। दिन के समय अधिक तापमान गर्मी का अहसास करा रहा है। तेज हवाएं भी बदले मौसम का संकेत दे रहीं हैं। शुक्रवार को सुबह का तापमान तो 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा जिससे हल्की ठंड महसूस हुई लेकिन जैसे जैसे दिन चढ़ा गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया। दोपहर 12 बजे तक सूरज की तल्खी ने लोगों को बेहाल कर दिया। इसके साथ ही तेज हवाएं भी चलती रहीं। अधिकतम तापमान 31 जबकि न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं आर्द्रता 46 फीसदी दर्ज की गई जबकि पछुआ हवा 8-10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रहीं।

कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि इस तरह का मौसम गेहूं की फसल के लिए अच्छा नहीं है। किसानों को चाहिए छिड़काव वाली यानी स्प्रिंकलर से फसल की सिंचाई करें। जिन किसानों को मक्का की बुवाई करनी है वे 15 मार्च से पहले ही कर दें, अन्यथा की स्थिति में पैदावार पर विपरीत असर पड़ सकता है। यह भी बताया कि वर्तमान में अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक है और अगले दो हफ्ते तक बारिश आदि के आसार नहीं हैं।




- कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि गेहूं के लिए नुकसानदायक है यह मौसम

### सेहत का रखें ध्यान, पड़ न जाएं बीमार

मौसम बदलने का असर लोगों की सेहत पर भी पड़ रहा है। सुबह शाम की सर्दी और फिर दिन के समय तेज गर्मी के चलते लोगों ने गर्म कपड़ों से पूरी तरह से किनारा कर लिया है। पंखे और एसी भी चलने लगे हैं। यही कारण है कि सर्दी गर्मी होने से लोगों को सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार की शिकायत हो रही है। इसके साथ ही वायरल बीमारियां भी असर दिखा रहीं हैं। इसके चलते सरकारी और निजी अस्पतालों में ऐसे मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। डॉक्टरों की मानें तो यह समय बेहद सावधानी बरतने का है। जरा सी लापरवाही बीमार करने के लिए काफी है। उनकी सलाह है कि कम से कम सुबह और शाम के समय पूरी आस्तीन के हल्के गर्म कपड़े पहनें। किसी तरह की सेहत संबंधी समस्या होने पर डॉक्टर की सलाह से ही दवा लें।

# अफवाहों से बचें, पेट्रोल व डीजल की कमी नहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की कमी नहीं है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं अन्य माध्यमों से अफवाहें फैलाई जा रही हैं। यह दावा जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्र ने किया है।

डीएसओ का कहना है कि सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध है। ईंधन की आपूर्ति एवं बिक्री सही तरीके से हो रही है। इसको लेकर पेट्रोलियम एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के साथ-साथ विभिन्न मार्केटिंग कंपनियों के विक्रय अधिकारियों से भी वार्ता हुई है। जिला पूर्ति अधिकारी का कहना है कि संबंधित व्यक्तियों ने बताया है कि डिपो से ईंधन की आपूर्ति निर्बाध रूप से हो रही है। सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। अपने वाहनों में आवश्यकतानुसार पेट्रोल/ डीजल प्राप्त करें।

साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से किसी भी खुले पात्र में ईंधन न खरीदें, जिससे किसी भी अप्रत्याशित घटना से जान- माल की हानि से बचा जा सके। इसको लेकर सभी पेट्रोल पंप स्वामियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने आउटलेट पर नियमानुसार वाहनों में पेट्रोल एवं डीजल की निर्बाध बिक्री करें।

- डीएसओ ने किया दावा, सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फैलाई जा रहीं झूठी खबरें

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.

•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999




**इफ्तार**
शनिवार शाम
सुन्नी : 6:17
शिया : 6:25

**सहरी**
रविवार सुबह
सुन्नी : 5:04
शिया : 4:56

पैग़म्बर मोहम्मद साहब ने फ़रमाया : रोजा इबादत का दरवाजा है और ये सब फजीलत इस वजह से है क्योंकि ख्वाहिशात इबादतों को रोक देती हैं और भूख ख्वाहिशात को मार देती है।

# योगी के साथ बना विधानसभा चुनाव जीतने का रोडमैप

## भाजपा और संघ परिवार ने तय किया चुनावी एजेंडा और रणनीति, मतभेद भुलाकर मिलजुल कर काम करने का दिया संदेश

**समन्वय बैठक**

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ परिवार और भाजपा नेताओं के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शुक्रवार को शहर में हुई महत्वपूर्ण बैठक विधानसभा चुनाव की तैयारी का बिगुल फूंकते हुए जीत के लिए सभी को एकजुट होकर काम करने का संदेश दे गई। बैठक में जातीय राजनीति का चक्रव्यूह तोड़ने के लिए सभी वर्गों को साधकर हिंदू एकता बनाने पर जोर दिया गया।

नवाबगंज स्थित दीन दयाल विद्यालय में ढाई घंटे चले गहन मंथन में योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक अनिल, प्रांत प्रचारक कृपा शंकर, राम जी, भवानी भीख के अलावा विद्यार्थी परिषद, विश्व हिंदू परिषद और सेवा भारती सहित संघ से जुड़े अन्य संगठनों के प्रमुख नेता मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत परिचय के साथ हुई।

संघ नेताओं ने शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों का ब्यौरा रखा और हिदुत्व का एजेंडा आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए साफ कहा कि संघ के कार्यक्रमों को समाज के बीच तेजी से आगे बढ़ाने पर ही भाजपा को मजबूती मिलेगी।
जात-पात से उठकर समाज को एकजुट करना होगा और इस काम में सबकी सहभागिता जरूरी है। सशक्त राष्ट्र के लिए समाज को एकजुट रखने में आपसी तालमेल बनाकर राष्ट्रहित सर्वोपरि रखकर काम करना होगा। बैठक में संघ, संगठन और सरकार के बीच बेहतर तालमेल बनाकर काम करने पर जोर देते हुए कहा गया कि विधानसभा सभा चुनाव के मद्देनजर यह काम करना बेहद जरूरी है।

**आजाद और दीन दयाल की प्रतिमा पर फूल चढ़ाए :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कृषि विश्वविद्यालय परिसर में शहीद चंद्र शेखर आज़ाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उसके बाद बैठक के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री ने बैठक परिसर में दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया।



गाय को गुड़ खिलाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में विधायक महेश त्रिवेदी और उनके पुत्र व पुत्रवधु।



दीनदयाल विद्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और आरएसएस प्रांत प्रचारक के साथ मुख्यमंत्री।

### मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया, सरकार सुनेगी और करेगी हर एक समस्या का समाधान

- बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रमुख नेताओं से सरकार के कामकाज का फीडबैक लिया और सुझाव भी मांगे। इस पर संघ से जुड़े संगठनों के प्रमुखों ने मुख्यमंत्री से कहा कि उन्हें समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से सहयोग की बहुत जरूरत है। कई बार उनकी नहीं सुनी जाती है, तो कार्यकर्ता खासे निराश हो जाते हैं। यह भी कहा गया कि भ्रष्टाचार पर प्रहार के साथ बुनियादी ढांचे पर और सुधार किए जाने की आवश्यकता है। सबकी बात सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार हर समस्या का समाधान करने के लिए कटिबद्ध है।

### विधायक के घर जाकर नवदंपत्ति को आशीर्वाद दिया, 100 बेड के अस्पताल का जल्द उद्घाटन करने की बात कही

- बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किदवई नगर स्थित विधायक महेश त्रिवेदी के आवास पर पहुंचे। उनके पुत्र शुभम और और बहू सोनम को आशीर्वाद दिया। दोनों का हाल ही में विवाह हुआ है। मुख्यमंत्री ने परिवारजनों से भेंट कर नव दंपति को उपहार (एक जिला एक उत्पाद) भेंट किया। मुख्यमंत्री ने वृंदावन स्थित टटिया स्थान की आध्यात्मिक महत्ता का जिक्र करते हुए वहां दर्शन करने की विधायक से इच्छा जताई। उन्होंने नौबस्ता स्थित 100 बेड के अस्पताल के उद्घटान के लिए भी जल्दी ही समय देने की बात भी कही। बाद में मुख्यमंत्री गाय नंदिनी और राधे को गुड़ खिलाकर आशीर्वाद लिया तथा आवास की दीवारों पर बनी चित्रकारी की प्रसंशा की।

### सीएम और प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत की होड़

- **कानपुर।** समन्वय बैठक के लिए शहर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह के स्वागत के लिए स्थानीय नेताओं में होड़ लगी रही। चंद्रशेखर आज़ाद कृषि विद्यालय में हेलीपेड पर जैसे ही मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर नीचे उतरा, नेता माला लिए उनकी ओर दौड़ पड़े। एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, महापौर प्रमिला पांडे, विधायक अभिजीत सांगा, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, अनिल दीक्षित, सुरेश अवस्थी, रघुनन्दन भदौरिया, अनूप अवस्थी, मनीष त्रिपाठी सहित कई नेताओं ने अगवानी की। इसके पहले प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह का स्वागत जाजमऊ पुल पर किया गया। परमट मंदिर तिराहे पर कानपुर उत्तर के जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का पटका पहनाकर स्वागत किया। कंपनी बाग चौराहे पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह का स्वागत हुआ। इस मौके पर अभिनव दीक्षित, युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवांग मिश्रा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा, सत्यम गुप्ता, सीमा एमबीए, आनंद मिश्रा, अक्षय त्रिवेदी,अनुराग त्रिपाठी, प्रशांत त्रिपाठी रमिंदर सिंह उपस्थित रहे।

## सिटी ब्रीफ

### महिला आयोग सदस्य 11 को करेंगी जनसुनवाई

**कानपुर।** प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी एवं अनिता गुप्ता 11 मार्च को सर्किट हाउस के सभागार में प्रात : 11 :00 बजे से महिला जनसुनवाई करेंगीं। जिसमें महिलाओं से संबंधित समस्याओं की सुनवाई कर उनका त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

### स्पेशल ट्रेनों को झींझक स्टेशन पर ठहराव दिया गया

**कानपुर।** प्रयागराज से दिल्ली के लिए होली पर्व पर चलाई गई विशेष गाड़ी संख्या 04141, 04143, 04145, 04147, 04142, 04144, 04146 व 04148 को झींझक स्टेशन पर ठहराव दिया गया। ये गाड़ियां प्रयागराज से रात 9 .30 बजे चलेंगी, झींझक स्टेशन रात 1 .13 बजे पहुंचेगी और दिल्ली दूसरे दिन प्रात : 9 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में ये गाड़ियां दिल्ली से प्रात : 10 .15 बजे चलेंगी। झींझक सायं 4 .15 बजे और प्रयागराज रात 11 .45 बजे पहुंचेगी।

### विमानों में यात्री घटे

**कानपुर।** होली पर्व पर कई कई गुना अधिक किराया देकर भी लोग कानपुर आए लेकिन शुक्रवार को कानपुर आने वाले विमानों में यात्रियों की संख्या बहुत कम रही। हैदराबाद से कानपुर आए विमान में कुल 154 यात्री ही आए जबकि 169 ने हैदराबाद के लिए उड़ान भरी। इसी प्रकार दिल्ली से मात्र 136 यात्री कानपुर आए और 179 यात्रियों ने दिल्ली के लिए उड़ान भरी। मुंबई फ्लाइट की स्थिति कुछ ठीक रही।

# सरकारी अस्पतालों में बॉयोमीट्रिक हाजिरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **बॉयोमैट्रिक हाजिरी से डॉक्टर व स्टाफ नहीं कर सकेंगे मनमानी**

**अमृत विचार।** जिले में अब डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी मनमानी नहीं कर सकेंगे। उनको अब समय से अस्पताल में ड्यूटी आना होगा और समय पर जाना होगा। इनपर अब शासन स्तर से नजर रखी जाएगी। इसके लिए जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बायोमीट्रिक हाजिरी अनिवार्य होगी, जिसके संबंध में महानिदेशक स्वास्थ्य ने सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी को पत्र जारी किया है।

स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त रखने और डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों पर नजर रखने के लिए जिले में समय-समय पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी द्वारा पूर्व में कई बार निरीक्षण किए गए हैं, जिसमे कई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित मिल चुके हैं। उपस्थिति रजिस्टर चेक करने पर गड़बड़ी मिली है। बिधनू सीएचसी में तो निरीक्षण में हर बार डॉक्टर व कर्मी गायब मिल चुके हैं। ऐसे में डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए अब सभी सीएचसी व पीएचसी में बायोमैट्रिक सिस्टम लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महानिदेशक स्वास्थ्य ने सभी सीएचसी और पीएचसी पर बायोमीट्रिक उपस्थिति को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सीएमओ को जारी पत्र में कहा है कि संबंधित अधिकारी अपने नियंत्रण वाले अस्पतालों में तैनात सभी डॉक्टरों व कर्मचारियों की हर दिन की उपस्थिति बायोमेट्रिक के माध्यम से दर्ज कराएं। इसी आधार पर ही डॉक्टरों व कर्मचारियों का मासिक वेतन का भुगतान तय किया जाएगा। जल्द बायोमीट्रिक हाजिरी प्रणाली शुरू कर इसे वेतन से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। सीएमओ के मुताबिक शासन के मिले आदेश का पालन करवाया जाएगा।



जूही में फर्नीचर शोरूम में भड़क रहे शोले। अमृत विचार

# फर्नीचर शोरूम और कबाड़ गोदाम जला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के दो स्थानों पर भीषण आग लगी जिसपर फायर ब्रिगेड के जवानों ने काबू पाया। जूही में फर्नीचर का शोरूम धू-धू कर जला तो बर्रा में कबाड़ गोदाम में शोले भड़के।

गुरुवार को देर रात लगभग पौने एक बजे पापुलर धर्मकांटा के पास जूही में फर्नीचर के शोरूम में धुआं उठते देख लोगों ने शोर मचाया। लकड़ी, सलूशन आदि होने के कारण देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे तो फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी। अनुमान है कि बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगी। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और कई घंटे जूझकर आग पर काबू पाया।

इसी प्रकार देर रात बर्रा में मुस्कान ढाबा के पास कबाड़ के गोदाम में भीषण आग लगी। ट्रकों कबाड़ होने के कारण यहां आग बुझाने में फायर ब्रिगेड की टीम में कई घंटे जूझना पड़ा। अनुमान है कि किसी ने बीड़ी सिगरेट पीकर गोदाम में डाल दिया जिससे आग लगी।

# सेंट्रल स्टेशन से नई दिल्ली के लिए विशेष ट्रेन आज से

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली पर्व पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए कानपुर सेंट्रल स्टेशन से नई दिल्ली के लिए शनिवार से विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की गई है। इस ट्रेन में पार्सल के 2 डिब्बे, सामान्य-09, स्लीपर-09, एसी तृतीय-01, एसी द्वितीय-01 डिब्बे होंगे।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 04163 कानपुर सेंट्रल स्टेशन से शनिवार, रविवार एवं सोमवार को चलेगी जबकि 04162 नई दिल्ली से रविवार, सोमवार एवं मंगलवार को कानपुर के लिए चलेगी। गाड़ी संख्या 04161 कानपुर सेंट्रल स्टेशन से रात 10.30 बजे रवाना होगी। पनकीधाम रात 10.48 बजे, अलीगढ़ प्रातः 4.13 बजे, नई दिल्ली प्रातः 7.30 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04162 नई दिल्ली से प्रातः 9.30 बजे रवाना होगी। अलीगढ़ प्रातः 11.50 बजे, पनकीधाम सायं 4.10 बजे एवं कानपुर सेंट्रल सायं 5.30 बजे पहुंचेगी।

# दिल्ली से अपहृत दो नाबालिग बरामद

**कानपुर।** गांधी नगर दिल्ली से अपहृत दो नाबालिग लड़कियों को कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने स्वर्ण जंयती एक्सप्रेस से उतारकर अपने कब्जे में लिया। बाद में उन्हें दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया।

कानपुर सेंट्रल स्टेशन के जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह ने बताया कि गांधी नगर थाना प्रभारी दिल्ली से दो लड़कियों के अपहरण की सूचना मिली थी जिनकी फोटो मंगाने के बाद ट्रेनों में छानबीन शुरू की गई। आपरेशन मुस्कान के तहत कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया, यात्री प्रतीक्षालय में चेकिंग शुरू की गई और फिर गाड़ी संख्या 12874 झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस में दोनों नाबालिग को बरामद करके दिल्ली पुलिस को इसकी जानकारी दी गई।

# म्यूचुअल फंड निवेशकों की सुरक्षा के लिए 'डेबिट फ्रीज' सुविधा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड निवेशकों की यूनिट्स की डिजिटल सुरक्षा के लिए नई वैकल्पिक ''लॉक-इन'' या ''डेबिट फ्रीज'' सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। यह सुविधा डीमैट और गैर-डीमैट दोनों तरह के फोलियो को उपलब्ध होगी, जिससे अनधिकृत डेबिट को रोका जा सकेगा। सेबी की इस पहल से निवेशक अपनी यूनिट्स को स्वेच्छा से लॉक कर सकेंगे, जब तक वे इसे अनलॉक न करें। सेबी के अनुसार 30 अप्रैल से प्रभावी होने वाली यह सुविधा एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के परामर्श से लागू की जा रही है।

**इस तरह काम करेगी सुविधा:** डेबिट फ्रीज सुविधा को सबसे पहले एमएफ सेंट्रल प्लेटफॉर्म के माध्यम से रजिस्ट्रार एंड ट्रांसफर एजेंट्स




(आरटीए) द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। एमएफ सेंट्रल एक इंटर-ऑपरेबल आरटीए प्लेटफॉर्म है, जिसकी शुरुआत सेबी ने म्यूचुअल फंड लेन-देन और सेवा अनुरोधों में निवेशक अनुभव सुधारने के लिए की थी। यह सुविधा केवल केवाईसी अनुपालन वाले (रजिस्टर्ड/वैलिडेटेड) निवेशकों के लिए होगी, जिनके पास वैध ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर दोनों मौजूद हों। एम्फी सभी एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) और आरटीए के साथ लॉकिंग व अनलॉकिंग की विस्तृत प्रक्रिया निर्धारित करेगा।

### म्यूचुअल फंड निवेश में प्रदेश में दूसरे स्थान पर है अपना शहर

- वित्तीय सलाहकार राजीव सिंह ने बताया कि सेबी ने यह कदम निवेशकों के हितों की रक्षा और सिक्योरिटीज मार्केट के विकास को बढ़ावा देने के लिए उठाया है। एम्फी के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, म्यूचुअल फण्ड निवेश में कानपुर देश में 14वें और प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। देश के औसत एयूएम में शहर की हिस्सेदारी 0 .47% है। इस तरह कानपुर का औसत एयूएम 38,546 करोड़ रुपये है। सेबी की नई सुविधा डिजिटल धोखाधड़ी से सुरक्षा बढ़ाएगी और निवेशकों को अपने फंड्स पर अधिक नियंत्रण देने में मदद करेगी। इससे म्यूचुअल फंड बाजार में भरोसा बढ़ेगा।

**जय माता की** | चैत्र नवरात्र 19 से 27 मार्च तक, प्रतिपदा तिथि अमावस्या में

# डोली पर आएंगी माता, नौ दिन के होंगे नवरात्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र 19 मार्च से शुरू होकर समापन 27 मार्च को होगा। इस बार प्रतिपदा तिथि अमावस्या में मिलने के कारण पहली तिथि टूटने का योग बन रहा है, लेकिन नवरात्र पूरे नौ दिनों के ही होंगे।

प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 6.52 बजे शुरू होगी और समापन 20 मार्च की सुबह 4.52 बजे होगा। इसलिए नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च को घटस्थापना के साथ होगी। इसी दिन गुड़ी पड़वा के साथ हिंदू नववर्ष भी मनाया जाएगा। चैत्र नवरात्र का हिंदू धर्म में काफी महत्व है। यह समय आत्म-शुद्धि, शक्ति की पूजा और बुराइयों पर विजय पाने का माना जाता है। इसके अंतिम दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्मोत्सव राम नवमी मनाई जाती है।

**विक्रम संवत 2083 का नाम 'रौद्र' संवत्सर:** हिंदू परंपरा में नव संवत्सर को नए आरंभ, नई ऊर्जा और नए संकल्प का प्रतीक माना जाता है। हर साल की तरह इस बार भी नया संवत्सर अपने साथ नई संभावनाएं और कुछ चुनौतियां लेकर आएगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार विक्रम संवत 2083 का नाम 'रौद्र' संवत्सर है, जिसका प्रभाव साल भर देखने को मिलेगा।



तपेश्वरी माता का विग्रह।

### कब करें घटस्थापना

नवरात्रि के पहले दिन कलश घटस्थापना की जाती है। ज्योतिषाचार्य पं .मनोज कुमार द्विवेदी के अनुसार इस बार 19 मार्च को घटस्थापना का मुहूर्त सुबह 6 .52 बजे से शुरू होकर 10 .16 बजे तक रहेगा। यदि इस मुहूर्त में घट (कलश) स्थापना न कर पाएं तो अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 11 .52 बजे से लेकर 12 .41 बजे तक भी कर सकते हैं। धर्म शास्त्रों के अनुसार कलश (घट) को सुख-समृद्धि, वैभव और मंगल कामनाओं का प्रतीक माना गया है। वास्तु के अनुसार ईशान कोण यानि उत्तर-पूर्व जल एवं ईश्वर का स्थान माना गया है, जहां सर्वाधिक सकारात्मक ऊर्जा रहती है। इसलिए माता की प्रतिमा या कलश की स्थापना इसी दिशा में करनी चाहिए। नवरात्रि में मुख्य द्वार पर आम या अशोक के पत्तों की वंदनवार लगाने से घर में नकारात्मक शक्तियां प्रवेश नहीं करती हैं।



### डोली पर आना शुभ नहीं माना जाता

- हर बार नवरात्र में देवी अलग-अलग वाहन पर आती हैं, और इसी हिसाब से अगले छह महीने की स्थिति का अंदाजा लगाया जाता है। इस बार मां दुर्गा पालकी (डोली) पर सवार होकर आएंगी और विदाई हाथी पर होगी। पालकी पर मां दुर्गा का आना शुभ नहीं माना जाता है। देवी भागवत में पालकी में माता के इस आगमन का फल 'दोलायां मरणं ध्रुवम्' बताया गया है जो जन हानि, रक्तपात के साथ सामाजिक-राजनीतिक उथल-पुथल व महामारी का परिचायक माना गया है।


www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## सिटी ब्रीफ

### सिगरेट के रुपये मांगने पर दुकानदार को पीटा

**कानपुर।** चकेरी में सिगरेट के रुपये मांगने पर दबंगों ने परचून दुकानदार को मारापीटा। बीच-बचाव पर दुकानदार की वृद्ध मां को भी पीटा। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अहिरवां निवासी प्रकाश कुमार साहू परचून दुकानदार हैं। उन्होंने बताया कि एक मार्च की रात करीब साढ़े दस बजे वह अपनी दुकान बंद कर रहे थे। तभी इलाके के रिंकू साहू अपने भाई अभिषेक साहू के साथ नशे की हालत में आए और सिगरेट लेने लगा। सिगरेट देने के बाद जब रुपये मांगे तो आरोपी ने गाली-गलौज कर धमकाने लगा। इस पर पीड़ित ने विरोध किया तो उन्हें मारापीटा। शोर शराबा होने पर मां बचाने आई तो आरोपियों ने उन्हें भी धक्का देकर पीटा।

### रंग डालने के विरोध पर ब्लेड से किया हमला

**कानपुर।** रायपुरवा में पति पर रंग डालने व मारपीट का विरोध करने पर नशेबाज ने गाली-गलौज कर ब्लेड से हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर लोग दौड़े तो आरोपी धमकी देकर भाग निकला। कोपरगंज तलवामंडी निवासी रेनू साहू के अनुसार होली वाले दिन उनके पति विकास कुमार बाइक से किसी काम से बांसमंडी की तरफ जा रहे थे। तभी घर से कुछ दूरी पर होली खेल रहे किशन वर्मा, आकाश व विशाल से पति को जबरन रंग खेलने को कहा। परिवार में गमी की बात बताने पर भी आरोपी नहीं माने। बाइक की चाबी फेंक कर पति पर रंग डाल दिया। विरोध पर मारपीट की। जानकारी पर रेनू पहुंची तो आरोपियों ने माफी मांगने की बात कही। यह सुन आकाश ने जेब से ब्लेड निकाल रेनू के होंठ पर हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ी। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### नाले में गिरकर बुजुर्ग की मौत

**कानपुर।** पनकी में नाले में गिरकर बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। रतनपुर कालोनी निवासी 62 वर्षीय विजय सिंह फैक्ट्री में नौकरी करते थे। परिवार में पत्नी सविता, दो बच्चे विकास व शादीशुदा बेटी पायल है। छोटे भाई विवेक सिंह ने बताया कि त्योहार के कारण विजय तीन दिन से शराब पी रहे थे। गुरुवार सुबह भी शराब पी थी, इस पर परिजनों ने नाराजगी जताई। दोपहर में घर से बाहर जाने लगे तो परिजनों ने मना किया। इसके बावजूद शाम को चुपके से निकल गए। भाई के अनुसार शाम को फिर शराब पी थी। रात में घर भी नहीं आए। रात के बाद सुबह भी उनकी खोजबीन की गई तो सिद्धेश्वर मंदिर के पास नाले में उनका शव मिला। विवेक के अनुसार नाले में औंधे मुंह पड़े मिले हैं। उन्होंने बताया कि आशंका है कि नशे में लड़खड़ाकर सिर के बल गिरे हैं। सिर पर गंभीर चोट आने से उनकी जान गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### आज यहां नहीं रहेगी बिजली

**कानपुर।** तिलक नगर, रानी का बगीचा, रैना मार्केट व लक्ष्मण बाग कॉलोनी में बिजली सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक, एल्डिको, वृद्धा आश्रम, नीलगिरी, जवाहरपुरम व आसपास के क्षेत्र में सुबह 11 बजे से शाम को चार बजे तक, सूटरगंज, यूपीएफसी, चुन्नीगंज व आसपास के क्षेत्र में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक और मकबरा चौराहा, भाटिया तेल मिल, साइकिल स्टैंड व आसपास के क्षेत्र में बिजली दोपहर डेढ़ बजे से शाम को साढ़े चार बजे तक नहीं रहेगी।

# 24 करोड़ रुपये कीमत की नजूल की जमीन बिल्डर को बेच दी गई

## सिविल लाइंस में नजूल भूमि का सौदा उजागर होते ही डीएम ने वापस ली संपत्ति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इस भूमि को सरकारी खाते में दर्ज कराया गया
- दो अधिकारियों को सौंपी गई देखरेख की जिम्मेदारी

**जांच में ऐसे हुआ खुलासा**

- 1982 में नजूल पट्टे पर आवंटित हुई थी भूमि
- वर्षों से लीज रेंट जमा नहीं किया गया
- पट्टे का नवीनीकरण भी नहीं कराया गया
- भूमि को फ्रीहोल्ड नहीं कराया गया
- वर्ष 2012 में निजी बिल्डर को विक्रय
- सरकारी अभिलेखों में भूमि फ्रीहोल्ड नहीं पाई गई
- वर्तमान सर्किल रेट के अनुसार कीमत लगभग 24 .77 करोड़ रुपये

**अमृत विचार।** सिविल लाइंस स्थित बेशकीमती नजूल संपत्ति को नियमों को ताक पर रखकर निजी बिल्डर को बेचने के मामले में डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने भूखंड संख्या 14/59ए सिविल लाइंस पर सरकारी पुनर्प्रवेश का आदेश जारी करते हुए इसे फिर से अनावंटित सरकारी भूमि के रूप में दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। वर्तमान सर्किल रेट के अनुसार इस जमीन की कीमत लगभग 24 करोड़ 77 लाख रुपये आंकी गई है।

उपजिलाधिकारी सदर, सहायक प्रभारी अधिकारी नजूल और तहसीलदार सदर की संयुक्त जांच में इस मामले का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि संबंधित नजूल आवंटियों ने वर्षों से न तो लीज रेंट जमा किया और न ही पट्टे का नवीनीकरण कराया। इसके बावजूद कलक्टर की अनुमति लिए बिना भूमि को तीसरे पक्ष को बेच दिया गया। अभिलेखों के अनुसार नजूल ब्लॉक 14 के प्लॉट संख्या 3 में स्थित इस भूखंड का आवंटन वर्ष 1982 में केसी बेरी, तरंग बेरी, नीरज बेरी और विकास बेरी के नाम दर्ज है। नजूल मैनुअल के प्रावधानों के अनुसार भवन प्रयोजन के पट्टे सीमित अवधि के लिए दिए जाते हैं और उनका नवीनीकरण आवश्यक होता है, लेकिन संबंधित पट्टाधारकों ने इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि सीता बेरी के उत्तराधिकारियों ने नजूल पट्टे से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाते हुए वर्ष 2012 में एसए बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में विक्रय पत्र निष्पादित कर दिया। विक्रय पत्र में भूमि को फ्रीहोल्ड दर्शाया गया, जबकि सरकारी अभिलेखों में इसका कोई प्रमाण नहीं मिला।

जिलाधिकारी ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि बिना लीज रेंट जमा किए, बिना पट्टा नवीनीकरण कराए और बिना कलेक्टर की अनुमति लिए नजूल भूमि का विक्रय करना नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इस प्रकार शहर के बीचोंबीच स्थित बेशकीमती सरकारी संपत्ति का अवैध अंतरण कर उसे खुर्द-बुर्द किया गया। नजूल मैनुअल के प्रावधानों तथा शासन से प्राप्त अनुमति के आधार पर जिलाधिकारी ने सार्वजनिक हित में भूखंड पर सरकारी पुनर्प्रवेश का आदेश दिया है। आदेश के अनुसार अब यह भूमि फिर से सरकारी खाते में दर्ज की जाएगी और उसके रखरखाव व नियंत्रण की जिम्मेदारी सहायक प्रभारी अधिकारी नजूल तथा तहसीलदार सदर को संयुक्त रूप से सौंपी गई है।

### घर में अकेली युवती ने की आत्महत्या

**कानपुर।** महाराजपुर में घर पर अकेली युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। पारिवारिक लोगों ने शव फंदे से देखा तो परिजनों के साथ पुलिस को सूचना दी। खेत से लौटे परिजनों ने शव फंदे से उतारा, तब तक उसकी सांसे थम चुकी थीं। परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने जांच की।

अलावल खेड़ा के डोमनपुर निवासी विजय सिंह खेती-किसानी करते हैं। परिवार में पत्नी विनीता, बेटा आदित्य, दो बेटियां खुशबू और 20 वर्षीय सत्या थी। पिता ने बताया कि गुरुवार सुबह वह खेत पर काम के लिए गए थे। घर पर पत्नी व बेटी थी। बेटा आदित्य शादीशुदा बहन खुशबू के ससुराल ककवन में त्योहार पर गया था। दोपहर में पत्नी खेत पर खाना देने आई थी।

इस बीच सत्या घर पर अकेली थी। तभी उसने दुपट्टे के सहारे फंदे से लटककर जान दे दी। पड़ोस में रहने वाले सत्या के चचेरे भाई-बहन घर पहुंचे तो उसे फंदे से लटका देखकर सन्न रह गए। पिता के अनुसार त्योहार पर बेटी खुश थी। उसने सारी तैयारी की थी। उसने आत्महत्या क्यों की इसकी वजह स्पष्ट नहीं है।

# मम्मी-पापा माफ करना मैं जान देने जा रही हूं...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- छुट्टी से लौटने के बाद कमरे में की आत्महत्या, 26 फरवरी को हुई थी इंगेजमेंट

**अमृत विचार।** गोविंदनगर में रेलवे टेक्नीशियन ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। जांच के दौरान फॉरेंसिक टीम को डायरी मिली, जिसमें सुसाइड नोट लिखा मिला। मम्मी-पापा मुझे माफ करना, मैं जान देने जा रही हूं। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव पोस्टमार्टम भेजा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। घरवालों ने बताया कि 26 फरवरी को रेलवे टेक्नीशियन नेहा की इंगेजमेंट हुई थी। एक दिन पहले ही वह छुट्टी से वापस लौटी थी। परिजनों में कोहराम मच गया।

मूलरूप से बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी 28 वर्षीय नेहा कुमारी 2020 में रेलवे में टेक्नीशियन के पद पर नियुक्त हुई थीं। नेहा की तैनाती फजलगंज स्थित वर्कशॉप में थी। पिता उमेश कुमार झारखंड स्थित प्राइवेट कंपनी में कार्यरत हैं। आगरा मेट्रो में कार्यरत बड़े भाई चंदन ने बताया कि नेहा वर्कशॉप में ही कार्यरत सोनल के साथ गोविंदनगर दस-ब्लाक में रहती थी। चंदन के अनुसार 23 फरवरी को नेहा त्योहार मनाने के लिए छुट्टी पर बिहार घर गई थी। गुरुवार को ही वह लौटी है। गुरुवार देर शाम उसकी रूम पार्टनर सोनल कमरे में पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद पाया। काफी देर तक उसने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस पर उसने गोविंदनगर पुलिस व परिजनों को खबर दी। सूचना पर पुलिस ने दरवाजा तोड़कर कमरे में घुसी तो नेहा का शव दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना पाकर चंदन व नेहा के साथी कर्मचारी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। चंदन ने बताया कि किसी तरह की परेशानी, तनाव आदि की जानकारी नहीं है। साथी कर्मचारियों ने बताया कि नेहा हंसमुख स्वभाव की थी। उसका किसी से कभी कोई विवाद नहीं हुआ। गोविंदनगर थाना प्रभारी रिकेश कुमार सिंह ने बताया कि युवती की डायरी से सुसाइड नोट मिला है।



अवैध प्लाटिंग पर चलता केडीए का बुलडोजर। अमृत विचार

# बुलडोजर से तीन अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ग्राम धरमपुर में की जा रही थी अवैध प्लाटिंग
- केडीए की प्रवर्तन की टीम ने की कार्रवाई

**अमृत विचार।** केडीए की प्रवर्तन जोन-1बी की टीम ने शुक्रवार को करीब 19.5 बीघे पर की गई तीन अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाकर वहां पर किए गए निर्माण को ध्वस्त कर दिया। साथ ही लोगों को जागरूक किया कि बिना स्वीकृत मानचित्र के कोई भी प्लाट न खरीदें।

केडीए के प्रवर्तन जोन-1बी के विशेष कार्याधिकारी व उपजिलाधिकारी डॉ.रवि प्रताप सिंह टीम के साथ शुक्रवार को ग्राम धरमपुर पहुंचे, यहां पर पन्ना लाल, अदन पुत्र भरोसा, पूजा यादव पत्नी रामचन्द्र, राकेश दीक्षित, सती प्रसाद व अन्य द्वारा 381ग, 384क, 395क, 386क व 395ख पर अवैध रूप से प्लाटिंग की जानकारी हुई। जांच में पता चला कि इन लोगों ने प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत तक नहीं कराया था और बिना अनुज्ञा प्राप्त किये प्लाटिंग विकसित कर रहे थे। वहीं, मेसर्स मॉ डेवलपर्स द्वारा सुनील कुमार गौर, चेतन बाजपेई व अन्य द्वारा 393, 397ख, 394, 384ग में करीब 5.5 बीघा अवैध व अनाधिकृत प्लाटिंग की जा रही थी, ये लोग भी बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये व अनुज्ञा प्राप्त किये प्लाटिंग विकसित कर रहे थे। इसी तरह ग्राम धरमपुर में ही सुनील कुमार, मृदुल जौहरी, राधेश्याम, सूरजवली, शंकर लाल, मोहन लाल व अन्य द्वारा 286, 284, 407, 405 392, 391 में करीब सात बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से कब्जा कर रखा था और बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये व अनुज्ञा प्राप्त किये ये लोग भी प्लाटिंग को विकसित कर रहे थे।

डॉ.रवि प्रताप सिंह के मुताबिक केडीए ने जांच पड़ताल के बाद तीनों जगह करीब 19.5 बीघे में विकसित की जा रही अवैध अनाधिकृत प्लाटिंग वनिर्माण के अंतर्गत इंट्रीगेट, रोड, नाला, बाउण्ड्रीवाल, बिजली के खम्भे, पिलर, निर्मित,अर्द्धनिर्मित व निर्माणाधीन भवन व सभी निशानदेही को तीन बुलडोजर से ध्वस्त कर समाप्त किया। साथ ही इन्ट्री प्वाइंट पर बुलडोजर से गड्ढा किया गया, जिससे किसी भी प्रकार का आवागमन न हो सके।

# वाहन की टक्कर से फैक्ट्री कर्मी की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



विजय कुमार।

**अमृत विचार।** चकेरी ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। उन्नाव स्थित सरिया फैक्ट्री में काम करके युवक घर लौट रहा था। हादसे की सूचना पर पुलिस ने घायल को कांशीराम ट्रामा सेंटर भेजा, जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने मृत बता दिया। हादसे की खबर परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

कानपुर देहात के गजनेर पामा निवासी 37 वर्षीय विजय कुमार उन्नाव स्थित सरिया फैक्ट्री में नौकरी करते थे। पिता चतुरी खेती-किसानी करते हैं। परिवार में पत्नी संगीता, दो बच्चे अंकिता व जसवंत हैं। पिता ने बताया कि विजय गुरुवार सुबह बाइक से उन्नाव फैक्ट्री काम पर गया था। शाम को वह घर के लिए लौट रहा था, तभी ओवरब्रिज पर पीछे से आए किसी तेज रफ्तार वाहन ने जबरदस्त टक्कर मार दी। वाहन की ठोकर लगने पर विजय उछलकर दूर जा गिरा। सड़क पर गिरकर बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे तत्काल गंभीर घायल विजय को कांशीराम अस्पताल भिजवाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। चकेरी पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज खंगालकर वाहन के बारे में पता किया जा रहा है। परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

# अखिलेश दुबे को मिली चौथी जमानत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



अखिलेश दुबे। अमृत विचार

- प्रज्ञा त्रिवेदी ने दर्ज कराया था डकैती का मुकदमा

**अमृत विचार।** अधिवक्ता अखिलेश दुबे को प्रज्ञा त्रिवेदी की ओर से दर्ज कराए गए डकैती के मुकदमे में भी कानपुर सत्र न्यायालय ने जमानत मिल गई है। जमानत एडीजे सपना त्रिपाठी की अदालत ने दी। अखिलेश के खिलाफ दर्ज छह मुकदमों में से चार में ही अभी जमानत मिली है। दो मुकदमों में जमानत मिलनी बाकी है, इसलिए अभी जेल से रिहाई नहीं हो सकेगी। इससे पहले रवि सतीजा की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली थी। शैलेंद्र कुमार व संदीप शुक्ला के मुकदमे में भी जमानतें मिल चुकी हैं। छह से 13 अगस्त 2025 के बीच अखिलेश दुबे के खिलाफ लगातार रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

क्लासिक कॉटिनेंटल होटल की संचालिका रहीं प्रज्ञा त्रिवेदी की ओर से अखिलेश दुबे के खिलाफ दर्ज डकैती के मुकदमे में भी उन्हें अपर जिला जज प्रथम सपना त्रिपाठी की अदालत से जमानत मिल गई है। प्रज्ञा ने वर्ष 2011 में जूही थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन विवेचक ने पांच घंटे में ही एफआर लगा दी थी।

अखिलेश के जेल जाने के बाद प्रज्ञा ने एफआर पर आपत्ति जताते हुए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। अर्जी मंजूर कर कोर्ट ने विवेचना के आदेश दिए थे। विवेचना में अखिलेश दुबे का नाम आया था। जिसमें चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है। मुकदमे में अखिलेश की ओर से जमानत अर्जी लगाई गई थी और फंसाए जाने की बात कही गई। कोर्ट ने तथ्यों को देखने के बाद जमानत मंजूर कर ली। बतादें कि अखिलेश को पहले तीन और मुकदमों में जमानत मिल चुकी है। यह चौथा मामला है, जिसमें उन्हें कोर्ट से राहत मिली। रवि सतीजा के रंगदारी वाले मुकदमे में अखिलेश को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली थी। किदवई नगर में शैलेंद्र शुक्ला के मुकदमे और कोतवाली में अधिवक्ता संदीप शुक्ला के दर्ज कराए मुकदमे में भी अखिलेश को पहले ही जमानत मिल चुकी है। किदवईनगर में व्यापारी सुरेश पाल व ग्वालटोली में वक्फ संपत्ति पर कब्जे से संबंधित मुकदमे में जमानत पर सुनवाई हाईकोर्ट में होनी है।

### 254 में 249 ट्रेनें चलीं राइट टाइम

**कानपुर।** होली पर्व पर कानपुर समेत प्रयागराज मंडल के विभिन्न रेल खंडों पर कुल 254 मेल एवं एक्सप्रेस गाड़ियां चलाई गईं। जिनमें से 249 गाड़ियों का संचालन 100 प्रतिशत समयपालन के साथ सुनिश्चित किया गया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के परिणामस्वरूप उत्तर मध्य रेलवे ने भारतीय रेलवे के सभी 17 जोनों में 98.52 प्रतिशत समय पालन के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक, रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अकान्शु गोविल के नेतृत्व में यात्रियों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किए जा रहे सतत प्रयासों के फलस्वरूप दिनांक 5 मार्च को मंडल ने समयपालन के क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त की है।

# तीन वाहनों को ठोंकते भागी कार, दीवार से टकराई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्कूटी सवार एयरहोस्टेज व उसके माता-पिता घायल, दो कारें भी हुईं क्षतिग्रस्त
- पिता की वर्दी का रौब गांठकर चालक ने धमकाया, एडीसीपी से शिकायत पर रिपोर्ट



सबमर्सिबल पंप से भिड़ी खड़ी कार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चकेरी में पीएसी मोड़ बाईपास पर गुरुवार देर रात कार चालक ने सड़क पर जमकर उत्पात मचाया। तेज रफ्तार कार ने पहले एयरहोस्टेज की स्कूटी में जबरदस्त टक्कर मारी। एयरहोस्टेज समेत उसके माता-पिता घायल हो गए। इसके बाद भागने के प्रयास में दो कारों को टक्कर मारी। इसके बाद अनियंत्रित कार सरकारी सबमर्सिबल पंप की दीवार से टकरा गई। इलाके के लोगों ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी ने जमकर हंगामा किया। पिता के पुलिस में होने का रौब गांठते हुए उसने लोगों को धमकाया। पुलिस ने एयरहोस्टेज की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की। पीड़िता के अनुसार आरोपी नशे की हालत में था।

न्यू आजादनगर निवासी अंजली दिल्ली के एक विमान कंपनी में एयरहोस्टेज हैं। अंजली के अनुसार गुरुवार रात वह दिल्ली जाने के लिए स्कूटी से अपने पिता राकेश कुमार और मां मोना के साथ रेलवे स्टेशन जा रही थीं। तभी पीएसी मोड़ बाईपास के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे अंजलि व उसके माता-पिता सड़क पर उछलकर दूर जा गिरे। तीनों घायल हो गए। इसके बाद भागने के प्रयास में कार चालक ने दो और कारों में टक्कर मारी। वह दोनों कारें भी ठोकर से अनियंत्रित हो गईं। इसके बाद तेज गति कार सरकारी सबमर्सिबल पंप की दीवार से जा टकराई। हादसे में स्कूटी और दो कारें क्षतिग्रस्त हुईं। सबमर्सिबल पंप की दीवार से कार टकराने पर इलाके के लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले किया। आरोप है कि चालक नशे में था। पीड़िता के अनुसार आरोपी चालक को थाने ले जाने पर पुलिस टककाती रही। इस पर उन्होंने एडीसीपी पूर्वी से शिकायत की, तब जाकर तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि चालक मंगला विहार निवासी अतुल कुमार उपाध्याय है। उसके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। नशे में होने की पुष्टि के लिए मेडिकल कराया गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**हेल्थ जोन** | भीड़ बढ़ने पर हैलट चर्म रोग ओपीडी में दो कमरों में देखे गए मरीज

# केमिकल युक्त रंगों की वजह से झुलसी त्वचा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



हैलट ओपीडी के 13 नंबर कमरे में मरीजों को देखते विभागाध्यक्ष डॉ .डीपी शिवहरे।

**अमृत विचार।** होली पर केमिकल युक्त रंगों का इस्तेमाल करने की वजह से सैकड़ों लोगों की त्वचा झुलस गई और कई लोगों की त्वचा पर दाने, दाग और छाले तक उभर आए। इसके अलावा होली खेलने के बाद शरीर पर लगे रंग को छुटाने के लिए जिन लोगों ने कई तरह के प्रोडेक्ट का इस्तेमाल किया, उनकी त्वचा पर रैशैज हो गए और कुछ लोगों की स्किन छिल तक गई।

होली के बाद शुक्रवार को हैलट अस्पताल के चर्म रोग विभाग की ओपीडी में 400 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचे, जिनमे होली के रंगों की वजह से स्किन को हुए नुकसान के मरीज भी शामिल थे। मरीजों ने रंगों की वजह से चेहरे, गले, हाथ व पैरों में दाने व दाग की समस्या डॉक्टरों को बताई। मरीजों की भीड़ बढ़ती हुई देखकर चर्म रोग विभागाध्यक्ष डॉ.डीपी शिवहरे और डॉ.श्वेतांक ने दो अलग-अलग कमरों में मरीजों को देखा। कमरा नंबर 11 में डॉ.श्वेतांक और कमरा नंबर 13 में डॉ.डीपी शिवहरे ने मरीजों को परामर्श दिया और दवाएं लिखीं। डॉ.डीपी शिवहरे ने बताया कि ओपीडी में आए दो से तीन मरीजों का चेहरा काफी लाल था और कुछ के स्किन में छाले जैसे दाग और काफी दाने तक हो गए। कई मरीजों ने खुजली की शिकायत की। जबकि एक-दो मरीज ऐसे भी आए, जिनका चेहरा काफी लाल हो रखा था। जबकि कुछ ऐसे मरीज भी आए, जिन्होंने रंग छुड़ाने के लिए कई तरह के प्रोडक्ट इस्तेमाल किए, जिनकी वजह से उनको स्किन में जलन की समस्या हुई।

तीन मरीजों ने त्वचा में कट की भी जानकारी दी है। ऐसे में मरीजों को दवा लिखने के साथ ही एहतियात बरतने की भी जानकारी दी गई है। साथ ही किसी भी प्रकार के अन्य प्रोडक्ट का इस्तेमाल न करने की भी सलाह दी गई है।

### दो जगह बिजली चोरी पकड़ी गई

**कानपुर।** केस्को की विजिलेंस टीम द्वारा बिजली चोरी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को दो जगह टीम को सफलता मिली। टीम के मुताबिक कर्नलगंज में मो.महबूब व और बाबू खान बिजली चोरी करते पकड़े गए हैं। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक दोनों लोगों के खिलाफ बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज कराई गई है।

**फॉल्ट से गई बिजली:** जवाहरपुरम उपकेंद्र के जवाहरपुरम, वृद्धा आश्रम व नीलीगिरी फीडर से जुडे आवासों व दुकानों की बिजली शनिवार को सुबह साढ़े सात बजे गुल हो गई, जिसकी वजह से क्षेत्र के लोगों को सुबह के समय परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी पर पहुंचे केस्को कर्मियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया।

# खड़े वाहनों व दुकान में की तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




तोड़फोड़ से टूटा कार का पिछला शीशा। अमृत विचार

- शास्त्री नगर का मामला, सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ आरोपी

**अमृत विचार।** काकादेव में उपद्रवी ने घर के बाहर खड़ी कार, ई-आटो में तोड़फोड़ कर आसपास की दुकानों में लाइटें तोड़ दीं। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शुक्रवार सुबह जब लोग सोकर उठे तो घटना की जानकारी हुई। पीड़ितों का आरोप है कि सालभर में यह तीसरी घटना है। शिकायत के बाद भी पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती है।

शास्त्रीनगर के रहने वाले सौरभ सिंह नगरनिगम में संविदाकर्मी हैं। उन्होंने बताया कि घर के बाहर उनकी कार व ई-आटो खड़ा होता है। रात में उपद्रवी ने उनकी कार का पिछला शीशी और ई-आटो पर तोड़फोड़ कर उसका टायर तक खोल ले गया। इसके बाद भी उपद्रवी शांत नहीं हुआ। उसने साड़ी दुकानदार रमेश, अनिल और रेस्टोरेंट संचालक अविश प्रताप सिंह की दुकान पर भी तोड़फोड़ की। दुकान में लगीं लाइटें व कैमरे तोड़ डाले। अविश की दुकान से गैस बर्नर तक खोल ले गया। शुक्रवार सुबह नजारा देखकर सभी सन्न रह गए। दुकानदारों की भीड़ जमा होने पर लोगों ने नाराजगी जताई। लोगों ने बताया कि सालभर में यह तीसरी घटना है, लेकिन कार्रवाई न करने से उपद्रवियों के हौंसले बढ़े हैं। काकादेव थाना प्रभारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### युवक से लूट मामले में तीन को भेजा जेल

**कानपुर।** ब्रह्म नगर में युवक से मारपीट कर लूट करने के मामले में बजरिया पुलिस ने शुक्रवार को तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सीसामऊ निवासी अमित मिश्रा होली वाले दिन ब्रह्म नगर चौराहे पर खड़े थे। तभी रंजिश में धीरू शुक्ला, गोलू पांडेय, प्रकाश कर्ण उर्फ विक्की, मनीष जायसवाल उर्फ केला समेत अन्य 10 से 12 लोगों ने मारपीट कर चार हजार रुपये छीन लिए थे। आरोप है कि एक सप्ताह पहले प्रकाश व गोलू पांडेय ने गुंडा टैक्स के नाम पर 25 हजार रुपये की मांग भी की थी। बजरिया थाना प्रभारी अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि नेहरू नगर निवासी मनीष जायवाल, गांधी नगर निवासी प्रकाश कर्ण व दर्शनपुरवा ओम पुरवा निवासी धीरज शुक्ला उर्फ धीरू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### फजलगंज की सड़क बनी, दादानगर का ध्यान नहीं

**कानपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर फजलगंज फायर स्टेशन के बगल से गड़रियन पुरवा को जाने वाली सड़क बना दी गई है। इसकी मांग लंबे समय से उद्यमी कर रहे थे। इससे दादानगर पुल से उतर कर फजलगंज जाने वाले वाहन सवारों को राहत मिली है। वहीं दूसरी ओर दादानगर पुल से विजयनगर को जाने वाली सड़क दो साल के बाद भी नहीं बनाई गई है। यह सड़क मेट्रो के कारण खराब हो गई।

# एलिवेटेड रेलवे ट्रैक निर्माण के लिए रजिस्ट्री व मुआवजा मंगलवार से

## 15.51 किमी लंबी परियोजना के लिए सर्वेक्षण का कार्य पिछले दिनों किया गया पूरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मंधना से अनवरगंज तक 15.51 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रेलवे ट्रैक परियोजना का सर्वे कार्य पूरा होने के बाद अब अगले हफ्ते से भूमि अधिग्रहण व मुआवजा वितरण की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की गई है। इस परियोजना को जमीन पर उतारने के लिए ट्रैक के दोनों तरफ निर्माण की परिधि में आने वाले मकानों को तोड़ा जाना है, जिसका जितना हिस्सा योजना में जा रहा है, उस भू-स्वामी को उतना मुआवजा दिया जाना है। इसके लिए करीब 150 लोगो की सूची तैयार की गई है। अब मंगलवार से लोक निर्माण विभाग रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू करेगा। सभी रजिस्ट्रियां प्रदेश सरकार के नाम पर होंगी।

मंधना-अनवरगंज के बीच प्रस्तावित 15.51 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के निर्माण के लिए करीब 22,306 वर्ग मीटर भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। लोक निर्माण विभाग, प्रशासन और रेलवे के इंजीनियरों की संयुक्त टीम ने इसके लिए पिछले दिनों जमीनी सर्वे करके मुआवजे के दावेदार लोगों के बीच अंश निर्धारण का काम पूरा किया था। इस दौरान प्रभावित होने वाले भू-स्वामियों की पहचान गाटा संख्या के आधार पर की गई थी, ताकि मुआवजा वितरण में कोई त्रुटि सामने न आए। परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के बदले करीब 36 करोड़ रुपये मुआवजा वितरित किया जाना है। एलीवेटेड रेलवे ट्रैक बनने से न सिर्फ यातायात सुगम होगा, बल्कि शहर के विकास को भी नई गति मिलेगी। मंधना से जरीब चौकी तक आवागमन तेज और सुरक्षित हो जाएगा। एलीवेटेड ट्रैक निर्माण के बाद रावतपुर और कल्याणपुर स्टेशन बंद हो जाएंगे और सीएसजेएमयू के पास दलहन की जमीन पर पूर्व प्रधानमंत्री के नाम पर नया अटल स्टेशन बनेगा। इस परियोजना की लागत 1115.65 करोड़ है, जिसे दो साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। एलीवेटेड ट्रैक बनने से मंधना से जरीब चौकी तक फर्रुखाबाद रेलवे लाइन पर जीटी रोड के समानांतर पड़ने वाली 18 रेलवे समपार क्रासिंग पर लगने वाले जाम से निजात मिल जाएगी। इससे करीब 50 लाख की आबादी को सीधा लाभ होगा और शहर के यातायात दबाव में बड़ी कमी आएगी।



रावतपुर स्टेशन जो इतिहास हो जाएगा।

**22,306**
वर्ग मीटर भूमि का होगा अधिग्रहण
रजिस्ट्रियां होंगी प्रदेश सरकार के नाम पर

> अंश निर्धारण सर्वे को प्राथमिकता पर पूरा कराया गया है, ताकि मुआवजा वितरण में देरी न हो और एलिवेटेड रेल ट्रैक का निर्माण कार्य समय पर शुरू किया जा सके। रजिस्ट्री और मुआवजा वितरण का काम नोडल एजेंसी होने के नाते लोक निर्माण विभाग को ही करना है, जो मंगलवार से शुरू कर दिया जाएगा।
> – अनूप कुमार मिश्र, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग।

## गर्मी बढ़ी, रविवार तक और चढ़ेगा तापमान

**कानपुर।** शहर का तापमान लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को इसमें सामान्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस की अधिकता दर्ज हुई। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि रविवार तक इसमें और अधिक इजाफा संभव हो सकता है। अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक का उछाल का अनुमान है।

शहर में सुबह से ही धूप तेज होने से तापमान पर भी इसका असर पड़ा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि हवाओं की रफ्तार में कमी होने के चलते यह स्थिति बन रही है। उत्तर पश्चिमी हवाएं जो पहले 7 से 8 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी उनकी रफ्तार अब 4.5 किलो मीटर प्रति घंटा रह गई है। मौसम विशेषज्ञ एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि शहर का अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस आंका गया है। उन्होंने शनिवार व रविवार को शहर में तेज धूप निकलने की संभावना है। हवाओं की रफ्तार भी 5 किलो मीटर प्रति घंटे की रह सकती है। हवाओं की गति कम रहने की वजह से शहर में गर्मी बढ़ने की उन्होंने संभावना जताई है। उन्होंने कहा कि दिन व रात के ही तापमान में सामान्य से अधिक बढोतरी संभव है।



नौबस्ता एसीपी को ज्ञापन देते सपाई। अमृत विचार

# सीएम को ज्ञापन देने निकले सपाइयों को पुलिस ने पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नवनिर्मित 100 बेड अस्पताल के संचालन की कर रहे थे मांग

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शहर आगमन पर समाजवादी युवजनसभा प्रदेश उपाध्यक्ष अर्पित यादव व मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड पूर्व राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण सिंह बंटी साथियों के साथ उनको ज्ञापन देने शनिवार को निकले तो पुलिस ने उन्हें रोक लिया और सभी को नौबस्ता कार्यालय ले गई। यहां पर उनको करीब डेढ़ घंटे बैठाने के बाद छोड़ा तो सपाइयों ने एसीपी नौबस्ता चित्रांशु गौतम को मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन देकर 100 बेड अस्पताल के संचालन की मांग की।

नौबस्ता, केशवनगर स्थित 100 बेड के अस्पताल का निर्माण हो चुका है, लेकिन उसका संचालन अभी तक शुरू नहीं किया गया है। पुलिस व सपाइयों के बीच बहस हुई, लेकिन सपाइयों को आगे नहीं जाने दिया गया। अर्पित यादव के कहा कि नौबस्ता स्थित 100 बेड अस्पताल बनकर तैयार है, बस अस्पताल को शुरू कराने की तारिख मुख्यमंत्री से जानने को लेकर ज्ञापन देना चाहा, लेकिन पुलिस ने रोक लिया। पुलिस सपाइयों को नौबस्ता कार्यालय ले गई। सपाइयों ने नौबस्ता एसीपी चित्रांशु गौतम को मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन देकर अस्पताल शुरू कराने की मांग की। इस दौरान पार्षद आलोक यादव, सत्यम मिश्रा, अखिलेश यादव, आशीष, रिंकू केसरवानी, साहिल यदुवंशी, नितिन श्रीवास्तव, हर्षित यादव, विशाल समेत आदि लोग रहे।



श्रद्धांजलि देते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

## पूर्व ब्लाक प्रमुख को कैबिनेट मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**कानपुर।** पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्व. रमेश चंद्र तिवारी की त्रयोदशी संस्कार के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों का 80 फीट स्थित आवास पर तांता लगा रहा। एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, फतेहपुर के सांसद नरेश उत्तम, विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक, विधायक नीलिमा कटियार, विधायक जय कुमार जैकी, पूर्व विधायक सतीश निगम, मुनींद्र शुक्ला, सुरेश अवस्थी, दिनेश अवस्थी, संजीव दरियावादी, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल दिक्षित, कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुप्ता ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नरेश चंद्र त्रिपाठी, सुनील शुक्ला, रतन तिवारी, पदम तिवारी आदि मौजूद रहे।

# अच्छा लिखने के लिए पढ़ना है बहुत जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में दो दिवसीय ''इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कार्यशाला'' शुरू हुई। इसमें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की बारीकियों पर युवाओं को समझाया गया। युवाओं को बताया गया कि अच्छा लेखक बनने के लिए अच्छा पढ़ना भी बेहद जरूरी है।

कार्यशाला में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की पत्रकार श्वेता अरोड़ा ने बारीकियां समझाई। बताया कि टीवी की स्क्रिप्ट प्रिंट मीडिया की लेखनी से बिल्कुल अलग होती है। टीवी में लिखा वही जाता है जो पर्दे पर दिखता है। उन्होंने कहा कि अच्छा लेखक वही बन सकता है जिसको अच्छा लिखना आता हो। साथ ही उसको पढ़ने की आदत हो वही अच्छा लिख सकता है। इस दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. दिवाकर अवस्थी ने कहा कि आज के डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक युग में एक पत्रकार का बहुआयामी होना आवश्यक है। कार्यशाला के सम्वयक डॉ. ओम शंकर गुप्ता ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को क्लासरूम की थ्योरी से निकालकर न्यूज़रूम की वास्तविक कार्यप्रणाली से जोड़ना है।

# ट्रांसपोर्ट नगर से डेढ़ लाख रुपये का माल चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- व्यापारी नेताओं ने जूही थाने में एफआईआर दर्ज कराई

**अमृत विचार।** ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रांसपोर्टर के यहां से लगभग डेढ़ लाख रुपये का सामान चोरी हो गया। चोरों की फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। इस फुटेज में चोर चेहरे पर कपड़ा बांधे हुए सामान ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। व्यापारी प्रतिनिधियों ने जूही थाने में जाकर एफआईआर दर्ज कराई है।

ट्रांसपोर्ट नगर में वरुणा ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन में यह घटना हुई है। घटना की सूचना के बाद भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र व पीड़ित ट्रांसपोर्टर, युवा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के संरक्षक श्याम शुक्ला, पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया, व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों व ट्रांसपोर्टरों ने जूही थाने में जाकर एफआईआर दर्ज कराई और घटना की जल्द खुलासे की मांग की। पीड़ित ट्रांसपोर्टर नेता श्याम शुक्ला ने बताया कि 1 मार्च को दोपहर 2 बजे के आसपास अलीगढ़ से छाबड़ा फ्रेड कैरियर के माध्यम से हार्डवेयर ट्रांसपोर्ट वरुणा ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन में आया था। इस माल को ट्रक से लोड होकर जौनपुर जाना था। यह माल वरुणा ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन से 2 मार्च सोमवार को लोड होकर के जौनपुर गया जो 3 मार्च को जौनपुर पहुंचा। तब वहां पर ट्रांसपोर्ट के कर्मचारी ने बताया कि 43 हार्डवेयर की नग में से 7 नग कम निकले हैं। तब उन्होंने कानपुर के ट्रांसपोर्ट के सीसीटीवी फुटेज देखी तो पता चला कि 1 व 2 मार्च की रात में लगभग 3:45 बजे तीन व्यक्ति चेहरे पर कपड़ा बांधे हुए रिक्शा ट्राली लेकर आए और बाहर रखा हुआ माल को अपनी ट्राली में लेकर रख कर ले गए। चोरी की सूचना 3 मार्च को शाम को चौकी इंचार्ज को फोन से दे दी गई थी। दो दिन छुट्टी होने के कारण थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करवाई।



जूही थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे व्यापारी नेता। अमृत विचार

# नाम की गलती से तीन साल से रुकी वृद्धा पेंशन, पीड़िता लगा रही चक्कर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ऑनलाइन रिकॉर्ड में 'रामदुलारी' की जगह 'राम' दर्ज होने से अटका मामला, दो किस्त मिलने के बाद बंद हुई पेंशन

**अमृत विचार।** पनकी स्थित कांशीराम कॉलोनी की रहने वाली संतोष कुमारी अपनी बड़ी बहन राम दुलारी की वृद्धा पेंशन बहाल कराने के लिए पिछले तीन वर्षों से विकास भवन के चक्कर लगा रही हैं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

पीड़िता की छोटी बहन संतोष कुमारी ने बताया कि उनकी बड़ी बहन राम दुलारी वृद्धा पेंशन की पात्र हैं और उन्हें योजना के तहत दो किस्तें भी मिल चुकी थीं। इसके बाद अचानक पेंशन आना बंद हो गई। जब इस संबंध में जानकारी की गई तो पता चला कि विभाग के ऑनलाइन रिकॉर्ड में नाम दर्ज करते समय 'रामदुलारी' की जगह केवल 'राम' लिख दिया गया है, जिसकी वजह से पेंशन रोक दी गई है।

संतोष कुमारी का कहना है कि नाम की इस त्रुटि को ठीक कराने के लिए वह कई बार विकास भवन और संबंधित विभाग के अधिकारियों से मिल चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

उन्होंने बताया कि हर बार नए कागजात और आवेदन मांगे जाते हैं, जिसके कारण उन्हें बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। पीड़िता की छोटी बहन ने बताया कि शुक्रवार को फिर आने पर विभाग की एक महिला कर्मचारी ने डाकघर में खाता खुलवाकर आने को कहा, पीड़िता की छोटी बहन ने प्रशासन से मांग की है कि नाम की त्रुटि सुधारकर राम दुलारी की वृद्धा पेंशन बहाल की जाए, ताकि उन्हें आर्थिक सहारा मिल सके।



उत्सव की जानकारी देते आयोजक। अमृत विचार

## 16वां गुलाब बाड़ी उत्सव 8 को

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के वीरांगना लक्ष्मीबाई सभागार में आठ मार्च को शाम साढ़े पांच बजे से संगीताजंलि व इनरव्हील कानपुर मेन द्वारा 16 वां गुलाब बाड़ी उत्सव का आयोजन किया जाएगा। डॉ.रोचना विश्नोई, डॉ.रीता वर्मा, कविता सिंह व दिवाकर निगम ने बताया कि उत्सव में प्रद्मश्री गायिका मालिनी अवस्थी अपनी प्रस्तुति देंगी। पारम्परिक गाने जैसे होली चैतो ठुमरी वदरा आदि गायन शैलियों में गाने प्रस्तुत करेगी। वहीं, आठ मार्च को महिला दिवस के अवसर पर पांच प्रतिष्ठित महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि नीतू सिंह व विशिष्ट अतिथि डॉ. वन्दना पाठक होगी।

# सेवाभावना, अनुशासन से कार्य करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रखंड सर्वोदय नगर पोस्ट पांच सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन राजीव सिंह का भव्य स्वागत शुक्रवार को विजय नगर में सिविल डिफेंस वार्डेन अब्दुल सलाम जाफरी ने आयोजित किया। उनका सम्मान किया गया।

इस अवसर पर राजीव सिंह ने कहा कि नागरिक सुरक्षा कोर को हमेशा सेवा भावना से अनुशासन में कार्य करना चाहिए। आपदा और युद्ध जैसे हालात में सुरक्षा कोर का महत्व और बढ़ जाता है। इसलिए सभी वार्डेन और पदाधिकारी अपना कर्तव्य समझते हुए अपने कार्यों और ड्यूटी के प्रति समर्पित रहें। समय-समय पर जिला प्रशासन से समन्वय करते हुए नागरिकों को सुरक्षा के उपायों और मानकों से परिचित कराना चाहिए। इस मौके पर होली मिलन समारोह भी आयोजित हुआ जिसमें सभी वार्डेन और पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया। पोस्ट वार्डन रवींद्र कुमार ने संचालन किया।



चीफ वार्डेन राजीव सिंह का स्वागत करते अब्दुल सलाम जाफरी। अमृत विचार

बाधा | यूरोप और अमेरिका के ऑर्डरों पर पड़ा सबसे अधिक असर

# ईरान युद्ध के कारण 10 फीसदी निर्यात ऑर्डर रुके

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर अब शहर के निर्यात कारोबार पर भी पड़ने लगा है। युद्ध के चलते शहर के निर्यातकों के लगभग 10 फीसदी ऑर्डर रुक गए हैं। इनमें टेक्सटाइल और लेदर के उत्पाद सबसे अधिक हैं। निर्यात विशेषज्ञों का मानना है कि यदि युद्ध लंबे समय तक खिंचता है तो ऑर्डर कैंसिल होने की आशंका खड़ी हो सकती है। फिलहाल यूरोप और अमेरिका के खरीदारों ने ऑर्डर रोके जाने की बात कही है।

शहर के निर्यात ऑर्डर रुकने की सबसे बड़ी वजह समुद्री व हवाई मार्ग का बाधित हो जाना माना जा रहा है। इसके अलावा इस युद्ध के दौरान कार्गो कंपनियों की ओर से अधिक संभावित भाड़ा व इंश्योरेंस की रकम भी मानी जा रही है। अमेरिका की ओर से भारत पर टैरिफ लगाए जाने के बाद हाथ में आए ऑर्डर पर खरीदार की ओर से रुकने की यह स्थिति दूसरी बार वैश्विक बाजार में सामने आ रही है। ऐसे में टैरिफ से प्रभावित हुए निर्यात कारोबार में यह स्थिति पनपना निर्यात कारोबार के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा रहा है। निर्यात विशेषज्ञों का कहना है कि विदेशी खरीदारों की ओर से जरूरत पर ही दूसरे देशों में ऑर्डर दिया जाता है। ऐसे में वे बाजार की बेहद विपरीत परिस्थितियों में ही ऑर्डर को होल्ड करने या फिर उत्पादन को रोकने जैसे निर्णय लेता हैं। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑग्रनाईजेशन (फियो) के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि ऑर्डर रोके जाने लगे हैं। खाड़ी देशों से गुजरने वाले जल मार्ग के रास्ते यदि उत्पादों के लिए जल्द सुलभ न हुए तो ऑर्डर पर और अधिक विपरीत असर पड़ सकता है।



**60%** निर्यात कारोबार टैरिफ से हुआ था प्रभावित

**05** हजार कर्मचारी सीधेतौर पर निर्यात यूनिटों से जुड़े

**10** हजार करोड़ रुपये का शहर का निर्यात कारोबार

**01** हजार करोड़ रुपये के निर्यात ऑर्डर फिलहाल रुके

### नए ऑर्डरों पर ऐसे असर

- मार्च महीने में खाड़ी देशों में खराब हुए हालात का असर अब निर्यातकों को नए ऑर्डर पर भी पड़ना शुरू हो गया है। ऐसे ऑर्डर जिनपर फिलहाल बातचीत चल रही है उन्हें भी विदेशी खरीदारों ने एक महीने के लिए टाल दिया है। इसकी वजह कार्गो के किराए और इंश्योरेंस के दामों पर पड़ रहे असर हैं। इन दोनो ही सुविधाओं के महंगे होने के चलते उत्पादों के दामों पर असर पड़ रहा है। यही वजह है कि नए ऑर्डर फिलहाल होल्ड की स्थिति पर आकर खड़े हो गए हैं।

### नए निर्यातकों पर मुसीबत

- शहर में युद्ध की वजह से निर्यात कारोबार पर पड़ रहे असर से नए निर्यातक सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। टैरिफ के बाद से विदेशी खरीदारों की ओर से उपेक्षित नए निर्यातकों के सामने अब और बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है। उनकी पूंजी के मुकाबले कारोबार ग्रोथ न करने की वजह से अब उनकी गुडविल पर भी असर पड़ने लगा हैं। शहर में 129 नए निर्यातकों ने पिछले वित्तीय वर्षों में निर्यात बाजार में कदम रखा था। उसके बाद से लगातार वे लगातार उभर रही वैश्विक स्थितियों से प्रभावित हो रहे हैं।

## बीच-बचाव करने पर युवक को पीटकर चेन-बाली लूटी

**कानपुर।** नौबस्ता थाना क्षेत्र के सिमरा गांव में नशे में धुत चार युवकों ने आपस में हो रहे विवाद के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे युवक पर पत्थर और बेल्ट से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया और बेहोश होने के बाद उसके कान की सोने की बाली व गले की सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। पीड़ित की मां की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिमरा गांव निवासी संजय तिवारी की पत्नी पूनम के मुताबिक उनका बेटा घर का सामान लेने निकला था। इसी दौरान मोहल्ले के सर्वेश उर्फ बल्लू, भाई सटल्लू, सूरज और लालू नशे की हालत में आपस में झगड़ा कर रहे थे। बेटे ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने उल्टा उसे धक्का देकर गिरा दिया और उसके सिर पर पत्थर से वार कर दिया।



मरीज के साथ विधायक सुरेन्द्र मैथानी और समाजसेवी मुन्ना। अमृत विचार

## नारायना में लावारिस का निशुल्क इलाज

**कानपुर।** फजलगंज थाना क्षेत्र के चार खम्भा कुआं चौराहा के पास लावारिस रज्जन सविता को बस ने 23 फरवरी को टक्कर मार दी थी, जिसकी वजह से रज्जन की दाहिने जांघ की हड्डी टूट गई थी। उसी पैर में हाथीपांव की वजह से काफी घाव था, जिसकी वजह से वह तड़प रहा था। समाजसेवी काली मठिया निवासी मुन्ना चौहान ने घायल को पनकी स्थित नारायना मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया और इलाज के लिए कुछ पैसा जुटाकर गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी से मदद मांगी। मैथानी ने नारायणा कॉलेज के सचिव अमित नारायणा से बात की। सचिव ने कहा कि लावारिस मरीज का इलाज अस्पताल प्रशासन अपने खर्च पर कराएगा। यहां पर मरीज का इलाज शुरू किया गया। मुन्ना चौहान इससे पहले दर्जनों लावारिस मरीजों का नारायना समेत कई अस्पतालों में चंदा जुटाकर इलाज करवा चुके हैं।

## सिटी ब्रीफ

### किसानों को किया जागरूक

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि यंत्र की विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर कानपुर की ओर से फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ खलील खान ने कहा कि फसल के अवशेष को खेत में आग लगाने से सर्वप्रथम मृदा नमी में कमी एवं मृदा तापमान में बढ़ोत्तरी होती है, जिससे खेत की उर्वराशक्ति कम होने के साथ-साथ मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक दशा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। फसलो के अवशेषों को जलाने से होने वाले दुष्परिणामों का मानव स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ रहा है एवं कैसे बचा जा सके। किसानों को अवशेष प्रबंधन के अंतर्गत हैप्पी सीडर, सुपर सीडर से बोये गये खेत का भ्रमण भी कराया गया।

### फूलों की होली आज

**कानपुर।** इस्कॉन कानपुर में शनिवार को फूलों की होली आयोजित की जाएगी। मैनावती मार्ग स्थित इस्कॉन कानपुर में पुष्पा होली महोत्सव में राधा माधव, गौर निताई एवं जानकी जानकी वल्लभ लक्ष्मण हनुमान का पुष्प श्रृंगार किया जाएगा। समारोह में दस हज़ार किलो फूल होंगे। जिसे सिंगापुर ,मलेशिया पुणे एवं बेंगलुरु से मंगवाया गया है। समारोह में हरे कृष्ण महामंत्र का कीर्तन, मृदंग करताल की विशेष ध्वनियों एवं राधा माधव के सुंदर दर्शन के मध्य यह आध्यात्मिक रंगोत्सव आयोजित होगा।

# बड़ी ईदगाह में ईद-उल-फितर की नमाज की तैयारियां शुरू

## ईदगाह परिसर की रंगाई, पुताई का काम तेज, तीनों वजूखानों की भी सफाई हो रही

- नमाज के दौरान सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगी ईदगाह कमेटी की टीमें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बकरमंडी स्थित बड़ी ईदगाह में ईद-उल-फितर के नमाज की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। ईदगाह परिसर की सफाई के साथ ही तीनों वजूखानों की सफाई भी की जा रही है क्योंकि इस वजूखाना में एक साथ 500 से अधिक लोग वजू कर सकेंगे।

योगी सरकार ने सड़क पर नमाज पढ़ने पर प्रतिबंध लगा रखा है, ऐसे में ईदगाह प्रबंध कमेटी इस प्रकार तैयारी कर रही है कि ईद-उल-फितर की नमाज अदा करने आए सभी नमाजी ईदगाह के अंदर ही आ जाएं। किसी को सड़क पर नमाज पढ़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी। ईदगाह प्रबंध कमेटी के प्रमुख जिम्मेदार अयाज आलम जफर ने बताया कि ईदगाह परिसर की सफाई, रंगाई, पुताई का काम शुरू हो गया है।



बड़ी ईदगाह में चल रही तैयारियां। अमृत विचार

### 43 चबूतरों से व्यवस्थित की जाएगी नमाज

- बड़ी ईदगाह में जिस समय पेशइमाम नमाज पढ़ाएंगे, उस समय परिसर के अंदर बने 43 चबूतरों पर नायब मौजूद रहेंगे जो तकबीर कहेंगे ताकि सभी नमाजी तक तकबीर की आवाज पहुंच जाए और नमाज में किसी प्रकार का कोई खलल नहीं पड़े। बड़ी ईदगाह के अंदर जहां से पेशइमाम नमाज पढ़ाएंगे यानी मिंबर से लेकर पूरे परिसर में चप्पे चप्पे पर कमेटी की जानिब से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे जबकि जिला प्रशासन की ओर से सीसीटीवी कैमरे, मेटल डिटेक्टर आदि अलग लगेंगे।

**नमाज के दौरान 100 कार्यकर्ता तैनात रहेंगे:** बड़ी ईदगाह में नमाज के दौरान प्रबंध कमेटी की ओर से 100 से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे जो नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था देखेंगे हालांकि जिला प्रशासन की ओर से छतों पर भी फोर्स दूरबीन के साथ तैनात रहेगी लेकिन उसके अतिरिक्त ईदगाह कमेटी की अपनी टीम अलग तैनात होगी। बड़ी ईदगाह के सभी गेटों पर खुफिया टीम के अतिरिक्त मेटल डिटेक्टर लगे रहेंगे जिससे होकर नमाज के लिए अंदर जाना होगा।

### पालीथिन पर पूरी तरह प्रतिबंध

- बड़ी ईदगाह में तमाम लोग जानमाज या फिर चप्पल रखने के लिए पालीथिन लिये रहते हैं लेकिन इस बार पालीथिन पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। किसी को पालीथिन के साथ ईदगाह परिसर में जाने की इजाजत नहीं होगी। यदि कोई पालीथिन लिए मिला तो जब्त करने के साथ पालीथिन की बारीकी से जांच भी होगी।

### 24 घंटे बाड़ों में कैद हो जाएंगे जानवर

- बड़ी ईदगाह के आसपास के सुअरों को नमाज के 24 घंटे पहले बाड़ों में कैद करने के लिए सुअर पालकों को कहा जाएगा और उसपर पुलिस पूरी तरह से निगरानी करेगी। इसी प्रकार आवारा जानवर पकड़ने के लिए नगर निगम की टीम रहेगी।



भजनों पर नृत्य करते भक्त। अमृत विचार

# कथनी और करनी में फर्क नहीं हो

- श्री कृष्ण प्रणामी मन्दिर में मनाया गया वार्षिक उत्सव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविन्द नगर स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मन्दिर में बाबा दयाराम स्मृति महोत्सव में आयोजित हुआ। महोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए। संतों ने भक्तों को आदर्श मार्ग की सीख दी। कहा कि कथनी और करनी में अंतर नहीं होना चाहिए।

महाराज जगतराज ने कहा कि 'भौतिक रूप से और आत्मिक रूप से हम सभी समृद्ध हैं तो प्रातःकाल उठकर प्रभु चिन्तन करना चाहिए। जहां ईमान आ जाता है, विश्वास हो जाता है, वहां प्रेम हो जाता है।' इसी तरह रामोद (गुजरात) से आए अमित महाराज ने कहा कि कथनी और करनी में कभी फर्क नहीं होना चाहिए। मुजफ्फरनगर से आए कृष्ण लाल ने ''निश दिन श्याम श्यामा कहिए, जे ही विधि राखै पिया, तेही विध रहिए। पंकज गिरधर ने राजश्यामा जी का दरबार सज रहा है, दिल को लुभाने वाला दिलदार सज रहा है सुनाकर माहौल भव्य कर दिया। सभा के प्रधान पंकज गिरधर व संरक्षक प्रवेश मदान ने बताया कि तीन दिनों का यह समागम रविवार को आम लंगर के साथ सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में सुरेन्द्र सुखीजा, पंकज गिरधर, प्रवेश मदान, अनिल गिलौत्रा, अनिल अरोड़ा, गुलशन मोंगा, राजेश धूड़िया, संजय परनामी, कमल जुनेजा, खैराती सुखीजा, संजय कालड़ा, प्रवीण भगत, सागर मोंगा, सतीश सलूजा, डिप्टी सुखीज सहित अन्य मौजूद रहे।

# ईद की खरीदारी करने में गरीबों का भी ध्यान रखें

- ईद की खुशियों में गरीबों को अपने साथ जरूर शामिल करें
- असली खुशी तभी मुकम्मल होती जब सभी खुश दिखाई दें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ईद के मौके पर लोग अपने, अपनी पत्नी और बच्चों के लिए नए कपड़े, जूते-चप्पल के कई-कई जोड़े तैयार करवाते हैं। जो यकीनन खुशी और शुक्रगुजारी का इजहार है लेकिन अगर एक जोड़ा किसी गरीब मर्द, औरत या उनके बच्चों के लिए भी बनवा दिया जाए तो यह अमल इंसानी हमदर्दी की बेहतरीन मिसाल होगा। यह चौगुना सवाब का जरिया बनेगा।



शहरकाजी मुफ्ती यूनुस रजा ओवैसी।

बाबूपुरवा में ये बात शहरकाजी मुफ्ती यूनुस रजा ओवैसी ने शहर के साहिबे हैसियत लोगों से कही। कहा कि ईद की असली खुशी तभी मुकम्मल होती है जब समाज के गरीब और जरूरतमंद तबकों को भी उसमें शामिल किया जाए।

शहरकाजी के प्रवक्ता शम्सुल कमर रहमानी एवं सूफी लाल मोहम्मद कादरी ने कहा कि समाज में कई ऐसे परिवार हैं जो आर्थिक तंगी की वजह से ईद की बुनियादी तैयारियों से भी महरूम रह जाते हैं। ऐसे परिवारों तक खामोशी, इज्जत और पर्दादारी के साथ खुशी का सामान पहुंचाना ही असल इस्लामी रूह है। मदद इस तरह की जाए कि किसी को पता नहीं चले। मदद दिखावा के लिए नहीं करें बल्कि ऐसे करें कि एक हाथ से मदद करें तो दूसरे हाथ को पता तक नहीं चले। ईद के मौके पर बीमारों की अयादत, यतीमों और बेवाओं की खबर-गीरी, अकेले बुजुर्गों की दिलजोई और जरूरतमंद परिवारों की मदद को अपनी तरजीह में शामिल किया जाए। अगर साहिबे-इस्तिताअत लोग अपनी खुशियों का कुछ हिस्सा दूसरों के नाम कर दें तो समाज में मोहब्बत, हमआहंगी और भाईचारे का माहौल मजबूत होगा।

# निरंकारी समागम में जुटेंगे देशभर के संत

**कानपुर।** संत निरंकारी मिशन द्वारा उत्तर प्रदेश के कानपुर में विशाल एक दिवसीय प्रादेशिक निरंकारी संत समागम का आयोजन 22 मार्च को निराला नगर ग्राउंड में होगा जिसमें देशभर के संतों को सुनने के लिए हजारों श्रद्धालु-भक्त सम्मिलित होंगे।

बीते दिनों निरंकारी मिशन के प्रचार-प्रसार एवं सेवादल के मेंबर इंचार्ज मोहन छाबड़ा, मुंबई से आए वयोवृद्ध संत शंभूनाथ तिवारी तथा दिल्ली से आए निरंकारी सेवादल के केंद्रीय उप मुख्य संचालक शुभकरन की उपस्थिति में सेवा कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया था। निराला नगर ग्राउंड को समागम स्थल बनाने के लिए श्रद्धालु भक्तों की टीम जुटी है। इस संत समागम में बड़ी संख्या में संत महात्माओं की उपस्थिति रहेगी जिससे समागम का वातावरण भक्ति, अनुशासन और आध्यात्मिक उत्साह से ओतप्रोत रहेगा। संतोष गुप्ता ने बताया कि समागम में संतों द्वारा जीवन का मूल आधार बताते हुए अपने भाव व्यक्त किया जाएगा। मिशन के मूल सिद्धांत सेवा, सत्संग और सिमरन को जीवन में आत्मसात करने का प्रेरणादायी संदेश दिया जाएगा।




बाबूपुरवा में रोजा इफ्तार में पहुंचे सपा सांसद अवधेश पासी, नरेश उत्तम। अमृत विचार

# सपा के दो सांसद रोजा इफ्तार पार्टी में पहुंचे

- बाबूपुरवा बगाही ईदगाह में विधायक हसन रूमी का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बाबूपुरवा बगाही ईदगाह में समाजवादी पार्टी से कैंट विधायक मोहम्मद हसन रूमी ने शुक्रवार को रोजा रफ्तार पार्टी का आयोजन किया। जिसमे रोजेदारों ने खजूर और पानी से रोजा खोला।

रोजा रफ्तार पार्टी में अयोध्या के सपा सांसद अवधेश कुमार पासी व फतेहपुर के सपा सांसद नरेश उत्तम शामिल हुए। इस दौरान सभी ने मुल्क के अमन की दुआ की। समाज में एकता का आह्वान किया गया। इस दौरान विधायक अमिताभ बाजपेई, पूर्व विधायक इरफान सोलंकी, दानिश खान, तनजीम समेत आदि लोग भी रहे।

# मस्जिद में काली पट्टी बांधकर पढ़ी नमाज

**कानपुर।** शिया जुमा मस्जिद ग्वालटोली मकबरा में ईरान के सुप्रीमो रहे अयातुल्लाह सैयद अली खामेनेई को लेकर अमेरिका, इजरायल के खिलाफ गम-ओ-गुस्से का इजहार किया गया। काली पट्टी बांधकर जुमा की नमाज अदा की गई। इस दौरान मस्जिद की सीढ़ियों पर इजरायल, अमेरिका के झंडे, डोनाल्ड ट्रंप और नेतन्याहू की फोटो भी रखी गई जिसपर लोग चलकर मस्जिद के अंदर गए और उसी पर होते हुए मस्जिद के बाहर आए। इस दौरान नमाजियों ने ट्रंप और नेतन्याहू की फोटो पर जूते चप्पल चलाए।

शुक्रवार को शिया जामा मस्जिद मकबरा ग्वालटोली में काले झंडे लगाये गये और रोजेदारों ने अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किये जा रहे हमले की निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ईरान पर हमले तुरंत बंद होना चाहिए। इस दौरान लोग काले कपड़े पहने हुए थे। जुमा की नमाज से पहले पेशइमाम ने अमेरिका और इजरायल को कोसा।

## कार्यालय नगर पंचायत अकबरपुर जनपद कानपुर देहात

पत्र संख्या–1555/एन0पी0ए0/2025–26 दिनांक–06–03–2026

**ई–निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अकबरपुर में 15वाँ वित्त आयोग बुनियादी अनुदान की प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्य हेतु दिनांक 28–03–2026 को अपरान्ह 3:30 बजे तक निविदायें ई–टेण्डरिंग वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर आमंत्रित करती है। जो उसी दिन अपरान्ह 4:30 बजे खोली जावेंगी। निविदाओं का निर्धारित शुल्क कार्यालय नगर पंचायत अकबरपुर में जमा कराकर जमा रसीद संलग्नकों सहित अपलोड की जानी आवश्यक है। 2 प्रतिशत अर्नेष्ट मनी नकद, एन0एस0सी0 अथवा एफ0डी0आर0 जो अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत अकबरपुर के नाम बन्धक हो, अपलोड करना अनिवार्य है। किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त/स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। प्रस्तावित कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र0 | कार्य का नाम | अगगन/अनुमानित धनराशि | अर्नेस्ट मनी 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| बुनियादी अनुदान (Untied Grant) प्रथम किश्त की प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य | | | | | |
| 1 | वार्ड नं0 7 अम्बेडकर नगर में महिला थाना के पास अम्बेडकर पार्क में सौन्दर्यीकरण कार्य। | 1500000.00 | 30000.00 | 1500.00 | 2 माह |
| 2 | वार्ड नं0 7 अम्बेडकर नगर में अम्बेडकर पार्क का सौन्दर्यीकरण कार्य। | 1000000.00 | 20000.00 | 1000.00 | 2 माह |
| 3 | वार्ड नं0 9 सुभाष नगर में अम्बेडकर पार्क का सौन्दर्यीकरण कार्य। | 500000.00 | 10000.00 | 500.00 | 2 माह |
| बुनियादी अनुदान (Untied Grant) द्वितीय किश्त की प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य | | | | | |
| 1 | वार्ड नं0 16 कन्हैया नगर में मनीराम यादव के मकान से अनिल सेंगर के मकान होते हुये पिंटू सेंगर के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 1131400.00 | 23000.00 | 1200.00 | 3 माह |
| 2 | वार्ड नं0 5 शंकरदयाल नगर पुलिस चौकी से पोस्ट आफिस तक इण्टरलाकिंग चौड़ीकरण एवं एल टाइप नाली निर्माण कार्य। | 657700.00 | 14000.00 | 700.00 | 3 माह |
| 3 | वार्ड नं0 1 पं0 दीनदयाल नगर में ब्रिजलाल के मकान से कमला संखवार के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड व एल0टाइप नाली निर्माण कार्य। | 425800.00 | 9000.00 | 400.00 | 3 माह |
| 4 | वार्ड नं0 1 पं0 दीनदयाल नगर में मन्दिर से उमर के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 538800.00 | 11000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 5 | वार्ड नं0 8 जसवंत नगर में संजू पाल के मकान से राजकुमार एवं कालीचरन के मकान से राजू के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड व एल0 टाइप नाली निर्माण कार्य। | 836000.00 | 17000.00 | 800.00 | 3 माह |
| 6 | वार्ड नं0 10 लोहिया नगर में झांसी हाइवे से उमेश यादव के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 1042800.00 | 21000.00 | 1100.00 | 3 माह |
| 7 | वार्ड नं0 7 अम्बेडकर नगर में धर्मेन्द्र फौजी के मकान से राम अचल के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 1898500.00 | 38000.00 | 2000.00 | 3 माह |
| 8 | वार्ड नं0 14 नेहरू नगर में बाढ़ापुर रोड से रिंकू कुशवाहा के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड तथा प्रेमबाबू यादव के मकान तक नाली निर्माण कार्य। | 450200.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 9 | वार्ड नं0 7 अम्बेडकर नगर में धर्मेन्द्र फौजी के मकान से हरीबाबू पाल के मकान इण्टरलाकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 1320800.00 | 27000.00 | 1300.00 | 3 माह |

(आशीष कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अकबरपुर
कानपुर देहात

(दीपाली सिंह)
अध्यक्ष
नगर पंचायत अकबरपुर
कानपुर देहात

# श्रीमद् भागवत कथा आज से

**चौबेपुर।** क्षेत्र के देवपालपुर गांव में श्रीमद् भागवत कथा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

आयोजक सेवानिवृत्त शिक्षक रामविलास द्विवेदी,हरिविलास व शिवविलास द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में शनिवार को सुबह 10:00 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात आचार्य सुरेश चंद्र मिश्रा के द्वारा भागवत कथा का शुभारंभ होगा।

# युवा जर्मन-जापानी भाषा सीखेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** युवाओं को जर्मन व जापानी भाषा सीखने के लिए अब परेशान नहीं होना होगा। सेवायोजन विभाग की ओर से युवाओं को अप्रैल महीने में यह सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। उन्हें विदेशी भाषा सीखने के लिए कार्यालय परिसर में कक्षाओं में आना होगा।

विदेश में नौकरी का सपना देख रहे युवाओं को भाषा की चुनौती का अक्सर सामना करना पड़ता है। अब इस समस्या का समाधान हो गया है। जर्मन व जापान की भाषा सीखने के लिए एनएसडीसी की ओर से सर्वे कार्य पूरा हो गया है। इस सुविधा के शुरू होने के लिए जरूरी भवन भी सर्वे में शहर आए अधिकारियों को पसंद आ गया है। यह स्थान सेवायोजन विभाग के पीछे स्थित दिव्यांग प्रशिक्षण संस्थान है। इस भवन के दूसरे तल पर युवाओं को विदेशी भाषा सिखायी जाएगी। भाषा सीखने के लिए युवाओं का हाई स्कूल पास होना जरूरी है। शुल्क का खुलासा प्रशिक्णष शुरू होने के दौरान ही जारी किया जाएगा। यह प्रशिक्षण एनएसडीसी नेशनल स्किल डेवलपमेंट काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए एजेंसी के प्रतिनिधि युवाओं के साथ सीधा संवाद करेंगे। सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि इस सुविधा के शुरू होने से सबसे अधिक लाभ ऐसे युवाओं को होगा जो नौकरी के लिए देश से बाहर जाना चाहते हैं।

# नर्वल प्रधान के भतीजे का लोक सेवा आयोग में चयन

- दिल्ली में रहकर की तैयारी, 716 वीं रैंक लाकर दूसरे प्रयास में पाई सफलता

**कानपुर।** नर्वल कस्बे के मूल निवासी पुलिस विभाग में इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता के बेटे अनूप कुमार गुप्ता का चयन लोक सेवा आयोग में हुआ है। 716 वीं रैंक पाकर अनूप ने अपने दूसरे प्रयास में सफलता पाई। नर्वल प्रधान सुदीप शिवहरे ने बताया कि उनके बड़े भाई सत्येंद्र कुमार गुप्ता गंगापुर कालोनी यशोदानगर में रहते हैं। सत्येंद्र उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग से इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्त हैं। सत्येंद्र ने बताया बड़े बेटे अनूप का चयन लोक सेवा आयोग में हुआ है। प्रयागराज से 10वीं व 12वीं करने के बाद ब्रम्हानंद कालेज कानपुर से बीएससी किया, इसके बाद 2022 में तैयारी के लिए वह दिल्ली चले गए। शुक्रवार दोपहर बाद बेटे अनूप ने चयन की जानकारी दी तो परिवार में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अनूप की मां अनीता गृहिणी हैं, जबकि बड़ी बहन सौम्या व छोटा भाई यश प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।



अनूप कुमार।

## खेल

15 मार्च से आयोजन, चार महिला टीमें भी लेंगी भाग

# एमराल्ड गार्डेन सोसाइटी में ईजीपीएल सीजन -2

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एमराल्ड गार्डेन रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एमराल्ड गार्डेन में शनिवार से एमराल्ड गार्डेन प्रीमियर लीग (ईजीपीएल ) सीजन-2 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा, यह टूर्नामेंट 15 मार्च तक चलेगा।

सोसाइटी के सचिव अर्पित गुप्ता ने बताया कि टूर्नामेंट में 14 टीमें हैं, जिसमे 18 वर्ष से लेकर 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग क्रिकेट खेलेंगे। इसमे चार महिला टीम, आठ पुरुष टीम और दो वरिष्ठ नागरियों की टीम शामिल होंगी। क्रिकेट मैच की शुरुआत शनिवार को शाम चार बजे से होगी। बताया कि इस क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्देश्य आपसी सौहार्द, खेल भावना व सामुदायिक एकता को बढ़ावा देना है। टूर्नामेंट में एमराल्ड गार्डेन सोसाइटी के लोग ही शामिल होंगे। इस दौरान समिति के अध्यक्ष भास्कर अवस्थी, सचिव अर्पित गुप्ता, ऋषभ मिश्रा, वूमेन टीम की ओनर प्रिया रहैजा, आभा पटेल, ज्योति खंडेलवाल, अंजू अवस्थी, धनश्याम अग्रवाल, विनय अग्रवाल व कमिश्नर अनंत जैन समेत आदि रहे।




ईजीपीएल की ट्राफी का अनावरण किया गया। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

उन्नाव, अमृत विचार : 7 मार्च को सुबह 10 से अपरान्ह 2 बजे तक जिले की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर में होगा। इसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। वहीं, तहसील सफीपुर में सीडीओ, बांगरमऊ में एडीएम वित्त एवं राजस्व, हसनगंज में एडीएम न्यायिक, पुरवा व बीघापुर में संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। यदि किसी भी जिला वासी को कोई समस्या या शिकायत है तो वह संबंधित तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थनापत्र देकर अपनी शिकायत का निराकरण करा सकता है।

### 7 मार्च तक कर सकते हैं सत्रांक अंकों की फीडिंग का कार्य

उन्नाव, अमृत विचार : जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आकांक्षा दुबे ने बताया कि उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी/मौलवी (सेकेण्डरी) व आलिम (सीनियर सेकेंडरी) परीक्षा वर्ष 2026 के सत्रांक अंकों की फीडिंग का कार्य जिन संस्थाओं द्वारा पूर्ण नहीं किया गया है वह सत्रांक अंकों की फीडिंग 5 से 7 मार्च तक कर सकते हैं। जिले में संचालित सभी अनुदानित व आलिया/उच्च आलिया मदरसों को सूचित किया जाता है कि उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) व आलिम (सीनियर सेकेंडरी) परीक्षा वर्ष 2026 के सत्रांक अंकों की फीडिंग निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं मदरसा प्रबन्धक का होगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवक घायल, एक रेफर

नवाबगंज उन्नाव अमृत विचार: अजगैन कोतवाली क्षेत्र के दरियापुर गांव निवासी सोनू (30) पुत्र बेचेलाल शुक्रवार को चचेरे भाई रवींद्र (24) पुत्र छेदी के साथ बाइक से भटपुरा गांव स्थित ससुराल जा रहा था। रास्ते में अजगैन-मोहान मार्ग पर रहमतगंज के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गये। एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने रविन्द्र को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# कड़ी सुरक्षा में अदा हुई तीसरे जुमे की नमाज

## रमजान माह: शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मस्जिदों के बाहर बड़ी मात्रा में तैनात रहा पुलिस बल

शुक्लागंज उन्नाव



मस्जिद के बाहर मौजूद पुलिस अधिकारी। • अमृत विचार

अमृत विचार: रमजान माह के तीसरे जुमे की नमाज को लेकर नगर व आसपास के क्षेत्रों की मस्जिदों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। एसएसपी के निर्देश पर गंगाघाट पुलिस ने विभिन्न मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात कर शांति व्यवस्था बनाए रखी।

शुक्रवार को जुमे की नमाज अकीदत व एहतराम के साथ अदा की गई। सुबह से ही जामा मस्जिद समेत प्रमुख मस्जिदों के बाहर पुलिस कर्मी तैनात रहे। इसके अलावा मनोहर नगर, अली नगर, रहमत नगर, अहमद नगर, कर्बला, हुसैन नगर, गोताखोर, नबी नगर, करीमुल्ला कॉलोनी व मदनी नगर आदि इलाकों की मस्जिदों के बाहर भी सुरक्षा व्यवस्था की गई। ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो सके। दोपहर में अजान की आवाज गूंजते ही बड़ी संख्या में नमाजी मस्जिदों की ओर पहुंचने लगे। नमाज के दौरान मस्जिदों में श्रद्धा और अनुशासन का माहौल देखने को मिला। बुजुर्गों के साथ-साथ युवाओं और बच्चों ने भी नमाज में भाग लिया। नमाज अदा करने के बाद नमाजियों ने देश और दुनिया में अमन, शांति और भाईचारे के लिए दुआ मांगी। इस दौरान पुलिस कर्मी लगातार क्षेत्र में गश्त करते रहे, जिससे पूरे समय माहौल शांतिपूर्ण बना रहा।

### जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट रही पुलिस

उन्नाव : जिले में शांति व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने को वरिष्ठ अधिकारियों ने निरीक्षण किया। सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ सिटी दीपक यादव व सहायक पुलिस अधीक्षक संचित शर्मा ने सदर कोतवाली क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र की प्रमुख जामा मस्जिद व सिया मस्जिद का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजाम देखे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों निर्देश दिए कि नमाज के दौरान भीड़ प्रबंधन व यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना, क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखना, आमजन से मधुर व्यवहार करते हुए सुरक्षा का माहौल बनाना हमारी प्राथमिकता है। प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। शहर के संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है और स्थानीय स्तर पर शांति समिति के सदस्यों से भी संवाद बनाए रखा जा रहा है।

# पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव, मचा कोहराम

- एसओ बोले- शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, परिजनों का कोई आरोप नहीं है


नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार: सोहरामऊ थानाक्षेत्र के आशाखेड़ा गांव के मजरा बाबा खेड़ा निवासी अमित रावत (22) पुत्र रामलोटन मजदूरी करता था। गुरुवार देरशाम वह घर से बिना बताए निकला था। घर वालों ने पहले कहीं उसके होली मिलने की बात सोच कर तलाश नहीं की। रात अधिक होने पर परिजनों ने उसे फोन मिलाया लेकिन बात नहीं हुई।

शुक्रवार सुबह खेत जाने को निकले लोगों ने घर से 500 मीटर आगे गांव के पुत्ती यादव के आम के बाग में लगे पेड़ में साड़ी के फंदे से अमित का शव लटका देखा। इस पर वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन बेहाल हो गए। बेटे का शव लटका देख मां सुशीला बेहाल हो गई। वह 4 भाई व एक बहन में छोटा था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। भाई बबलू, पंकज, पवन व बहन मनीषा हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो अमित का मोबाइल बंद मिला। परिजन आत्महत्या करने की वजह नहीं बता सके। चर्चा रही कि युवक ने फंदे से लटकने से पहले किसी से फोन पर बात की थी।

एसओ अरविंद पांडेय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

# स्वास्थ्य कार्यक्रमों में ढिलाई पर डीएम नाराज

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



बैठक में अफसरों को निर्देशित करते डीएम गौरांग राठी। • अमृत विचार

अमृत विचार: डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। इसमें एमआर एंटीजन व फुल इम्यूनेशन में प्रगति ठीक न होने पर डीएम ने नाराजगी जताई और सीएमओ को संबंधित से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये। इसी प्रकार आयुष्मान इनएक्टिव आईडी की जानकारी ली। जिसमें संतोष जनक प्रगति न होने पर नाराजगी जता आयुष्मान आईडी को एक्टिव किये जाने के निर्देश दिया।

बैठक में डीएम ने पीएचसी में बेहतर सुविधाएं प्रदान कर अधिक से अधिक डिलीवरी कराए जाने के निर्देश सभी एमओआईसी को दिये।

- सीएमओ को संबंधित से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये

कहा कि डिलीवरी के संबंध में कोई लापरवाही न हो। सभी सवास्थ्य केंद्रों में डिलीवरी की सुविधा सुनिश्चित की जाए। डीएम ने स्टिल बर्थ रेट में सुधार करने व वीएचएसएनडी सत्र को सक्रिय रूप से संचालित करने, एचआरपी डाटा की फीडिंग सभी स्वास्थ्य केंद्रों में रेगुलर व शुद्ध डाटा भरने को भी कहा। इस दौरान परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, सीएमओ, एसीएमओ व डॉ. जेआर सिंह, सीएमएस सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### खेलते समय नहर में गिरा बच्चा, हुई मौत

उन्नाव, अमृत विचार : खेलते-खेलते नहर किनारे पहुंचे 7 वर्षीय बच्चे की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दलीगढ़ी निवासी प्रियांशु (7) पुत्र राकेश शुक्रवार शाम साथियों के साथ खेलने निकला था। खेलते हुए बच्चे शारदा नहर के किनारे पहुंच गए। जहां पैर फिसलने से प्रियांशु नहर में गिर गया। पास खड़े बच्चों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंचे। उन्होंने नहर में कूद कर बच्चे की तलाश शुरू की। इसी दौरान ग्रामीणों ने पुलिस को भी सूचना दे दी। काफी प्रयास के बाद डूबने वाले स्थान से करीब 500 मीटर आगे झाड़ी में फंसे प्रियांशु को निकालकर आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कार्यवाहक कोतवाल ने बताया कि बच्चे की मौत नहर में डूबने से हुई है। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

# भीम आर्मी पर महंत से मारपीट का आरोप

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



घटना के विरोध में नारेबाजी करते लोग। • अमृत विचार

अमृत विचार : पुरवा कोतवाली अंतर्गत गांव मरोई स्थित प्रसिद्ध मवरेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित मेले के दौरान अराजकता का माहौल बन गया। मंदिर के महंत छोटे गिरी ने भीम आर्मी से जुड़े कार्यकर्ताओं पर मारपीट, गालीगलौज व धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में महंत ने बजरंग दल के बैनर तले एसपी को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थपापत्र में बताया गया कि 15 फरवरी की शाम करीब 6 बजे जब मंदिर परिसर में शिवरात्रि का मेला लगा था तभी सोहनखेड़ा निवासी विकास गौतम पुत्र नन्हा व किरहन खेड़ा निवासी दुर्जन पुत्र इन्दल अपने साथियों के साथ वहां पहुंचे। आरोप है कि इन लोगों ने मंदिर परिसर में ईंट-पत्थर चलाना शुरू कर दिया और देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणियां

- महंत ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर की कार्रवाई की मांग

करते हुए कहा कि ये पत्थर हैं इन्हें पूजने से कुछ नहीं होगा। जब मंदिर के महंत छोटे गिरी ने विरोध करते हुए कहा कि यदि पूजा नहीं करनी तो मत करो लेकिन गालीगलौज क्यों कर रहे हो तो वे लोग भड़क गए। आरोप है कि विकास व दुर्जन ने महंत से धक्का-मुक्की की जिससे वह जमीन पर गिर पड़े और उनके हाथ में चोटें आ गईं। बीच-बचाव करने आए श्रद्धालुओं से भी युवकों ने मारपीट की। महंत छोटे गिरी ने एसएसपी को दिए पत्र में कहा कि इससे पूर्व मगरवारा क्षेत्र में सड़क हादसे के बाद भीम आर्मी एकता मिशन के सदस्यों द्वारा उग्र प्रदर्शन व पथराव किया गया था। इसमें पुलिस कर्मी घायल हुए थे।

# एटीएम तोड़कर कैश चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

शुक्लागंज उन्नाव



कोतवाली में खड़े एटीएम तोड़ने के आरोपी।

अमृत विचार: गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने एटीएम तोड़कर नकदी चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को पकड़कर उनके पास से घटना में प्रयुक्त उपकरण व नकदी बरामद की है। दोनों के विरुद्ध पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध कार्यवाही कर जेल भेजा है।

भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर ने 5 मार्च को गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि 3 मार्च को तड़के करीब 4 बजे अज्ञात चोर एटीएम बूथ में घुस गए। उन्होंने पहले सीसीटीवी कैमरे पर स्प्रे डालकर उसे निष्क्रिय किया फिर एटीएम के कैश डिस्पेंसर बॉक्स को तोड़कर 49,500 रुपये चोरी कर लिए। तहरीर के आधार पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस टीम ने जांच शुरू की। शुक्रवार को दरोगा सुभाष चन्द्र ने पुलिस टीम के साथ

- एटीएम तोड़ने के उपकरण व नकदी पुलिस ने की बरामद

कार्रवाई करते हुए मामले से जुड़े दो आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मेहुल पुत्र उमेश चन्द्र निवासी बालाजी वाली गली शुक्लागंज व अरविन्द अवस्थी पुत्र रामऔतार निवासी गांव बलहापारा थाना घाटमपुर कानपुर नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से एक पेंचकस, एक प्लास व 10,200 रुपये बरामद किए हैं। पूछताछ में दोनों ने एटीएम तोड़कर चोरी की घटना स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार मेहुल द्विवेदी के विरुद्ध कानपुर नगर व उन्नाव के विभिन्न थानों में धोखाधड़ी, आईटी एक्ट, हत्या के प्रयास व चोरी सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं अरविन्द अवस्थी पर भी कानपुर नगर के विभिन्न थानों में धोखाधड़ी, गैंगस्टर एक्ट व अन्य धाराओं में कई मामले दर्ज हैं।

### दुकान की दीवार तोड़कर सामान व नकदी चोरी

शुक्लागंज, उन्नाव : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी रोड स्थित गुप्ता मार्केट में एक फर्नीचर दुकानदार की दुकान की दीवार तोड़कर सामान व नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसएसपी से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। कानपुर नगर के सीसामऊ निवासी दीपक गुप्ता ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि शुक्लागंज स्थित गुप्ता मार्केट में उनकी कुर्सी, मेज, अलमारी, बक्सा व फर्नीचर की दुकान है। आरोप है कि उसी मार्केट में रहने वाले युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनकी दुकान के होटल की ओर वाले हिस्से की दीवार तोड़ दी। पीड़ित के अनुसार घटना होली की परेवा को हुई। आरोपियों ने दीवार तोड़ने के बाद दुकान के अंदर रखा कीमती सामान व 5 से 6 हजार रुपये गायब कर दिए। अगले दिन जब वह दुकान पर पहुंचे तो इसकी जानकारी हुई। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित का कहना है कि उसने गंगाघाट कोतवाली में शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पीड़ित ने जनसुनवाई पोर्टल में भी इसकी शिकायत की है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का किया गया स्वागत



प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते सदर विधायक।

उन्नाव, अमृत विचार : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के उन्नाव आगमन पर लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सदर विधायक पंकज गुप्ता की अगुवाई में ढोल नगाड़ों व अतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। सदर विधायक ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को शाल, बुक व प्रतीकचिन्ह देकर व बड़ा माला पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख बिछिया नीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल, मंडल अध्यक्ष नगर अवनीश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष शुक्लागंज सुरेश शुक्ला, प्रधान राजू अवस्थी, राधे श्याम शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### हाईस्कूल पास महिलाओं का रोजगार मेला कल

उन्नाव, अमृत विचार : जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीती चंद्रा ने बताया कि सेवायोजन कार्यालय लखनऊ द्वारा 8 मार्च को पिंक रोजगार महाकुंभ का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। इसमें निजी क्षेत्र की कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। जिसमें न्यूनतम हाईस्कूल पास केवल महिला अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने मूल शैक्षिक अभिलेख व पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते हैं। मेले में प्रतिभाग करने के लिए विभाग के पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर लागिन करके ऑनलाइन आवेदन कर रोजगार मेले में सम्मिलित हो सकते हैं। पंजीकरण में असुविधा होने पर 155330 टोल फ्री नंबर पर सम्पर्क किया जा सकता है। इस हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

### त्योहार के बाद पीएचसी में 220 मरीज पहुंचे

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : मौसम में अचानक हुए बदलाव के कारण क्षेत्र में बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। इसका असर पीएचसी में भी दिख रहा है। जहां इन दिनों मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। शुक्रवार को पीएचसी की ओपीडी में 220 नए व पुराने मरीजों का उपचार किया गया। डॉक्टरों के अनुसार होली के दौरान लोगों ने मिलावटी व तली-भुनी खाद्य सामग्री का अधिक सेवन किया। जिससे पेट से जुड़ी बीमारियों के मरीज बढ़े हैं। वहीं, सुबह-शाम हल्की सर्दी व दिन में गर्मी होने से सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी व चर्म रोग के मरीज भी बढ़े हैं। डॉ. रश्मि वर्मा ने बताया कि होली के दौरान चिप्स, पापड़, गुझिया व तली-भुनी चीजों के अधिक सेवन से पेट के मरीज बढ़े हैं। वहीं मौसम के बदलाव को लोग नजर अंदाज कर रहे हैं। जिससे सर्दी-जुकाम व बुखार के मामले भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने लोगों को उबला या साफ पानी पीने की सलाह दी है।

### गर्भवती महिलाओं की हुई निःशुल्क जांच

नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार : सीएचसी नवाबगंज में शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क जांच की गई। इसका उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान करना है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार को 45 गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क जांच कर दवाएं दी गईं। इन जांचों में उच्च रक्तचाप, वजन, शारीरिक जांच, मधुमेह व यूरिन टेस्ट शामिल थे। जटिलता के आधार पर अन्य जरूरी जांचें भी की गईं। इस दौरान दो उच्च जोखिम वाली गर्भवती मरीज की पहचान की गई। इस दौरान डॉ. शैलेन्द्र अस्थाना, फार्मासिस्ट विजय कुमार, स्टाफ नर्स मोनिका, कामिनी व कोमल पाल सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### हर्षोल्लास से मना 'राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस'



फार्मेसी के जनक के चित्र पर हुआ माल्यार्पण।

उन्नाव, अमृत विचार : जी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में शुक्रवार को भारतीय फार्मेसी शिक्षा के जनक प्रो. एमएल श्रॉफ की 123वीं जयंती पर 'राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस' का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. पुष्पेंद्र कुमार जैन ने कहा कि फार्मेसी सिर्फ दवाओं का निर्माण नहीं बल्कि मानवता की सेवा का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने डॉ. श्रॉफ के योगदान को याद करते हुए कहा कि कैसे उन्होंने सीमित संसाधनों में भी भारत में फार्मेसी शिक्षा की नींव रखी। उन्होंने आधुनिक स्वास्थ्य प्रणालियों में फार्मासिस्टों की बढ़ती जिम्मेदारी और शोध के महत्व पर विशेष बल दिया। संस्थान के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रज्ञेश पांडेय ने डॉ. श्रॉफ को श्रद्धांजलि अर्पित की और छात्रों को उनके पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान फैकल्टी सदस्य आरती सिंह, पुष्पा गुप्ता, मोनिका यादव, ओंकार, सत्यम तिवारी, सुयश यादव व स्वाति पाठक आदि मौजूद रहे।

# विद्युत लाइनों को बांस-बल्लियों का सहारा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



बस्ती के बीच से बल्लियों के सहारे लटकतीं विद्युत लाइनें।

अमृत विचार: जिले में विकास के दावों के बीच एक ऐसी बस्ती भी है जहां आज के आधुनिक युग में भी विद्युत तार खंभों पर नहीं बल्कि जर्जर बांस-बल्लियों के सहारे लटक रहे हैं। इस बदहाली की ओर विभाग की निगाह नहीं पड़ रही है। जैसे विभागीय अफसर किसी बड़े हादसे के इंतजार में हैं।

नगर पालिका उन्नाव अंतर्गत वार्ड-25 दरोगा बाग (चांदमारी) की नई बस्ती के निवासी बीते 8-10 वर्षों से मौत के साये में जीने को मजबूर हैं। यहां के निवासियों का कहना है कि विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने ही वर्षों पहले इन बल्लियों के सहारे कनेक्शन किए थे। अब ये बल्लियां गल चुकी हैं और तार जमीन के करीब लटक रहे हैं। बारिश में ये तार कई बार टूटकर गिर चुके हैं जिससे मासूम बच्चों व आमजन की जान पर हर वक्त खतरा मंडराता रहता है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार कांशीराम विद्युत उपकेंद्र में शिकायत की गई और प्रार्थनापत्र दिए गए। शोसल मीडिया के जरिए उच्चाधिकारियों तक बात पहुंचने पर उपकेंद्र के जेई ने मौके का निरीक्षण तो किया लेकिन समाधान के बजाय पल्ला झाड़ लिया। लोगों का आरोप है कि नियमित बिल भुगतान के बावजूद सुरक्षा मानकों की इस कदर अनदेखी विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। बस्ती के लोगों ने डीएम से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां स्थायी विद्युत पोल लगवाए जाएं और लटकते तारों से निजात दिलाई जाए।

# गीता मंदिर में हुई द्वादश मूर्ति की प्रतिष्ठा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



गीता मंदिर में दर्शन करते सदर विधायक पंकज गुप्ता।

अमृत विचार: पंजाबी कॉलोनी स्थित श्री गीता मंदिर में पूज्य परम 108 स्वामी कृष्णानंद गोविंदाचार्य की स्मृति को समर्पित द्वादश मूर्ति प्रतिष्ठा व होली मिलन समारोह श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न हुआ। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रमेश मक्कर के संयोजन व धर्मेंद्र अरोरा व उनकी पत्नी मीनू अरोरा के यजमानत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भक्ति की बयार बही।

कार्यक्रम में महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी विवेकानंद महाराज व रविन्द्रान्द मस्तराम बाबा की अगुवाई में आयोजित भव्य भजन संध्या हुई। कानपुर की नवरंग पार्टी के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। जिस पर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। इसमें सदर विधायक पंकज गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानु मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रेम सिंह चंदेल, व्यापार मंडल अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी, भारतीय सर्व धर्म संसद के सुरेंद्र वर्मा, गुरु सिंह सभा के प्रधान अरविंदर सिंह, जरनैल सिंह, इन्द्रजीत

- श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ होली मिलन समारोह, भक्ति की बही बयार

सिंह आदि रहे। मंदिर अध्यक्ष रमेश मक्कर ने अतिथियों का अंग वस्त्र व पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। आरती के बाद भंडारे (लंगर) का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सनी अरोरा, संतोष मदान, गौरव मदान, रौनक सिंह, मनोज कुमार, मनोहर अरोरा सहित की सहभागिता रही।

लिया जायजा

## जिला जज के निर्देश पर विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने जिला जेल का निरीक्षण किया

# कैदियों व बंदियों को दी विधिक अधिकारों की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



जिला जेल का निरीक्षण करने जाते अधिकारी। • अमृत विचार

अमृत विचार: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रत्नेश दीप कमल आनंद ने जिला जज के निर्देश पर शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल की व्यवस्थाएं देखने के बाद कैदियों व बंदियों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी दी।

एसीजेएम व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने जेल निरीक्षण के दौरान बंदी पुरुष व महिला कैदियों को उनके विधिक अधिकारों व मिलने वाली निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी। सचिव ने जेल प्रशासन को निर्देश दिये कि जो बंदी निःशुल्क अधिवक्ता के लिए आवेदन करना चाहते हैं उनके प्रार्थनापत्र तत्काल जिला प्राधिकरण को भेजे जाएं। ताकि उन्हें नियमानुसार कानूनी सहायता मिल सके। इसके साथ बंदियों को रिमांड, जमानत व उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च व ई-जेल लोक अदालत 25 मार्च के विषय में भी बताया। इस दौरान बैरकों व जेल चिकित्सालय का भी जायजा लिया गया। जिसमें डिप्टी चीफ रमेश चन्द्र वर्मा, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्तिक सिंह, जेल अधीक्षक पंकज सिंह, जेलर कृष्ण मोहन चन्द्र आदि मौजूद रहे।

### उन्नाव सेंट्रल बार का वार्षिकोत्सव 8 मार्च को

उन्नाव : सेंट्रल बार के तत्वावधान में रविवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन होना है। इस अवसर पर गदनखेड़ा बाईपास स्थित एक होटल में 6 बजे से होली मिलन व काव्य समारोह का आयोजन होगा। सेंट्रल बार के अध्यक्ष केशव प्रसाद अवस्थी ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि बार की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी साहित्य व समाज का संगम देखने को मिलेगा। समारोह में जिले के रचनाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। जिनमें मुख्य रूप से डॉ. अनुराग मिश्र 'गैर', डॉ. राम किशोर वर्मा, संध्या त्रिपाठी, चांदनी पांडेय, डॉ. राम नरेश, गिरीश अवस्थी, डॉ. विनय आशु व अनिल कुमार शामिल हैं। अध्यक्ष केपी अवस्थी, शासकीय अधिवक्ता शैलजा शरण शुक्ल व एडवोकेट इन्द्रमणि मिश्र ने संयुक्त रूप से जिले के सभी अधिवक्ताओं व जनसामान्य से अपील की कि वे समय से पहुंचकर इस गरिमामयी शाम का हिस्सा बनें।

### पालिका ने कराया एंटी लार्वा का छिड़काव

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : नगर पालिका क्षेत्र में बढ़ते मच्छरों का प्रकोप देख पालिका प्रशासन ने एंटी लार्वा छिड़काव का अभियान शुरू कराया है। इसके तहत नगर के विभिन्न वार्डों में दवा का छिड़काव कर मच्छरों की संख्या कम करने का प्रयास किया जा रहा है। शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे व ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर सफाई कर्मियों की टीम ने वार्ड 1 से वार्ड 28 तक की कई गलियों व मोहल्लों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया। इस दौरान नालियों व जलभराव वाले स्थानों पर विशेष रूप से दवा डाली गई। ईओ ने बताया कि मौसम में बदलाव के बाद नगर में अचानक मच्छरों की संख्या बढ़ी है। इसे देखते हुए विशेष अभियान शुरू किया गया है। कहा कि रोज अलग-अलग वार्डों में एंटी लार्वा का छिड़काव होगा। जिससे मच्छरों के प्रकोप को कम कर लोगों को राहत दिलाई जा सके।



समय के साथ हम अक्सर जिस चीज से डरते हैं, उससे ही नफरत करने लगते हैं।
–शेक्सपियर, अंग्रेजी नाटककार

# संतुलित कूटनीति ही सही

भारत से लौटते ईरानी युद्धपोत को अमेरिका द्वारा लंका के निकट हिंद महासागर में मार गिराना हो या ईरान द्वारा कथित रूप से अल्बानिया पर हमला, ऐसी खबरों ने यह आशंका गहरी कर दी है कि यह संघर्ष क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक संकट बन सकता है। जब किसी क्षेत्रीय संघर्ष में बड़ी शक्तियां प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल हो जाती हैं, तो उसका दायरा तेजी से बढ़ने लगता है। ईरान और अमेरिका के बीच बढता सैन्य टकराव वैश्विक ऊर्जा बाजार, समुद्री व्यापार मार्गों और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करेगा। अमेरिकी राजनीति में लंबे समय से यह धारणा रही है कि ईरान की वर्तमान इस्लामी व्यवस्था उसके हितों के अनुकूल नहीं है। डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेताओं ने कई बार ईरान की मौजूदा सत्ता को बदलने की अप्रत्यक्ष इच्छा व्यक्त की है। पर वे किस तरह का बदलाव चाहते हैं? क्या ट्रंप की मंशा है कि वह वेनेजुएला की तरह ईरान का सत्ता प्रमुख स्वयं चुनें और फिर ईरान की व्यवस्था अमेरिका या उनके मुताबिक चले?

किसी भी संप्रभु देश की सरकार का निर्धारण बाहरी शक्तियों द्वारा किया जाना अंतर्राष्ट्रीय कानून और लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। ट्रंप को ईरान के सर्वोच्च पद पर खामेनेई का बेटा इसलिए स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि इससे ईरान की मौजूदा व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सकती है। अमेरिका संभवतः ऐसी नेतृत्व संरचना चाहता है, जो उसकी नीतियों के प्रति पूर्णतया अनुकूल हो। परंतु सवाल है कि ईरान के नेतृत्व का निर्णय कौन करेगा, ईरानी जनता और उसकी राजनीतिक व्यवस्था या ट्रंप? अंतरdराष्ट्रीय जलक्षेत्र में ईरान के एक जहाज पर अमेरिकी हमले की खबर चिंताजनक है। सामान्यतः ऐसी सैन्य कार्रवाई से पहले संबंधित देशों को चेतावनी दी जाती है, विशेषकर तब जब वह जहाज किसी तीसरे देश के बंदरगाह से होकर गुजर रहा हो। भारत का अतिथि रहकर वापस जा रहे जहाज पर हमले के बाद अपेक्षित था कि इस घटना पर संवेदना और चिंता व्यक्त की जाती। भारत जैसे जिम्मेदार देश के लिए यह संतुलन साधना कठिन अवश्य है, परंतु मानवीय दृष्टि से प्रतिक्रिया अपेक्षित होती है। जहां तक अमेरिका-इसराइल और ईरान के बीच संघर्ष की दिशा का प्रश्न है, फिलहाल यह एक सीमित, लेकिन तीव्र टकराव की ओर बढ़ता दिख रहा है। दोनों पक्ष प्रत्यक्ष युद्ध से बचने की कोशिश करते हुए भी एक-दूसरे पर दबाव बनाने की रणनीति अपना रहे हैं, यदि यह संतुलन टूटता है तो परिणाम गंभीर हो सकते हैं।

परंपरागत रूप से संवाद, कूटनीति और शांतिपूर्ण समाधान के समर्थक भारत ने पश्चिम एशिया में संघर्ष के शीघ्र अंत का आह्वान किया है। फिलहाल भारत के लिए इस स्थिति में सबसे उपयुक्त नीति संतुलित कूटनीति की है। भारत के संबंध अमेरिका, इसराइल और ईरान तीनों से महत्वपूर्ण हैं। ऊर्जा सुरक्षा, भारतीय प्रवासी समुदाय और व्यापारिक हितों को देखते हुए भारत को किसी पक्ष में खुलकर खड़े होने के बजाय शांति और संवाद का समर्थक बनकर रहना होगा। साथ ही वैश्विक मंचों पर अंतर्राष्ट्रीय कानून और संप्रभुता के सिद्धांतों की रक्षा की आवाज उठानी होगी। राष्ट्रीय हितों और वैश्विक स्थिरता दोनों के लिए यही नीति सर्वाधिक उपयुक्त है।

## प्रसंगवश

# न्याय के पहरेदारों की सुरक्षा का सवाल

उत्तर प्रदेश में पिछले दिनों रामपुर, बाराबंकी व करनैलगंज (गोंडा) ज़िले में वकीलों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना ने एक बार फिर प्रदेश में वकीलों की सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। हत्या पर अधिवक्ता समुदाय में तीव्र प्रतिक्रिया हुई है। पिछले कुछ वर्षों में वकीलों के प्रति अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है। प्रयागराज से लेकर नोएडा तक वकीलों की हत्याएं हुई हैं। शाहजहांपुर के कोर्ट परिसर में वकील की हत्या की गई। आगरा में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की पूर्व प्रथम महिला अध्यक्ष व अन्य वकील की हत्या, कानपुर, नोएडा, वाराणसी व हरदोई में वकीलों की हत्या आदि ऐसे कुछ चर्चित मामले हैं, जो प्रदेश में वकीलों की असुरक्षा को बयान करते हैं, इसके अलावा आये दिन वकीलों पर होने वाले जानलेवा हमलों और छोटे-बड़े अपराधों की फेहरिस्त काफी लंबी है। अधिवक्ता समुदाय के प्रति बढ़ते अपराधों के प्रति पुलिस विभाग और स्थानीय प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवाल उठना लाजमी है।



मु. खालिद जीलानी
एक्टिविस्ट

वकीलों की हत्या और उन पर होने वाले हमलों और दूसरी अपराधिक घटनाओं के विरोध में हर बड़ी घटना के बाद कभी बार काउंसिल तो कभी स्थानीय बार ऐसोसिएशन के आव्हान पर अदालतों में वकील हड़ताल और न्यायिक कार्य का बहिष्कार करने पर मजबूर होते हैं। वकीलों की अपने और अपने परिवारों की सुरक्षा के लिए एक प्रभावशाली क़ानून बनाने की सरकार से पुरानी मांग है, लेकिन उनकी इस मांग को लगातार अनसुना किया जाता रहा है। हर बार सरकारी या प्रशासनिक आश्वासन पर यकीन कर वकील अपना आंदोलन ख़त्म कर काम पर लौट आते हैं।


वकील क़ानून के शासन (रूल ऑफ़ लॉ) को बनाए रखने और न्याय सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाते हैं, वे आज हिंसा, उत्पीड़न और डराने-धमकाने का निशाना बन गए हैं, वकीलों पर व्यक्तिगत और संस्थागत रूप से हमले चिंता की बात है, जो उनकी स्वतंत्र और सुरक्षित रूप से क़ानून का अभ्यास करने की क्षमता को जान-माल के संभावित खतरों के कारण कम करते हैं। वकील न्याय के प्रशासन, मानवाधिकारों की सुरक्षा, प्रजातंत्र और क़ानून के शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वकीलों की स्वतंत्रता पर हमले पूरे क़ानूनी पेशे पर प्रभाव डाल सकते हैं। 'अदालत में वकीलों की निडरता, स्वतंत्रता, शुचिता, ईमानदारी, समानता ऐसे गुण हैं, जिनकी बलि नहीं दी जा सकती' (आर. मुथुकृष्णन बनाम रजिस्ट्रार जनरल ऑफ द हाईकोर्ट ऑफ ज्यूडिकेचर एट मद्रास एआईआर 2019 एससी 849)। मौलिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के प्रति सम्मान बनाए रखने के लिए क़ानूनी पेशे की स्वतंत्रता आवश्यक है। जब अधिवक्ता स्वतंत्र, निष्पक्ष, वस्तुनिष्ठ और अखंडता, स्वायत्तता और तटस्थता के साथ कार्य करने में असमर्थ होता है, तो न तो विधि का शासन कायम रह सकता और न ही न्याय ठीक से प्रशासित हो सकता है।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने जुलाई' 2021 में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट, 2021 का ड्राफ्ट तैयार किया था। इस ड्राफ्ट का प्रमुख लक्ष्य वकीलों और उनके परिवारों को मारपीट, अपहरण, अवैध कारावास जैसे अपराधों के ख़िलाफ़ सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अधिवक्ता (संरक्षण) विधेयक, 2021 में अधिवक्ता सुरक्षा और वकीलों के लिए वित्तीय सहायता के प्रावधान शामिल हैं। इसके अलावा, यदि कोई उनके अधिकारों का हनन या उल्लंघन करता है, तो ये वकीलों को मुआवज़ा भी देने का उल्लेख करता है। ये ड्राफ्ट कानून मंत्रालय को सौंप दिया था, लेकिन अब तक कोई केंद्रीय क़ानून नहीं बन सका।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# टैक्सेशन और वित्तीय पेशे पर एआई का प्रभाव





रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

> दुनियाभर में वित्त और अकाउंटिंग के क्षेत्र में एआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। बड़ी अकाउंटिंग और कंसल्टिंग कंपनियां मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर रही हैं।

पिछले कुछ वर्षों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने बहुत तेजी से दुनिया की अर्थव्यवस्था, उद्योग और पेशेवर सेवाओं को बदलना शुरू कर दिया है। आज यह सवाल बहुत चर्चा में है कि क्या आने वाले समय में एआई टैक्सेशन, टैक्स फाइलिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA), कंपनी सेक्रेटरी (CS), फाइनेंशियल प्लानर और इंश्योरेंस अंडरराइटर जैसे पेशों की भूमिका को कम कर देगा। यह सवाल केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में उठ रहा है।

टैक्सेशन और अकाउंटिंग का काम हमेशा से डेटा और गणना पर आधारित रहा है, इसलिए यह क्षेत्र ऑटोमेशन और एआई के लिए बहुत उपयुक्त माना जाता है। आज टैक्स रिटर्न भरना पहले की तुलना में बहुत आसान हो गया है। कई जानकारियां पहले से सिस्टम में भरी हुई मिलती हैं और कुछ ही मिनटों में रिटर्न फाइल हो जाता है। बैंकिंग, जीएसटी, पैन और डिजिटल लेन-देन के डेटा के जुड़ने से कर प्रणाली अब पहले से ज्यादा डेटा आधारित हो गई है। आने वाले समय में साधारण टैक्स फाइलिंग और अनुपालन से जुड़े कई काम पूरी तरह मशीनों द्वारा किए जा सकते हैं।

दुनिया भर में वित्त और अकाउंटिंग के क्षेत्र में एआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। बड़ी अकाउंटिंग और कंसल्टिंग कंपनियां मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर रही हैं, जिससे ऑडिट, जोखिम का आकलन और वित्तीय विश्लेषण पहले से ज्यादा तेज और सटीक हो गया है। एआई लाखों लेन-देन को बहुत कम समय में जांच सकता है, गड़बड़ी पकड़ सकता है और रिपोर्ट तैयार कर सकता है। पहले जो काम कई दिन या हफ्तों में होता था, वह अब कुछ घंटों में हो सकता है। फिर भी इसका मतलब यह नहीं है कि CA, CS या वित्तीय सलाहकार जैसे पेशे खत्म हो जाएंगे। असल में इन पेशों का काम करने का तरीका बदलने वाला है। दोहराए जाने वाले साधारण काम जैसे डेटा एंट्री, बेसिक कैलकुलेशन और फॉर्म भरना मशीनें आसानी से कर सकती हैं, लेकिन टैक्स प्लानिंग, कानून की सही व्याख्या, जटिल वित्तीय ढांचे को समझना, कंपनी को रणनीतिक सलाह देना और जोखिम प्रबंधन जैसे कामों में इंसानी अनुभव और समझ की जरूरत हमेशा रहेगी। इंश्योरेंस और फाइनेंशियल प्लानिंग के क्षेत्र में भी एआई का उपयोग बढ़ रहा है। आज कई डिजिटल प्लेटफॉर्म कुछ ही मिनटों में किसी व्यक्ति की आय, खर्च और निवेश के आधार पर सलाह दे देते हैं।

बीमा कंपनियां भी जोखिम का आकलन और क्लेम की जांच में एआई का उपयोग कर रही हैं, जिससे समय और लागत दोनों कम हो रहे हैं, लेकिन भारत जैसे देश में लोग केवल आंकड़ों के आधार पर फैसले नहीं लेते; वे परिवार, भविष्य की जरूरतों और व्यक्तिगत परिस्थितियों को भी ध्यान में रखते हैं, इसलिए मानवीय सलाहकार की भूमिका पूरी तरह खत्म होने की संभावना कम है।

भारत में एआई द्वारा इस क्षेत्र में पूरी तरह बदलाव आने में समय लगने के कई कारण हैं। पहला कारण डिजिटल साक्षरता और तकनीकी ढांचे में अंतर है। बड़े शहरों में लोग तकनीक का उपयोग आसानी से कर लेते हैं, लेकिन छोटे शहरों और कस्बों में अभी भी कई लोग डिजिटल प्रक्रियाओं से पूरी तरह परिचित नहीं हैं। दूसरा कारण यह है कि भारत में टैक्स और कॉर्पोरेट कानून काफी जटिल हैं और समय-समय पर बदलते रहते हैं। कई मामलों में कानून की सही व्याख्या करना जरूरी होता है, जो केवल मशीनों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। तीसरा कारण विश्वास का है। भारत में लोग अपने निवेश और टैक्स से जुड़े फैसलों में व्यक्तिगत सलाह को अधिक महत्व देते हैं। वे किसी जानकार से बात करना ज्यादा सुरक्षित मानते हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले पांच से दस वर्षों में साधारण टैक्स फाइलिंग और अनुपालन का बड़ा हिस्सा काफी हद तक ऑटोमेटेड हो सकता है। वेतनभोगी वर्ग और छोटे व्यवसायों के लिए एआई आधारित सेवाएं सामान्य हो सकती हैं, लेकिन बड़े कॉर्पोरेट मामलों, अंतर्राष्ट्रीय कर योजना और जटिल वित्तीय मामलों में पेशेवरों की जरूरत लंबे समय तक बनी रहेगी, इसलिए भारत में इस क्षेत्र में पूरी तरह एआई आधारित व्यवस्था बनने में कम से कम पंद्रह से बीस वर्ष लग सकते हैं। यह बदलाव भारत के लिए अवसर भी लेकर आएगा और चुनौतियां भी।

अवसर यह है कि तकनीक से पारदर्शिता बढ़ेगी, टैक्स अनुपालन बेहतर होगा और सेवाओं की लागत कम हो सकती है। छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स को सस्ती और तेज सेवाएं मिल सकेंगी। सरकार के लिए भी टैक्स संग्रह आसान हो सकता है, क्योंकि डेटा आधारित निगरानी से कर चोरी कम हो सकती है, लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। लाखों पेशेवरों को अपने कौशल को अपडेट करना होगा और नई तकनीक सीखनी होगी। पारंपरिक तरीके से काम करने वालों के लिए यह बदलाव आसान नहीं होगा। इसके अलावा साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता भी एक बड़ी चिंता बन सकती है, क्योंकि वित्तीय डेटा बहुत संवेदनशील होता है। यदि तकनीक तक पहुंच में अंतर बना रहा, तो छोटे शहरों के पेशेवर पीछे रह सकते हैं।

अंत में यह समझना जरूरी है कि एआई किसी पेशे को खत्म नहीं करता, बल्कि उसे बदल देता है। जैसे कंप्यूटर आने के बाद अकाउंटेंट्स की जरूरत खत्म नहीं हुई, बल्कि उनका काम और अधिक महत्वपूर्ण और विश्लेषणात्मक हो गया, उसी तरह एआई भी पेशेवरों को अधिक मूल्यवान और रणनीतिक भूमिका निभाने का अवसर देगा। आने वाले समय में सफल वही पेशेवर होंगे जो तकनीक को अपनाएंगे, डेटा और डिजिटल टूल्स की समझ बढ़ाएंगे और समय के साथ खुद को बदलेंगे, इसलिए असली सवाल यह नहीं है कि एआई पेशेवरों की जगह लेगा या नहीं, बल्कि यह है कि पेशेवर एआई के साथ कदम मिलाकर चलने के लिए कितने तैयार हैं। यही भविष्य की सफलता का सबसे बड़ा आधार होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



हम शुरुआत से इस बात को कहते रहे हैं कि चुनाव के बाद नीतीश कुमार को भाजपा के लोग मुख्यमंत्री पद पर नहीं रहने देंगे। आज वो बात सच हुई है। भाजपा ने पूरी तरीके से नीतीश कुमार को हाईजैक कर लिया है।
–तेजस्वी यादव
राजद नेता

यह सब तेजस्वी यादव के यहां होता है। इनके यहां लोग हाईजैक हो जाते हैं। जदयू और भाजपा में हाईजैक का कल्चर नहीं है। राजद के वंशवाद और परिवारवाद पर ताला लग गया है। राजद का बिहार की राजनीति में अंश नहीं बचा है।
–गौरव वल्लभ
भाजपा नेता



# चिंता से बाहर होता दहेज हत्या का मसला



डॉ. सुनिधि मिश्रा
शिक्षाविद्

> दहेज हत्याएं सवालों और चिंताओं से बाहर हो गई हैं। यह तथ्य दुखद और शर्मिंदा करने वाला है कि भारत में प्रतिदिन बीस बहुएं दहेज की भेंट चढ़ जाती हैं।

राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार 2017 से 2022 के मध्य देश में 35,493 दहेज-मृत्यु अभिलिखित की गईं। अर्थात् प्रतिदिन बीस विवाहित स्त्रियों की असामयिक मृत्यु। जिस देश में 'अधिकार, न्याय और कार्रवाई' की मांग सबसे अधिक प्रासंगिक है, वह देश इसी धरती पर है। भारत में दहेज-पीड़िताओं के विधिक अधिकारों की सूची प्रभावशाली है। 1961 का दहेज-निषेध अधिनियम, भारतीय दंड संहिता की धारा 498-क, घरेलू हिंसा संरक्षण अधिनियम 2005 और अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 80 तथा 85, इन सबने एक सुदृढ़ विधिक ढांचा खड़ा किया है। तिरसठ वर्षों में यह ढांचा बार-बार सुधारा, परिमार्जित और सुदृढ़ किया गया, परन्तु 'अधिकार' की सार्थकता केवल उसके अभिलेखन में नहीं, उसके व्यावहारिक उपयोग में होती है। जब दोषसिद्धि की दर मात्र 11 से 17 प्रतिशत रहती हो, जब 67 प्रतिशत अंवेषण छह माह से अधिक काल तक अधर में रहते हों, तो कागज़ पर लिखे अधिकार उस स्त्री के किस काम के जो न्याय की प्रतीक्षा में प्राण गंवा देती है?

उत्तर प्रदेश में वर्ष 2022 में 2,200 दहेज-प्रकरण अभिलिखित हुए, किंतु दंड केवल 320 को मिला। राष्ट्रीय महिला आयोग को 2024 में अकेले दहेज-उत्पीड़न की 4,383 शिकायतें प्राप्त हुईं। इन प्रकरणों में साक्षियों को भयभीत किया जाता है, सबूत विलुप्त होते हैं, पुलिस पारिवारिक दबाव में 'समझौते' को प्रोत्साहित करती है और न्यायालय वर्षों तक प्रकरण सुनती रहती है। इस प्रक्रिया में पीड़ित परिवार न्यायिक थकान का शिकार होकर या तो वाद वापस ले लेता है या मौन हो जाता है। 'न्याय' जब इतना महंगा, इतना दीर्घकालिक और इतना अनिश्चित हो, तो उसे न्याय नहीं, विशेषाधिकार कहना अधिक उचित होगा।

इस न्यायिक दौर्बल्य को समझने के लिए दहेज की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जड़ों की परीक्षा आवश्यक है। पितृसत्तात्मक समाज-व्यवस्था में स्त्री को उत्पादन की इकाई न मानकर उपभोग का साधन माना जाता रहा है। 'कन्यादान' की अवधारणा ने पुत्री के साथ संपत्ति भेजने को पितृ-कर्तव्य के रूप में प्रतिष्ठापित किया। इस सांस्कृतिक नींव पर दहेज की मांग धीरे-धीरे सामाजिक स्वीकृति प्राप्त करती गई और रूढ़ि का रूप ले लिया।

जब कोई प्रथा सांस्कृतिक अनुमोदन प्राप्त कर लेती है, तब उसे केवल विधिक दंड से नहीं बदला जा सकता, क्योंकि समाज उस दंड को अनुचित मानता है और उससे बचने के मार्ग ढूंढता है। यही कारण है कि तिरसठ वर्षों के कठोर विधान के उपरांत भी यह प्रथा अपना स्वरूप बदलकर जीवित है और यह नवीन स्वरूप पूर्व से कहीं अधिक जटिल है। आधुनिक उपभोक्तावाद ने दहेज की प्रकृति को रूपांतरित किया है, समाप्त नहीं। जहां पूर्व में भूमि, स्वर्णाभूषण और नकद राशि की मांग होती थी, वहां आज मोटरयान, उच्च-श्रेणी के गृह-उपकरण और कभी-कभी विदेश-यात्रा तक की अपेक्षा रखी जाती है।

सामाजिक संचार माध्यमों पर वायरल होने वाले भव्य विवाह-समारोहों ने एक प्रतिस्पर्धात्मक मनोवृत्ति को प्रोत्साहन दिया है जिसमें विवाह की भव्यता परिवार की प्रतिष्ठा का मानक बन गई है। ग्रामीण भारत में 95 प्रतिशत और नगरीय भारत में 'उपहार' तथा 'आशीर्वाद-स्वरूप' की आड़ में यही प्रथा अव्याहत जारी है। पहनावा बदला है, पर चरित्र वही है।

इस प्रथा का आर्थिक भार भी कम विध्वंसकारी नहीं है। दहेज की पूर्ति के लिए ग्रामीण परिवार प्रायः अपनी एक से तीन वर्ष की आय व्यय कर देते हैं। भूमि बिकती है, स्वर्ण गिरवी रखा जाता है और बैंकों से ऋण लिया जाता है। जब यह आर्थिक बलिदान वर-पक्ष को 'पर्याप्त' नहीं लगता, तब आरंभ होती है, वह प्रताड़ना जो घर की चारदीवारी में छिपी रहती है और जो अन्ततः उस 'रसोई दुर्घटना' के रूप में सामने आती है, जिसे पुलिस रिकॉर्ड में अभिलिखित किया जाता है। इस प्रकार दहेज एक साथ तीन अपराध करता है। यह एक आर्थिक शोषण है, एक मानवाधिकार उल्लंघन है और एक सुनियोजित हत्या की पृष्ठभूमि है।

विधिक स्तर पर दहेज-मृत्यु के प्रकरणों के लिए द्रुत विशेष न्यायालयों की स्थापना, निर्धारित कालावधि में निर्णय और पुलिस-तंत्र को लैंगिक संवेदनशीलता का बाध्यकारी प्रशिक्षण अनिवार्य है। दहेज-निषेध अधिकारियों को ग्राम स्तर पर वास्तविक निगरानी का अधिकार और उत्तरदायित्व दोनों मिलने चाहिए न कि केवल कागज़ी कार्रवाई। 'विकसित भारत 2047' का स्वप्न तब तक अपूर्ण है, जब तक प्रतिवर्ष सात हजार से अधिक दहेज-हत्याएं इस राष्ट्र की सीमाओं के भीतर होती रहें। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य क्रमांक पांच लैंगिक समानता और क्रमांक 16 न्यायपूर्ण संस्थाएं, दोनों की पूर्ति तब तक संभव नहीं, जब तक दहेज की यह प्रथा जीवित है। विश्व की पांचवीं वृहत्तम अर्थव्यवस्था होने का गौरव तब संपूर्ण होगा, जब उसके नागरिकों को, विशेषतः स्त्रियों को, न्याय की त्वरित और सुलभ पहुंच प्राप्त होगी।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# अकेलापन और बंद दरवाजे

अकेलापन एक अजीब चीज़ है। यह हमें उन दरवाज़ों की तरफ वापस खींच ले जाता है, जिन्हें हमने बड़ी मुश्किल से बंद किया था। कभी-कभी बस किसी की मौजूदगी की ख्वाहिश हमें फिर से उन्हीं गलत रिश्तों में उलझा देती है, जिनसे निकलने में हमें बहुत वक़्त लगा था, इसीलिए जरूरी है कि हम खुद को समझें और उस अकेलेपन से हार न मानें। जब कोई हमें नजरअंदाज करता है, बार-बार संदेश भेजने पर भी कोई जवाब नहीं देता, तो हमें यह समझ लेना चाहिए कि आत्मसम्मान, किसी भी उम्मीद से ज़्यादा ज़रूरी है। खुद को उस जगह से हटा लेना, जहां हमारी कद्र नहीं, एक तरह का प्यार ही है- खुद से।



प्रशस्ति पाठक
लेखिका

कुछ चीजें जीवन में हमारे काबू में नहीं होतीं। जैसे-बालों का झड़ना या दांतों का गिरना। ये छोटी-छोटी बातें हमें याद दिलाती हैं कि हम सब कुछ नियंत्रित नहीं कर सकते। यही जीवन है- थोड़ा बेतरतीब, थोड़ा असहज, लेकिन पूरी तरह से सच्चा। अक्सर लोग हमारी तरक्की को देखते हैं, लेकिन वे यह नहीं देख पाते कि उस तरक्की के पीछे कितनी तन्हाई छुपी होती है। खुद को बेहतर बनाने के रास्ते में हम इतने अकेले हो जाते हैं कि कभी-कभी कोई हमारे पास आकर बस इतना कह दे कि 'मैं समझता हूं,' तो आंखें भीग जाती हैं।

वक़्त के साथ एक और बात समझ में आई। सच्ची दोस्ती का रिश्ता समय और दूरी से नहीं, दिल से जुड़ा होता है। साल में बस दो-तीन बार मिलने वाले दोस्त भी उतने ही अपने होते हैं, जितना रोज़ मिलने वाला कोई और रिश्तों की गहराई का असली इम्तिहान तब होता है, जब खामोशी भी बोझ नहीं लगती। जब दो लोग साथ हों और कोई बात न हो, फिर भी सुकून बना रहे, तो समझो वो रिश्ता अब शब्दों से आगे निकल चुका है।

हमेशा उस जगह रहो, जहां तुम्हारे हुनर को सराहा जाए, जहां तुम्हें सम्मान मिले। ऐसे माहौल में रहना, जहां तुम्हें बार-बार खुद को साबित करना पड़े, वो जगह तुम्हारे लायक नहीं है और सबसे खूबसूरत बात ये है कि तुम्हारी ज़िंदगी में जो लोग तुम्हें सच्चे दिल से चाहेंगे, उनमें से बहुत से लोग अभी तक आए नहीं हैं। प्यार अभी बाकी है। आगे बहुत कुछ अच्छा होने वाला है। अगर आज का दिन बुरा भी हो, तो यह मत भूलो कि साल में 364 और दिन हैं। हो सकता है, कल सूरज तुम्हारे लिए कुछ नया ले कर आए। एक दिन का दुखी होना ज़िंदगी का अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत की दस्तक हो सकती है।

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# वैश्विक अनिश्चितताओं में भारत की विकास दर

जनसंख्या की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश भारत कोरोना काल से पहले ही तेज गति से बढ़ती आर्थिक शक्ति के रूप में उभर चुका था। विश्व की लगभग सभी रेटिंग एजेंसियों जैसे आईएमएफ, फीच, एसएंडपी, मूडीज आदि के अनुमानों के आधार पर भारत की विकास दर आने वाले वर्षों में लगभग साढ़े छह से साढ़े सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं दूसरी ओर विश्व की बड़ी आर्थिक शक्तियां, विशेष रूप से अमेरिका और चीन, कोरोना महामारी के बाद विकास दर में उतार-चढ़ाव का सामना कर रही हैं। अमेरिका लगभग 2 से 2.2 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और चीन की विकास दर 4 से 4.5 प्रतिशत के आसपास है, जो भारत की तुलना में कम है।

भारत की तेज गति से बढ़ती आर्थिक शक्ति का मुख्य कारण लगातार हो रहा ढांचागत विकास, सुदृढ़ होती परिवहन व संचार सुविधाएं तथा आर्थिक सुधारों के मद्देनजर लिए गए नीतिगत फैसले हैं, जैसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के निवेश व टर्नओवर दायरे का विस्तार, आयकर सीमा में वृद्धि, जीएसटी दरों में कमी, नई श्रम संहिताओं का अमल में आना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दृष्टि से गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना का लागू होना, इससे ग्रामीण स्तर पर औद्योगिक ढांचा विकसित होगा तथा रोजगार और आजीविका के अवसर बढ़ेंगे।



प्रो. एचसी पुरोहित
दून यूनिवर्सिटी

स्टार्टअप इंडिया अभियान जैसे नूतन प्रयोग की दस वर्षों की विकास यात्रा पर दृष्टिपात करने से स्पष्ट होता है कि यह उद्यमिता विकास में मील का पत्थर सिद्ध हुआ है, क्योंकि आज दो लाख से अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं और स्टार्टअप इकोसिस्टम की दृष्टि से भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है। विनिर्माण क्षेत्र में निरंतर प्रगति औद्योगिक संरचनाओं के विस्तार का परिणाम है। पिछले पांच वर्षों में 14 महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्रों को प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) के माध्यम से विशेष सुविधाएं मिलने से औद्योगिक विकास को गति मिली है। इसके परिणामस्वरूप मेक इन इंडिया अभियान के अंतर्गत भारत आज प्रति वर्ष 63 अरब डॉलर से अधिक मूल्य के मोबाइल फोन निर्यात कर रहा है, जबकि एक दशक पूर्व यह लगभग तीन अरब डॉलर था। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में लगातार सुधार से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में भी निरंतर वृद्धि हो रही है।

बजट में घोषित सेमीकंडक्टर 2.0 अभियान से औद्योगिक संरचनाओं के विस्तार को और गति मिलने की संभावना है। हाल ही में आयोजित कृत्रिम बुद्धिमत्ता सम्मेलन से तकनीकी नवाचार के विकास को नई ऊंचाई मिलेगी, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। भारत की स्पष्ट नीति सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के समुचित उपयोग पर केंद्रित है, इसलिए हरित ऊर्जा और स्वच्छ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हो रही है।

हाल ही में जारी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के आंकड़ों पर नजर डालने से स्पष्ट होता है कि इसमें चीन की भागीदारी लगभग 25.92 प्रतिशत के साथ सर्वाधिक है। परंतु प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन के संदर्भ में चीन का स्तर अमेरिका से कम है, जबकि अमेरिका का वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में लगभग 11.12 प्रतिशत अंशदान है। भारत अपनी सर्कुलर अर्थव्यवस्था और सतत संस्कृति के कारण लगभग 7.83 प्रतिशत ही ग्रीनहाउस उत्सर्जन करती है, जो प्रति व्यक्ति भागीदारी की दृष्टि से अपेक्षाकृत कम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



# अजनबी शहर, नई दृष्टि और आत्मखोज की यात्रा

दिसंबर 2019 की वह रात आज भी मेरी स्मृतियों में जमी हुई ठंड की तरह ताजा है। विमान जब पेरिस की धरती पर उतरा, तब रात आधी बीत चुकी थी। घड़ी ने मध्यरात्रि पार कर ली थी और तापमान शून्य से नीचे जा चुका था। भारत की परिचित गर्माहट से निकलकर यूरोप की उस ठिठुरती हवा में कदम रखते ही मुझे पहली बार अपने निर्णय का वास्तविक अर्थ समझ आया। यह केवल एक यात्रा नहीं थी, यह मेरे जीवन का पहला पूर्णतः एकल अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक अभियान था। विश्व के अग्रणी वैज्ञानिकों के बीच, न्यूरो साइंस और मस्तिष्क अनुसंधान के अत्याधुनिक वातावरण में, मैं वहां एक शोध प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने पहुंची थी। जब हवाई अड्डे के स्वचालित दरवाजे खुलते ही बर्फीली हवा चेहरे से टकराई, मेरे भीतर वैज्ञानिक जिज्ञासा से पहले एक साधारण यात्री का संकोच जाग उठा। भाषा अनजानी, उच्चारण अपरिचित और शहर पूर्णतः नया, सब कुछ एक साथ मेरे सामने खड़ा था। फिर भी, उस ठंड में एक विचित्र ऊर्जा थी, जैसे प्रकृति स्वयं कह रही हो कि असुविधा ही विकास का पहला कदम है।



डॉ. गीतिका श्रीवास्तव
सह आचार्य, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय

## वातावरण

शोध प्रशिक्षण कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत अनुशासित था। समय की पाबंदी केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि कार्य संस्कृति का मूल तत्व थी। प्रत्येक सत्र निर्धारित समय पर प्रारंभ और समाप्त होता, प्रत्येक चर्चा सटीक और गहन होती। यहां मैंने पहली बार देखा कि ज्ञान केवल जानकारी का संचय नहीं, बल्कि सोचने की विधि है। एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जो हर प्रश्न को गहराई से देखने की प्रेरणा देता है। शीर्ष शोधकर्ताओं के साथ संवाद करना किसी पुस्तक के जीवंत हो उठने जैसा अनुभव था। जिन सिद्धांतों को मैंने वर्षों तक पढ़ा था, वे अब प्रयोगशालाओं में आकार लेते दिख रहे थे। जटिल उपकरण, उन्नत तकनीकें और विचारों की निरंतर धारा यह सब मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया। सबसे महत्वपूर्ण यह था कि वहां प्रतिस्पर्धा नहीं, सहयोग की भावना थी। प्रश्न पूछना प्रोत्साहित किया जाता था, जिज्ञासा को सम्मान मिलता था और विचारों का आदान-प्रदान खुलेपन से होता था। मुझे यह समझ में आया कि सच्चा वैज्ञानिक वातावरण वही है, जहां ज्ञान साझा करने से बढ़ता है, छिपाने से नहीं।



## अधूरे वाक्यों के सहारे संवाद का पुल

पेरिस पहुंचते ही मुझे पहली चुनौती भाषा की मिली। अंग्रेजी का प्रयोग सीमित था और फ्रेंच उच्चारण मेरे लिए बिल्कुल नया। स्थानों के नाम, मेट्रो स्टेशनों की घोषणाएं, यहां तक कि लोगों के नाम भी मेरे लिए मानो किसी नए संगीत की धुन थे, जिन्हें समझने में समय लगना स्वाभाविक था। एक साधारण प्रश्न पूछना भी कई बार एक छोटी-सी यात्रा बन जाता। मैं शब्द खोजती, सामने वाला व्यक्ति मुस्कुराकर फ्रेंच में कुछ कहता और हम दोनों ही संकेतों और अधूरे वाक्यों के सहारे संवाद का पुल बनाते, लेकिन यही अनुभव धीरे-धीरे मुझे एक महत्वपूर्ण जीवन पाठ सिखाने लगा। भाषा केवल शब्दों का माध्यम नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का विस्तार है। मुस्कान, सहयोग, धैर्य और सम्मान ये सार्वभौमिक भाषाएं हैं, जिन्हें अनुवाद की आवश्यकता नहीं होती। कुछ ही दिनों में विभिन्न देशों से आए प्रतिभागियों के साथ संवाद सहज होने लगा।



## एफिल टॉवर और पेरिस की सुंदरता

औपचारिक प्रशिक्षण के बाद का समय मेरा अपना था। मैंने निर्णय लिया कि इस शहर को केवल पर्यटक की तरह नहीं, बल्कि एक खोजकर्ता की तरह देखूंगी। पैदल चलकर, गलियों को महसूस करके और शहर की धड़कन को सुनकर। पेरिस की सड़कों पर अकेले चलना एक अद्भुत अनुभव था। ठंडी हवा, हल्की रोशनी और इतिहास से भरी इमारतें हर मोड़ एक कहानी कहता प्रतीत होता। सीन नदी के किनारे टहलते हुए मुझे लगा कि यह शहर केवल स्थापत्य का नहीं, विचारों का शहर है। यहां कला, दर्शन, साहित्य और विज्ञान सब एक साथ सांस लेते हैं, लैटिन क्वार्टर की बौद्धिक ऊर्जा, मोंटमार्ट्रे की कलात्मक आत्मा, संग्रहालयों की गंभीरता और कैफे की सहजता हर स्थान अपने भीतर एक अलग दुनिया समेटे हुए था। फिर वह क्षण आया, जिसे शब्दों में बांधना आज भी कठिन है। जब मैंने पहली बार एफिल टॉवर को सामने देखा। वह वही संरचना थी, जिसे मैंने बचपन में पुस्तकों के पन्नों पर देखा था। भूगोल की किताबों में, पोस्टकार्डों में और कल्पनाओं में, लेकिन वास्तविकता में उसे देखना एक अलग ही अनुभव था। रात के अंधेरे में रोशनी से जगमगाता वह टॉवर केवल लोहे की संरचना नहीं था। वह समय, सपनों और उपलब्धि का प्रतीक था। उस क्षण मुझे लगा कि जीवन में देखी हुई चीजें सपनों को आकार देती हैं और जब वे सपने साकार होते हैं, तो व्यक्ति स्वयं को नए रूप में पहचानता है। पेरिस की सुंदरता केवल उसकी इमारतों में नहीं, बल्कि उसकी लय में है। लोग पैदल खूब चलते हैं, बातचीत में समय लेते हैं और जीवन को अनुभव की तरह जीते हैं। यह शहर आपको रुकना सिखाता है। देखने के लिए, सोचने के लिए और महसूस करने के लिए। लूव्र संग्रहालय की भव्यता, नोट्रे-डेम की गंभीरता, सीन के पुलों की शांति और छोटे-छोटे कैफे की गर्माहट सब मिलकर एक ऐसा वातावरण बनाते हैं, जहां मन स्वतः चिंतनशील हो जाता है।



---

अनुभूति

# छोलिया की याद

छोलिया शब्द के साथ बचपन की बहुत सी यादें जुड़ी हैं। बीते दिनों छोलिया लेकर आई तो सब्जी बनाते हुए चलचित्र की भांति कितनी ही यादें आंखों के आगे तैर आईं। किंग्जवे कैंप का घर टूटने पर हमें जहांगीरपुरी में डीडीए द्वारा बनाए नए फ्लैट्स में शिफ्ट कर दिया गया। जिस घर में पैदा हुई उसे छोड़कर जाना, स्कूल, सहेलियां, बचपन के खेल, मां की यादें सभी तो उसी घर से जुड़ी थीं। मायूसी, दर्द और असहनीय पीड़ा का अहसास तारी था बस।

उस वक्त बहुत बड़ी नहीं थी, पर इतनी भी छोटी नहीं थी। पापा बताते हैं कि वह पाकिस्तान से माइग्रेट होकर यहां आए थे, कैंप टूटने पर मुझे भी यही महसूस होता था कि हमें भी जैसे देश निकाला मिल गया हो। कहां किंग्सवे कैंप का खुला-खुला घर और कहां जहांगीरपुरी के दड़बे जैसा फ्लैट! रसोई, एक इकलौता कमरा और एक नन्हा सा वेहड़ा! हम दो परिवार इस एक कमरे के फ्लैट में शिफ्ट हुए। कैसे रहे? याद करती हूं, तो मन भर आता है। नए सिरे से जिंदगी शुरू करनी आसान कहां होती है भला? घर छोटे-छोटे थे अतः अधिकतर लोग घर के बाहर चारपाई बिछा उसी पर बैठे कई काम निपटा लेते। सब्जी काटना, सिलाई मशीन पर कपड़े सिलना, कपड़े तह करना और जाने कितने काम। मैले कपड़े गली के बाहर लगे सार्वजनिक नल पर जाकर धोए जाते। इन कामों में एक काम था छोलिया छिलना। सर्दी की गुनगुनी धूप में घर के काम निपटाकर कुछ महिलाएं स्वेटर बुनती, कुछ सिलाई कढ़ाई करतीं तो कुछ छोलिया छिलने बैठ जाती। पहले पहल तो समझ न आया कि रोज इतने छोलिए का करती क्या होंगी। फिर पता चला कि सब्जी वाले भैया छोलिया छिलने के बदले पैसे देते हैं। ढेर के ढेर हरे छोलिए के गठ्ठर सामने पड़े रहते और महिलाएं बतियाते हुए बीनती जाती। सच पूछिए तो आसान काम नहीं था ये। अपने घर के लिए छोलिया छीलते हुए ही हाथ थक जाते थे और वे महिलाएं तो बिना नागा ढेर सारा छीलती थीं। छिला छिलाया छोलिया लाई और झटपट बना भी लिया, लेकिन जाने क्यों ये सब आज बहुत याद आया।



अंजू खरबंदा
शिक्षिका



---

विमर्श


# 'आधे आसमान' से ही पूर्ण होगा आकाश

स्त्री सृष्टि की रचयिता है, जो अपने गर्भ से ही जीवन का प्रारंभ करती है। वह परिवार की आत्मा है और समाज की कुशल वास्तुकार है, जो अपनी बौद्धिकता एवं लगन से परिवार में मिठास एवं समाज को प्रगतिशील बनाती है। स्त्री के बिना संसार की कल्पना नहीं की जा सकती है, क्योंकि वह जीवन है। स्त्री के सम्मान में ही सृष्टि का संतुलन एवं समाज का उत्थान है, लेकिन फिर भी सदियों से संसार की स्त्रियां उपेक्षित रही है। यह दोहरी प्रवृति हमारे समाज की सबसे बड़ी विडंबना है, जो आज के वैज्ञानिक युग में भी व्याप्त है। एक ओर जहां हमारे देश में स्त्रियों को मौखिक रूप से देवी का स्थान दिया गया है, वहीं पितृसत्तात्मक व्यवस्था ने आज भी स्त्रियों को बंधनों से जकड़े रखा। इसके पूर्व ही सती प्रथा, बाल विवाह और कन्या भ्रूण हत्या जैसी अनेक कुरीतियों द्वारा शोषण किया गया और आज भी देश में शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में महिलाएं पिछड़ी हुई हैं और महिलाओं के साथ बालात्कार एवं हिंसा की खबरें तो रोज की बात हो गई है। वर्तमान आंकड़े इस कड़वी हकीकत को और स्पष्ट करते हैं।



वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट 2025 के अनुसार भारत 148 देशों में 131 वें स्थान पर है, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति होने के साथ महिलाओं की साक्षरता दर बढ़ी है और उच्च शिक्षा में नामांकन लगभग 46 प्रतिशत तक पहुंच गया है, लेकिन परिवार और देश की अर्थव्यवस्था में भागीदारी काफी कमजोर है। महिला श्रम बल भागीदारी दर थोड़ा बढ़ी, परंतु पुरुषों की तुलना में अभी भी बहुत ज्यादा कमजोर है। महिलाएं घरेलू कामों में अधिक समय बिताती हैं, जिससे उनकी वेतन वाली नौकरियों में भागीदारी सीमित रहती है। देश में महिलाओं के साथ उत्पीड़न एवं हिंसा अधिक चिंता का विषय है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार महिलाओं के खिलाफ अपराधों में निरंतर वृद्धि हो रही है। कार्यस्थल पर उत्पीड़न, साइबर क्राइम और घरेलू हिंसा आज भी लाखों महिलाओं की आजादी छीन रही है। अक्सर सुनने को मिलता है महिलाओं को नौकरी में आरक्षण मिला, यात्रा में भी सुविधा मिली, शिक्षा में साइकिल एवं पोशाक की सुविधा मिल तो गई, अब और कितनी बराबरी चाहिए? यह तंज करने से पहले चिंतन करने की आवश्यकता है कि क्या ये सुविधाएं और आरक्षण ने महिलाओं को परिवारिक-सामाजिक स्तर पर पुरुषों के बराबर अधिकार और स्वतंत्रता दे रही है? अगर लैंगिक बराबरी मिल रही है, तब देश में ही असुरक्षित कैसे है? न आजादी से कही आ-जा सकती, न आजादी से पढ़ लिख सकती, न आजादी से कमा सकती और न ही आजादी से जी सकती है।

आजकल एक और तंज कसे जा रहे है कि 'स्त्रियों को थोड़ी आजादी क्या मिली संस्कारहीन बनती जा रही है।' इस तंज पर एक सवाल की 'क्या संस्कारहीन होने के पैमाने एवं जेंडर निर्धारित होता है?' सदियों से नशे की लत, जुआ, झूठ, धोखा, हिंसा, व्यभिचार जैसी आदतें पुरुषों में भी रही हैं, लेकिन उन्हें 'संस्कारहीन' कहकर समाज ने कभी इतना तीखा तंज नहीं कसा, जितना आज एक लड़की को खुलकर बोलने, देर रात बाहर रहने, करियर चुनने या अपनी पसंद की शादी करने पर कसता है। यह दोहरा मापदंड संस्कार को परिभाषित नहीं करता है। संस्कार असल में नैतिकता, ईमानदारी, सम्मान, जिम्मेदारी और मानवता का नाम है, जो नैतिकता और मर्यादा की सीमा से घिरी है। महिलाओं की बढ़ती आजादी ने समाज को संस्कारहीन नहीं बनाया, बल्कि हिंसा और असमानता को कम करने की कोशिश की है।



अंबिका अंबी
लेखिका

---

संस्मरण


# कर्म की प्रतिध्वनि

उस रोज इज्जतनगर स्टेशन पर टिकट बुक कराने गया तो उम्मीद से ज्यादा भीड़ थी। टिकट विंडो से बाहर तक लंबी लाइन। शायद त्योहार नजदीक होना इसकी वजह रहा हो। लाइन में लगे लोग इंतजार के फासले को अपने-अपने हिसाब से तय कर रहे थे। टिकट विंडो में हाथ डाला ही था कि एक सज्जन जो कि लाइन में ठीक मुझसे पहले थे और लगभग आधा घंटे किसी से फोन पर क्वेरीज कर-कर के अपने दर्जन भर टिकट ( कुछ कैंसिल कुछ बनवाकर) अभी-अभी निकले ही थे, दौड़ते हुए आए और मेरे हाथ की परवाह किए बिना विंडो में हाथ घुसाते हुए गुस्से की मुद्रा में टिकट कर्ता से बोले- "मैडम आपने हमारा टिकट गलत तारीख का दे दिया।" "नहीं, ऐसा तो नहीं है, टिकट दिखाइए"- टिकट बनाती लड़की बोली। "ऐसा कैसे नहीं है ये देखिए! हमें जाना 20 को है और आपने टिकट 21 का बना दिया"- टिकट देते हुए उन सज्जन ने खौरियाते हुए कहा। लड़की ने टिकट देखा और उस व्यक्ति द्वारा भरे गए फॉर्म से मिलाया। पूरी तरह आश्वस्त होकर बोली -"यह देखिए सर! आपने फॉर्म में जो डिटेल दी है, वही टिकट में है।" व्यक्ति ने तेजी से फॉर्म और टिकट का मिलान किया। खोजने पर भी उस लड़की की नहीं, बल्कि अपनी ही कमी पाकर तुरत गिरगिटिया रूप धर क्रोध को याचना में बदलते हुए बोला- "सॉरी मैडम! ग़लती हो गई। ऐसा कीजिए, इस टिकट की डेट बदल दीजिए।" "ऐसे डेट नहीं बदली जाती। अब यह टिकट कैंसिल करके दूसरा बनवाना पड़ेगा आपको" - लड़की ने कहा। "देख लीजिए कुछ हो सके तो, वरना ऐसा ही ..." वह व्यक्ति बोला।

इतनी देर में लाइन में लगे लोगों का सब्र जवाब दे चुका था। वे अपने-अपने भाषाई संस्कारों से उस व्यक्ति को नवाजने लगे। लड़की ने इस घमासान के बीच कुछ फॉर्म उस व्यक्ति को दिए और ध्यान पूर्वक भरकर लाइन में लगने को कहकर मेरा टिकट बनाने लगी। मैंने टिकट और बकाया पैसे जैसे-तैसे विंडो से मुट्ठी बांधकर बाहर निकाले और स्टेशन के बाहर आ गया। बाहर आकर टिकट की डेट और अन्य डिटेल चैक की। किराये की राशि देखी। हाथ में आए पैसे भी चैक किए। मिलान किया तो पाया कि मुझ पर चार सौ रुपए ज्यादा आ गए हैं। वापस दो सौ रुपया होने थे। सौ-सौ के चक्कर मे एक सौ के नोट के साथ एक पांच सौ का आ गया था। मैंने फिर से एक बार टिकट और पैसों का मिलान किया और इसे तत्कालीन माहौल में लड़की की मानवीय त्रुटि मानते हुए पैसा वापस करने विंडो पर आ गया। "क्यों, आपकी भी डेट बदल गयी है क्या?" लाइन में लगा एक व्यक्ति बोला। "नहीं भाई"- मैंने जवाब दिया। "तो क्या कोई इन्क्वायरी करनी है, वो विंडो उधर है"- एक और व्यक्ति बोला। "इसीलिए महिला को विंडो पर नहीं बैठाना चाहिए, लोग बार-बार दर्शन करने ..." एक और व्यक्ति ने दांत चियारे।

"मैडम मुझ पर चार सौ रुपया ज्यादा आ गए हैं।" - इस चुहल चर्चा के बीच मैं विंडो की ओर मुंह करके जोर से बोला। लड़की टिकट बनाते से सहसा रुकी। मुझे देखा। मैंने मुट्ठी बांधकर टिकट और धनराशि उसे बढ़ा दी। लड़की ने कम्प्यूटर में कैलकुलेट किया और बोली - "थैंक्स अ लॉट सर!" उसकी आंखों में कृतज्ञता की नमी थी, जिसे साफ-साफ देखा और अनुभव किया जा सकता था। अगला हफ्ता बनारस में रहा। वापसी में श्रमजीवी एक्सप्रेस से बरेली लौट रहा था। रात में लगभग दो बजे ट्रेन से उतरा। बाहर आकर रिजर्व ऑटो लिया और घर के गेट पर पहुंच गया। ऑटो वाले को पैसे देने के लिए जैसे ही जेब में हाथ डाला तो सन्न रह गया। जेब से पर्स नदारद था। पर्स में पैसों के अलावा अन्य जरूरी कागजात भी थे। तुरंत ऑटो को बैक किया, लेकिन तब तक ट्रेन जा चुकी थी। उसी ऑटो से वापस आया। पत्नी से पैसे लेकर पेमेंट किया और पर्स में गुम हुई चीजों के बारे में क्या करना है यही सोचते विचारते सो गया।

सुबह ऑफिस पहुंचा और अपने कामों में रम गया। दोपहर में लंच के लिए घर जाने को निकल ही रहा था कि एक अनजान नंबर से फोन आया। "आप कौन बोल रहे हैं जी?"- उधर से आवाज थी। "आपने किसको लगाया है जी?" "जी मैं अवनीश हूं श्रीमान!" मैंने कहा। "कहां से जी?" "बरेली से जी!" "आप अभी बनारस गए थे क्या?" "जी हां, लेकिन आप कौन हैं और यह सब क्यों पूछ रहे हैं?" मैं बोला। "बताऊंगा जी, पहले ये बताओ आपके आई कार्ड पर, जो फोटो लगा है, उसमें आपने किस रंग की शर्ट पहनी है?" वार्तालाप यहां तक आते आते मेरे अंदर पॉजिटिव वाइब्स बहने लगी थीं। "व्हाइट और पिंक चैक!" मैं चहककर बोला और कार्ड पर अंकित पूरी डिटेल भी बता दी। "बहुत बढ़िया यादव जी। मैं राम कीरत सिंह बोल रहा हूं गजरौला से। मेरे पास आपका पर्स है, जिसमे पैंतालीस सौ बासठ रुपए और अन्य कागजात सुरक्षित हैं। रात को बरेली से ट्रेन में बैठा था। सुबह उतरते वक्त सीट के नीचे से अटैची खींची तो यह पर्स मिला। परिचय पत्र में दिए नंबर को मिलाकर ही आप से बात कर रहा हूं। बताइए आपकी अमानत कहां और कैसे पहुंचवा दूं? वैसे कल तक मैं मुरादाबाद में हूं अपने बेटे के पास।" "मैं कल खुद आऊंगा आपके दर्शन करने भाईसाब, मुरादाबाद मेरा गृह जनपद है", मैं भाव विभोर होकर बोला। "अरे वाह! यह तो बहुत बढ़िया। मैं इंतजार करूंगा। पहुंचने को हों तब दस मिनट पहले फ़ोन कीजियेगा, मैं लेने आ जाऊंगा"- उधर से आवाज थी। अगली सुबह बस से मुरादाबाद उतरा। सामने एक सामान्य कद काठी, लेकिन मुस्कराते और जिंदगी की चमक से भरपूर चेहरे को देखते ही मैं पहचान गया कि यही हैं रामकीरत जो वाकई राम जी की कृति भी है और कीर्ति भी। रामकीरत जी के साथ पूरा दिन मुहब्बत और इंसानी जज्बात से लबरेज रहा। लौटते वक्त तक अपरिचय एक खूबसूरत रिश्ते में तब्दील हो चुका था। पुनः यह विश्वास और पुख्ता हुआ कि दुनिया हमारे कार्य व विचारों की प्रतिध्वनि ही है। यह वही लौटाती है, जो हम इसे सौंपते हैं।





डॉ. अवनीश यादव
प्रांतीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उप्र

## बिजनेस ब्रीफ

### दिल्ली एशिया-प्रशांत क्षेत्र का पांचवां सबसे व्यस्त एयरपोर्ट

**नयी दिल्ली।** दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा सिंगापुर के चांगी और दक्षिण कोरिया के इंचियोन हवाई अड्डों को पीछे छोड़ते हुए एशिया-प्रशांत क्षेत्र का पांचवां सबसे व्यस्त हवाई अड्डा बन गया है। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में एविएशन एनालिटिक्स फर्म (ओएजी) के हवाले से बताया कि जाने वाले विमानों में साल 2025 में 4.62 करोड़ सीटों की उपलब्धता के साथ दिल्ली हवाई अड्डा पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। साल 2019 में यह नौवें स्थान पर था। इसमें 3.28 करोड़ घरेलू सीटें शामिल हैं।

### भारत में रिलायंस बेचेगा फिनलैंड में बनी फेजर की चॉकलेट

**नयी दिल्ली।** रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने फिनलैंड की अग्रणी फूड कंपनी फेजर के साथ एक समझौते की घोषणा की है। आरसीपीएल ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस समझौते के तहत फेजर भारतीय ग्राहकों के लिए प्रीमियम चॉकलेट और कंफेक्शनरी उत्पाद पेश करेगी। फेजर के उत्पाद फिलहाल 40 से अधिक देशों में उपलब्ध हैं। दोनों कंपनियां भारत में दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी के तहत फेजर के रेसिपी और गुणवत्ता मानकों के अनुसार, चॉकलेट का उत्पादन, मार्केटिंग और वितरण करेंगी।

### फरवरी में ईवी पंजीकरण में 44 % की वृद्धि: फाडा

**नयी दिल्ली।** इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में फरवरी में सालाना आधार पर 44% की बढ़ोत्तरी हुई है। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फरवरी, 2026 में ईवी की कुल बिक्री बढ़कर 13,733 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 9,505 इकाई थी।

### तीन कंपनियों को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

**नयी दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने ऊर्जा क्षेत्र की ईस्टमैन ऑटो एंड पावर, कलपुर्जा विनिर्माता माइलस्टोन गियर्स और कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र की कंपनी बॉनब्लॉक टेक्नोलॉजीज को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से कुल 3,300 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दे दी है। इन कंपनियों ने अक्टूबर और दिसंबर के बीच भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपने शुरुआती दस्तावेज जमा कराए थे, जिस पर नियामक ने चार से पांच मार्च के दौरान अपनी टिप्पणियां जारी कीं। सेबी की भाषा में 'टिप्पणी' जारी करने का अर्थ सार्वजनिक निर्गम लाने की मंजूरी होता है।

### 18 पैसे टूटकर 91.82 प्रति डॉलर पर आया रुपया

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे लुढ़ककर 91.82 पर बंद हुआ। रुपये में यह गिरावट कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति की वजह से आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, पश्चिम एशिया के टकराव के बढ़ने से सुरक्षित निवेश मानी जाने वाली परिसंपत्तियों की मांग बढ़ने से रुपये पर दबाव बना। विदेशी कोषों की सतत निकासी और घरेलू शेयर बाजार में गिरावट के रुख ने निवेशकों की कारोबारी धारणा को और भी प्रभावित किया।

## कारीगरी



जम्मू-कश्मीर, विशेषकर अनंतनाग और संगम (श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे) क्षेत्र, अपने विश्व प्रसिद्ध कश्मीरी विलो क्रिकेट बल्लों के निर्माण के लिए जाना जाता है। यहां प्रतिवर्ष 30 लाख से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले बल्ले बनाए जाते हैं, जिसमें 500 से अधिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स निर्माण में शामिल हैं। ये बल्ले अपनी मजबूती और कम कीमत के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हैं। ये बल्ले 'सालिक्स अल्बा' नामक विलो लकड़ी से बनते हैं, जो ठंडे और गीले इलाकों में पनपती है। फोटो • एजेंसी

# कच्चे तेल में उबाल से फिसला सेंसेक्स, 1097 अंक टूटा

## विदेशी बाजारों की कमजोरी और निवेशकों की लगातार बिकवाली ने बनाया दबाव

**मुंबई, एजेंसी**



- एक्सिस बैंक, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, एयरटेल समेत कई बड़ी कंपनियों के शेयरों में रही तेज गिरावट

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के सातवें दिन शुक्रवार को निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,097 अंक टूटकर बंद हुआ जबकि निफ्टी 315 अंक लुढ़क गया।

विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, अमेरिकी एवं यूरोपीय बाजारों में कमजोरी और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी बाजार पर दबाव बनाया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,097 अंक यानी 1.37 प्रतिशत टूटकर 78,918.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,203.72 अंक लुढ़ककर 78,812.18 अंक तक आ गया था। इसी तरह, एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी 315.45 अंक यानी 1.27 प्रतिशत के नुकसान के साथ 24,450.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही।

दूसरी तरफ रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा, एनटीपीसी, इन्फोसिस और एचसीएल टेक के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। पश्चिम एशिया संकट गहराने से कच्चे तेल के दामों में तेजी के बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.53 प्रतिशत चढ़कर 87.57 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से पश्चिम एशिया से तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है। यह तेजी भारत के चालू खाते के घाटे, मुद्रास्फीति और मौद्रिक नीति के रुख को प्रभावित कर सकती है।

व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.10 प्रतिशत नीचे आया, जबकि छोटी कंपनियों का स्मालकैप 0.43 प्रतिशत के नुकसान में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में भी व्यापक गिरावट रही। शीर्ष 10 बैंकों में 2.37 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई जबकि प्राइवेट बैंक सूचकांक 2.25 प्रतिशत, बैंकेक्स 2.14 प्रतिशत और वित्तीय सेवाएं सूचकांक 2.12 प्रतिशत गिर गया।

इसके अलावा बीएसई पीएसयू बैंक सूचकांक 1.99 प्रतिशत और सेवाएं सूचकांक 1.35 प्रतिशत के नुकसान में रहा। हालांकि पूंजीगत वस्तु, औद्योगिक और बिजली क्षेत्र के सूचकांकों में बढ़त दर्ज की गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,304 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 1,895 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए और 175 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# सरकार ने रिफाइनरियों पर लगाया एस्मा एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश

## पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच रसोई गैस की आपूर्ति बहाल रखने के लिए उठाया कदम

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश देने के लिए 'एस्मा' कानून के तहत आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया है। इसका मकसद पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण संभावित व्यवधानों से निपटने के लिए घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता बढ़ाना है। भारत की एलपीजी खपत वित्त वर्ष 2024-25 में 3.13 करोड़ टन थी, जिसमें से केवल 1.28 करोड़ टन का उत्पादन घरेलू स्तर पर किया गया था। बाकी का आयात किया गया था।

भारत का 85-90 प्रतिशत आयात सऊदी अरब जैसे देशों से आता है जो आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भर हैं। ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच एक सप्ताह से जारी संघर्ष के कारण यह समुद्री मार्ग बंद हो गया है। भारत में तेलशोधन क्षमता पर्याप्त होने के बावजूद तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के उत्पादन में कमी को देखते हुए सरकार ने रिफाइनरियों को इसका उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पांच मार्च को जारी एक आदेश में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की सभी रिफाइनरियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि उत्पादन के दौरान निकलने वाली प्रोपेन और ब्यूटेन गैस का अधिकतम उपयोग एलपीजी के उत्पादन में किया जाए। एलपीजी असल में प्रोपेन और ब्यूटेन गैसों का मिश्रण होता है और देश में इसका उपयोग मुख्य रूप से घरेलू रसोई गैस के रूप में किया जाता है।

आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (एस्मा) के तहत जारी इस आदेश में तेल रिफाइनरियों से कहा गया है कि वे उत्पादित एलपीजी को केवल तीन सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों- इंडियन ऑयल (आईओसी), भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) को ही उपलब्ध कराएं। साथ ही सरकार ने रिफाइनरियों को प्रोपेन एवं ब्यूटेन का उपयोग पेट्रोकेमिकल उत्पाद बनाने में करने से रोक दिया है।

मंत्रालय ने कहा है कि सभी तेल रिफाइनिंग कंपनियां प्रोपेन या ब्यूटेन का इस्तेमाल न तो पेट्रोकेमिकल उत्पादों के निर्माण के लिए करेंगी और न ही उनका उपयोग, प्रसंस्करण, क्रैकिंग या रूपांतरण करेंगी। आदेश में कहा गया है कि इन गैसों से बनने वाली एलपीजी केवल घरेलू उपभोक्ताओं को खाना पकाने के उपयोग के लिए बेची जाएगी। इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित कंपनियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। भारत में इस समय 33.08 करोड़ सक्रिय एलपीजी उपभोक्ता हैं और सरकार की कोशिश रसोई गैस की आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने की है।

### भारत से पेट्रो उत्पादों का आयात करेगा मॉरीशस

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** मॉरीशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफल ने शुक्रवार को कहा कि मॉरीशस जल्द ही सरकार-से-सरकार (जी2जी) व्यवस्था के तहत भारत से पेट्रोलियम उत्पादों का आयात शुरू करेगा। रामफल ने कहा कि पहले भी हमारे पास भारतीय सरकार के साथ एक समान व्यवस्था थी, जिसमें मैंगलोर तेल रिफाइनरी शामिल थी। यह सरकार-से-सरकार व्यवस्था थी और हमें लगातार पेट्रोल की आपूर्ति अपेक्षाकृत कम कीमत पर मिलती थी। हम भारत सरकार के साथ इसी तरह की व्यवस्था की उम्मीद कर रहे हैं। मॉरीशस पूरी तरह से पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर निर्भर करता है। यहां सालाना परिष्कृत पेट्रोलियम आयात का मूल्य लगभग 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर है। रामफल ने यह भी कहा कि हम यह विचार कर रहे हैं कि शायद पेट्रोल को रुपये में खरीदें, जिससे यह मॉरीशस के लिए और भी आकर्षक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट उन देशों को काफी प्रभावित करेगा जो पेट्रोलियम आयात पर अधिक निर्भर हैं। रामफल ने कहा-इसका असर छोटी और कमजोर अर्थव्यवस्थाओं जैसे मॉरीशस पर व्यापक रूप से पड़ेगा।

# अमेरिकी छूट के बाद भारतीय कंपनियों ने खरीदा दो करोड़ बैरल रूसी तेल

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में रूसी तेल के एक दर्जन से अधिक टैंकर मौजूद
- 5 मार्च से पूर्व जहाजों पर लदे तेल की भारत में आपूर्ति करने और उतारने की दी अनुमति

पश्चिम एशिया संकट से तेल आपूर्ति बाधित होने के बीच भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने अमेरिका ने समुद्र में फंसे रूसी कच्चे तेल को खरीदने के लिए 30 दिन की अस्थायी छूट दे दी।

सूत्रों ने बताया कि इसका फायदा उठाते हुए भारतीय रिफाइनरों ने लगभग दो करोड़ बैरल रूसी तेल खरीद लिया है, जो अधिकतर गैर-प्रतिबंधित इकाइयों से लिया गया है।

रिफाइनिंग कंपनियां इस बारे में कानूनी राय भी ले रही हैं कि क्या अमेरिकी छूट के तहत प्रतिबंधित संस्थाओं से भी खरीद की अनुमति है या नहीं। अमेरिका ने यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के विरोध में रूसी कच्चे तेल की खरीद पर कई पाबंदियां लगाई हुई हैं। हालांकि, पश्चिम एशिया संकट गहराने के बाद अमेरिकी प्रशासन ने एक 30-दिन का लाइसेंस जारी किया है, जिसके तहत पांच मार्च, 2026 से पहले जहाजों पर लोड किए गए रूसी मूल के कच्चे तेल या पेट्रोलियम उत्पादों की भारत में आपूर्ति करने और उतारने की अनुमति दी गई है।

भारत 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार बनकर उभरा था, लेकिन हाल के महीनों में अमेरिकी दबाव के चलते इस खरीद में खासी गिरावट आई थी। इस कटौती की वजह से अमेरिका ने फरवरी की शुरुआत में भारतीय उत्पादों पर लगाए 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क को हटाने के साथ ही एक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बनने की भी घोषणा की थी।

बता दें कि 1.5 करोड़ बैरल रूसी कच्चा तेल अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में टैंकर पर मौजूद है, लगभग 70 लाख बैरल तेल सिंगापुर के पास खड़े जहाजों में है।

# एआई इफेक्टः युवा कर्मियों की भर्ती धीमी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

कृत्रिम मेधा (एआई) से अभी तक नौकरियों का कोई उल्लेखनीय नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन इस प्रौद्योगिकी से प्रभावित व्यवसायों में युवा कर्मचारियों की भर्ती धीमी होती दिख रही है। एआई फर्म एंथ्रोपिक के एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई। इसके मुताबिक कृत्रिम मेधा का वास्तविक प्रसार अभी उसकी क्षमता के मुकाबले काफी कम है।

क्लाउड चैटबॉट के पीछे काम करने वाले और अब अमेरिकी प्रशासन की जांच के घेरे में आ चुके सैन फ्रांसिस्को स्थित एआई स्टार्टअप की रिपोर्ट में श्रम बाजार के आंकड़ों के साथ वास्तविक दुनिया में एआई के उपयोग का विश्लेषण किया गया है। इसमें पाया कि कार्यालय से जुड़े, ज्ञान-आधारित व्यवसाय एआई से सबसे अधिक प्रभावित हैं। विशेष रूप से कोडिंग, सूचना प्रसंस्करण, विश्लेषण और नियमित डिजिटल कार्यों से जुड़ी भूमिकाएं।

वास्तव में कंप्यूटर प्रोग्रामर, ग्राहक सेवा प्रतिनिधि, डेटा एंट्री ऑपरेटर, बाजार शोध विश्लेषक और वित्तीय तथा निवेश विश्लेषक जैसे पद सबसे अधिक प्रभावित व्यवसायों में शामिल हैं। इनके कई कार्यों को पहले ही लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) ने स्वचालित या तेज कर दिया है। इसके विपरीत मुख्य रूप से शारीरिक क्षमताओं की आवश्यकता वाली नौकरियों पर इसका सबसे कम प्रभाव पड़ता दिख रहा है।

### फ्लिपकार्ट ने की 300 कर्मचारियों की छंटनी

**नयी दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा के बाद 250-300 कर्मचारियों की छंटनी की है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। छंटनी कई विभागों और कर्मचारियों के स्तर पर की गई है। वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली यह कंपनी एक ओर जहां अपने प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले वरिष्ठ स्तर पर नियुक्तियां कर रही है, वहीं दूसरी ओर प्रदर्शन के आधार पर कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है।

### जुलाई तक पूरी होगी भारत-ईयू एफटीए की कानूनी समीक्षा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के मसौदे की कानूनी समीक्षा इस वर्ष जुलाई तक पूरी हो जाने की संभावना है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

भारत और 27 यूरोपीय देशों के समूह ईयू ने इस साल 27 जनवरी को एफटीए पर बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इसे व्यापार जगत का 'मदर ऑफ ऑल डील्स' बताया गया है। इसके तहत भारत से होने वाले करीब 93 प्रतिशत निर्यात को यूरोपीय देशों के बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलने की संभावना है,।

# विदेशी मेट्रो परियोजनाओं के लिए डीमएआरसी ने बनायी नई कंपनी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



डीएमआरसी यानी दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने विदेश में मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए बोली लगाने के लिए एक नई अनुषंगी कंपनी दिल्ली मेट्रो इंटरनेशनल लिमिटेड (डीएमआईएल) गठित की है।

एक अधिकारी ने बताया कि नई कंपनी का गठन भारत के बाहर मेट्रो रेल योजना, निर्माण और संचालन में डीएमआरसी की विशेषज्ञता का विस्तार करने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में व्यावसायिक अवसरों की तलाश करने के लिए किया गया है।

यह अनुषंगी कंपनी डीएमआरसी को दूसरे देशों के शहरों में मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए सीधे बोली लगाने और शहरी परिवहन प्रणालियों से संबंधित परामर्श कार्य करने में सक्षम बनाएगी। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि डीएमआरसी पहले ही विदेश में अवसरों की तलाश कर रही है और इस समय बांग्लादेश के ढाका में एक मेट्रो परियोजना से जुड़ी है, जहां वह तकनीकी सहायता और परामर्श दे रही है।'''' दिल्ली मेट्रो के अनुसार, उसने इजरायल में तेल अवीव मेट्रो परियोजना के निर्माण के लिए बोली-पूर्व प्रक्रिया में पात्रता हासिल कर ली है। इसके अलावा, डीएमआरसी मिस्र के अलेक्जेंड्रिया, वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी और मॉरीशस जैसी अन्य अंतरराष्ट्रीय मेट्रो परियोजनाओं के लिए भी बोली लगाने की प्रक्रिया में है।

# पश्चिम एशिया संकट : 31 मार्च तक के टिकट रद्द कराने पर शुल्क नहीं लेगी इंडिगो

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने पश्चिम एशिया में जारी संकट को देखते हुए 31 मार्च तक की यात्रा के टिकट रद्द कराने पर कोई शुल्क नहीं लेने की घोषणा की है।

एयरलाइंस ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह पश्चिम एशिया और इस्तांबुल (तुर्की) की यात्रा के लिए 31 मार्च तक के टिकट पर रद्द कराने के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगी। उसने यात्रियों को अपनी उड़ान की अद्यतन (ताजा) स्थिति की जानकारी के लिए उसकी वेबसाइट या कस्टमर केयर से संपर्क करने की सलाह दी है। इसके अलावा इंडिगो पश्चिम एशिया में फंसे यात्रियों को लाने के लिए आज 17 विशेष उड़ानों का परिचालन कर रही है। ये उड़ानें पश्चिम एशिया के आठ शहरों मदीना, जेद्दा, मस्कट, अबू धाबी, शारजाह, दुबई, फुजैरा, और रस अल खैमा से आयेंगी।

निजी विमानसेवा कंपनी स्पाइसजेट भी आज 14 विशेष उड़ानों का परिचालन कर रही है। इनमें नौ उड़ानें फुजैरा से मुंबई के लिए, चार फुजैरा से दिल्ली के लिए और एक दुबई से पुणे के लिए उड़ान भरेगी।

### टोल प्लाजा पर 5100 महिला कर्मियों की तैनाती

**नयी दिल्ली।** महिला सशक्तीकरण और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देशभर के 1,140 से अधिक टोल प्लाज़ा में दिन की पाली में टोल बूथ संचालित करने के लिए 5,100 से अधिक महिला कर्मचारियों को तैनात किया है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि अग्रिम पंक्ति की परिचालन भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर एनएचएआई का लक्ष्य देश भर के टोल प्लाजा पर सेवा वितरण में सुधार के साथ-साथ सामाजिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है।

**सुरक्षा** | आरबीआई जारी किया डिजिटल लेनदेन में ग्राहकों के लिए सुरक्षा उपायों के प्रस्ताव का मसौदा

# डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी में मिलेगा मुआवजा

**मुंबई, एजेंसी**




- डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी में उपभोक्ता संरक्षण बढ़ाना और शिकायतों का निपटान है मकसद

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल लेनदेन में ग्राहकों की जवाबदेही से जुड़े ढांचे को मजबूत करने के लिए शुक्रवार को संशोधन दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किया। इसका उद्देश्य डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी से जुड़े मामलों में उपभोक्ता संरक्षण बढ़ाना और शिकायतों का त्वरित निपटान करना है।

आरबीआई ने कहा कि डिजिटल भुगतान और बैंकिंग व्यवस्था में आए व्यापक बदलावों को देखते हुए 2017 में लागू मौजूदा नियमों की समीक्षा की गई है। संशोधित प्रस्तावों का मकसद अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन के दायरे को व्यापक बनाना और नई श्रेणियों के धोखाधड़ी मामलों को भी इसमें शामिल करना है।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि मसौदा दिशानिर्देशों पर हितधारक और आम जनता छह अप्रैल, 2026 तक अपनी प्रतिक्रिया या सुझाव दे सकते हैं। आरबीआई ने यह कदम फरवरी की मौद्रिक नीति में की गई घोषणा के अनुरूप उठाया है। मसौदे दिशानिर्देशों में बैंकों से कहा गया है कि वे ग्राहकों की शिकायतों के निपटारे में लगने वाले समय को कम करें। इसके अलावा छोटे मूल्य के धोखाधड़ी वाले लेनदेन के लिए मुआवजा व्यवस्था लाने का भी प्रस्ताव किया गया है, ताकि प्रभावित ग्राहकों को तेजी से राहत मिल सके। आरबीआई ने कहा कि यह मुआवजा व्यवस्था दिशानिर्देशों के प्रभावी होने की तारीख से एक वर्ष तक लागू रहेगी।

इसके अनुभव के आधार पर इसकी समीक्षा की जाएगी, जिसमें बैंकों की हिस्सेदारी बढ़ाने और केंद्रीय बैंक की भूमिका को धीरे-धीरे कम करने पर विचार किया जाएगा।

### पश्चिम एशिया संकट से भारत में महंगाई का जोखिम बढ़ाः मूडीज

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष से ऊर्जा की कीमतों में और उछाल आया तो भारत को रुपये पर दबाव, उच्च मुद्रास्फीति और चालू खाता घाटे (सीएडी) में बढ़ोतरी का सामना करना पड़ सकता है। यह जोखिम इस क्षेत्र से कच्चे तेल और एलएनजी आयात पर भारत की भारी निर्भरता के कारण है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि बड़ी एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में भारत उन देशों में प्रमुख है, जो कच्चे तेल और एलएनजी के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भर हैं। वहां बढ़ते संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया है, जो इस क्षेत्र से कच्चे तेल और एलएनजी निर्यात के लिए एक प्रमुख मार्ग है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नाइजीरिया में इस्लामी आतंकवादियों ने 300 लोगों का अपहरण किया

**अबूजा।** इस्लामी आतंकवादियों ने शुक्रवार को पूर्वोत्तर नाइजीरिया के एक कस्बे पर हमला किया और महिलाओं तथा बच्चों सहित 300 से अधिक लोगों का अपहरण कर लिया। ग्वाज़ा क्षेत्र के अधिकारी बुलामा सावा के अनुसार, यह हमला बोर्नो राज्य के न्गोशे कस्बे में हुआ। उन्होंने बताया कि यह हमला संभवत: सेना के उस अभियान के प्रतिशोध में किया गया जिसमें बोको हराम आतंकवादी समूह के तीन कमांडरों को मार गिराया गया था। सेना के एक प्रवक्ता उबा सानी ने कहा कि बुधवार और शुक्रवार की सुबह के बीच कोंडुगा, मार्ते, जकाना और मैनोक क्षेत्रों में भी अलग-अलग हमले हुए। हमलों को विफल करने में सफलता मिली, लेकिन कई बहादुर सैनिकों ने जान गंवाई, जिनमें एक वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे।

### अमेरिका में बेरोजगारी दर 4.4% पर पहुंची, 92 हजार नौकरी घटीं

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में पिछले महीने नियोक्ताओं ने अप्रत्याशित रूप से 92,000 नौकरियों में कटौती की, जिससे संकेत मिलता है कि श्रम बाजार अभी भी दबाव में है। इस दौरान बेरोजगारी दर बढ़कर 4.4 प्रतिशत हो गई। श्रम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि भर्ती की रफ्तार जनवरी की तुलना में कमजोर हुई है। जनवरी में कंपनियों, गैर-लाभकारी संस्थाओं और सरकारी एजेंसियों ने 1,26,000 नौकरियां जोड़ी थीं। अर्थशास्त्रियों ने फरवरी में 60,000 नई नौकरियों की उम्मीद की थी। उम्मीद की जा रही थी कि इस साल रोजगार बाज़ार में सुधार होगा, लेकिन ट्रंप की अनियमित टैरिफ नीतियों और ऊंची ब्याज दरों के लंबे असर से प्रभावित अर्थव्यवस्था में औसतन हर महीने केवल 15,000 नौकरियां ही पैदा हुई थीं।

### दिल्ली में दवा कंपनियों से 20 लाख रुपये का इंसुलिन स्टॉक जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली औषधि नियंत्रण विभाग ने भंडारण और नियामक मानदंडों के उल्लंघन के लिए राजधानी में थोक दवा कंपनियों से 20 लाख रुपये से अधिक कीमत का इंसुलिन भंडारण जब्त किया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण दवाओं, विशेष रूप से इंसुलिन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री पंकज कुमार सिंह के निर्देशों पर एक थोक दवा बाजार में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया था। इंसुलिन जैसी दवाओं के लिए 'कोल्ड चेन' (सही ठंडे तापमान में लगातार सुरक्षित) बनाए रखना अनिवार्य होता है।

## खालिस्तानी चरमपंथियों ने नैन्सी ग्रेवाल की हत्या की जिम्मेदारी ली

ओटावा, एजेंसी

सिख चरमपंथी विचारों को बढ़ावा देने वाले एक सोशल मीडिया अकाउंट पर कनाडा के ओंटारियो प्रांत में भारतीय मूल की एक महिला की चाकू से गोद कर हत्या किए जाने की ज़िम्मेदारी ली गई है।

लसेल पुलिस सर्विस के अनुसार विंडसर की नैन्सी ग्रेवाल (45) की तीन मार्च को रात करीब 9:30 बजे एसेक्स काउंटी के लसेल शहर में चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। सीबीसी न्यूज़ ने बृहस्पतिवार देर रात बताया कि सोशल मीडिया पर एक अकाउंट है जिस पर पंजाबी में कहा गया है कि खालिस्तानी आंदोलन की आलोचना करने के कारण नैन्सी ग्रेवाल की हत्या कर दी गई। पोस्ट में नैन्सी की तस्वीर साझा की गई है और लिखा गया है, यह महिला धर्म और खालिस्तान के बारे में बुरी बातें कह रही थी और उसे इसका परिणाम मिल गया है। खबर में सोशल मीडिया के हवाले से कहा गया है, हमें किसी भी समुदाय या धर्म से कोई दुश्मनी नहीं है। अगर कोई हमारे समुदाय और खालिस्तान के खिलाफ इस तरह की कोई बात कहता है, तो उसका भी यही अंजाम होगा।



● कनाडा के लसेल शहर में चाकू से गोदकर कर दी गई थी हत्या

## पश्चिम एशिया में बढ़ रहा है दायरा

यह लगभग तय माना जा रहा है कि ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच युद्ध जल्द समाप्त नहीं होने जा रहा। जिस तरह से यह युद्ध लगातार अपना दायरा बढ़ा रहा है, उससे साफ दिख रहा है कि वह कई हफ्ते या कई महीने लंबा खिंच सकता है। चूंकि इस युद्ध के दायरे में दुनिया भर को ऊर्जा की आपूर्ति करने वाला इलाका भी घिरा हुआ है, इसलिए उसके परिणाम अभी से तमाम देशों को प्रभावित करने लगे हैं। युद्ध में शामिल अमेरिका जैसे दुनिया के सबसे मजबूत देश पर भी इसके गहरे आर्थिक प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। ईरान का पूरा आर्थिक ढांचा दांव पर लगा हुआ है। लंबा खिंचने की स्थिति में इजराइल के लिए यह युद्ध बड़ी मुसीबत साबित होने का अनुमान लगाया जा रहा है। युद्ध का दायरा यहीं तक सीमित नहीं है। जिन खाड़ी देशों तक इसकी चिंगारी पहुंची है, उनका सुकून भी नष्ट होने लगा है।

## युद्धः किस पर कितना भारी



आईएमएफ का मानना है कि यदि यह संघर्ष क्षेत्रीय युद्ध में बदला तो वैश्विक आर्थिक विकास दर में 1-2% गिरावट आ सकती है।

### अमेरिका पर असर

- अमेरिकी विशेषज्ञों का अनुमान है कि यदि जंग लंबी चली तो अमेरिका का कुल खर्च 210 अरब डॉलर यानी लगभग 18.87 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।
- युद्ध के पहले 100 घंटों में ही 3.7 अरब डॉलर खर्च होने की रिपोर्ट है। पेंटागन का अनुमान है कि अमेरिका को यह युद्ध प्रतिदिन 1 अरब डॉलर का पड़ सकता है।
- भारी सैन्य खर्च के कारण बजट घाटा बढ़ सकता है। यह एपिक फ्यूरी जैसे महंगे सैन्य अभियानों के कारण घरेलू अर्थव्यवस्था और तेल की कीमतों पर दबाव डालेगा।

### इजराइल पर और भारी

- इजराइली वित्त मंत्रालय के अनुसार वर्तमान आर्थिक प्रतिबंधों और युद्ध के कारण इजराइल को हर हफ्ते 3 अरब डॉलर यानी 25,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।
- ईरान के खिलाफ युद्ध में फिलहाल इजराइल का प्रतिदिन का सैन्य खर्च औसतन 725 मिलियन डॉलर है। युद्ध लंबा खिंचने के साथ इसके और बढ़ने की संभावना है।
- विकास दर धीमी हो सकती है, बेरोजगारी और गरीबी में वृद्धि की चेतावनी दी गई है। रिजर्व सैनिकों की तैनाती से हाईटेक और औद्योगिक क्षेत्रों में श्रम की कमी हो गई है।

### ईरान पर युद्ध का प्रभाव

- अनुमानों के अनुसार, ईरान को इस युद्ध के कारण प्रतिदिन 100 से 150 मिलियन डॉलर का नुकसान हो रहा है, जिसमें मुख्य रूप से तेल राजस्व की हानि शामिल है। हालांकि ये इजराइल-अमेरिका से कम है।
- अमेरिका-इजराइल के हवाई हमलों के कारण देश में बुनियादी सुविधाओं के ढांचे तेजी से नष्ट हो रहे हैं, ऐसे में ईरान फिर खड़ा होने में भारी निवेश की जरूरत पड़ेगी। सरकारी तंत्र भी छिन्न-भिन्न हो गया है।
- तेल निर्यात राजस्व प्राप्ति का मुख्य स्रोत है, जिस पर प्रतिबंधों से अर्थ व्यवस्था पूरी तरह चरमरा सकती है। ईरान की मुद्रा पहले ही अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच चुकी है। गृहयुद्ध का खतरा भी जताया जा रहा है।

### ये देश भी युद्ध की चपेट में

- पड़ोसी देश लेबनान, जॉर्डन, सीरिया, यमन में शरणार्थियों का प्रवाह बढ़ सकता है, जिससे उनके बजट और सामाजिक ढांचे पर भारी दबाव पड़ेगा।
- भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा बड़ा खतरा, तेल जरूरत पूरी करने के साथ खाड़ी देशों में रहने वाले 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा भी बड़ी चुनौती।
- लाल सागर और खाड़ी क्षेत्र में तनाव के कारण सप्लाई चेन बाधित हो गई है, इससे यूरोप में माल पहुंचने में देरी के साथ लागत में भी वृद्धि हो रही है।

# नेपाल चुनाव : भारी बहुमत की ओर बढ़ी बालेंद्र की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी

### अब तक की मतगणना में 70% से ज्यादा सीटों पर बढ़त, विरोधी दलों की हालत पतली

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में छह महीने पहले हुए जेन जी के विरोध प्रदर्शन और फिर सितंबर में केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार के गिरने के बाद हुए पहले आम चुनाव में शुक्रवार को जारी मतगणना के रुझानों के अनुसार पूर्व रैपर बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) भारी जीत की ओर अग्रसर है। चुनाव आयोग के अनुसार, दोपहर दो बजे तक जिन 94 निर्वाचन क्षेत्रों में मतगणना चल रही थी, उनमें से 70 में आरएसपी आगे चल रही है। नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को सिर्फ छह निर्वाचन क्षेत्रों में बढ़त मिली है। बालेंद्र शाह को प्रधानमंत्री पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

ताजा आंकड़ों के मुताबिक काठमांडू के महापौर रहे बालेंद्र शाह झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र में चार बार के प्रधानमंत्री और सीपीएन-यूएमएल अध्यक्ष ओली के गढ़ में उनसे आगे चल रहे हैं। शाह को लोकप्रिय रूप से बालेन के नाम से जाना जाता है। उन्हें सुबह 10 बजे तक 6,090 वोट मिले, जबकि ओली को केवल 1,248 वोट प्राप्त हुए। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, प्रगतिशील लोकतांत्रिक पार्टी, श्रम संस्कृति पार्टी और निर्दलीय उम्मीदवार एक-एक निर्वाचन क्षेत्र में आगे चल रहे थे। चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि अब तक आरएसपी और एनसी ने एक-एक सीट जीती है। आरएसपी के रंजू दर्शन ने काठमांडू-1 से 15,455 वोटों से जीत हासिल की, जबकि एनसी के योगेश गौचन ठकाली ने मुस्तांग से 3,307 वोटों से जीत दर्ज की। एक अधिकारी के अनुसार, पुष्प कमल दहाल प्रचंड को अब तक 5,924 वोट मिल चुके हैं और वह रुकुम पूर्व में अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे चल रहे हैं। रवि लामिछाने के नेतृत्व वाली आरएसपी काठमांडू के सभी 10 निर्वाचन क्षेत्रों में आगे चल रही है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, मतगणना बृहस्पतिवार देर रात शुरू हुई और इसके शुक्रवार रात तक पूरा होने की संभावना है।



काठमांडू में एक प्रत्याशी की जीत का जश्न मनाते आरएसपी के कार्यकर्ता।

### आरएसपी 165 सीटों में से 106 पर आगे

नेपाल चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार जिन 165 सीटों पर चुनाव हुए हैं उनमें से अब तक 150 संसदीय क्षेत्र के नतीजे और रुझान सामने आए हैं। इनमें से आरएसपी 106 सीटों पर आगे चल रही है और दो सीटें जीत चुकी है। नेपाली कांग्रेस पार्टी नौ सीटों पर आगे चल रही है और दो सीट जीत चुकी है। नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) 10 सीटों पर आगे चल रही है जबकि नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी 7 सीटों पर आगे चल रही है और एक सीट जीत चुकी है। वर्ष 2022 में गठित आरएसपी को चुनाव प्रचार के दौरान ही काफी समर्थन मिला था। बालेंद्र शाह को प्रधानमंत्री पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

### भारत ने कहा- नेपाल की नई सरकार के साथ काम करने को उत्सुक

भारत नेपाल के आम चुनाव पर करीब से नजर रख रहा है, और इसके साथ ही राजनीतिक रूप से अस्थिर पड़ोसी हिमालयी देश में एक स्थिर सरकार की उम्मीद कर रहा है ताकि दोनों पक्षों के बीच विकासात्मक साझेदारी को आगे बढ़ाया जा सके। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में कहा, हम पारस्परिक लाभ के लिए अपने दोनों देशों और लोगों के बीच मजबूत बहुआयामी संबंधों को और आगे बढ़ाने के लिए नेपाल की नई सरकार के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से नेपाल में शांति, प्रगति और स्थिरता का लगातार समर्थन किया गया है और अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, इन चुनावों के लिए नेपाल सरकार के अनुरोध के अनुसार उसे साजोसामान संबंधी आपूर्ति भी प्रदान की है।

## अमेरिका से 30 दिन की छूट प्रधानमंत्री की रणनीतिक कूटनीति की सफलता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय तेलशोधक कंपनियों को रूसी तेल खरीदने के लिए अमेरिका की ओर से 30 दिन की अस्थाई छूट की घोषणा किए जाने के बाद भाजपा ने शुक्रवार को इस घटनाक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रणनीतिक तेल कूटनीति की सफलता बताया, साथ ही कहा कि यह भारत विरोधी राहुल गांधी और कांग्रेस के मुंह पर एक बड़ा तमाचा है।

भाजपा ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तेल की कमी को लेकर फर्जी खबरें फैलाकर दहशत पैदा करने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, राहुल गांधी और कांग्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को रणनीतिक संयम और रणनीतिक स्पष्टता के साथ काम करते देखना पसंद नहीं है। ईरान के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बृहस्पतिवार को कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऊर्जा एजेंडे के परिणामस्वरूप तेल और गैस उत्पादन अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति जारी रखने के लिए अमेरिकी वित्त विभाग भारतीय तेलशोधक कंपनियों को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए 30 दिन की अस्थाई छूट जारी कर रहा है।

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने इस घटनाक्रम पर कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की रणनीतिक तेल कूटनीति एक बार फिर सफल रही।



● भाजपा ने रूस से तेल खरीदने की अमेरिकी अनुमति को कांग्रेस के मुंह पर तमाचा बताया

### संप्रभुता बेचने का कांग्रेस का रहा है पुराना इतिहास

भाजपा प्रवक्ता ने 'एक्स' पर एक अलग पोस्ट में कहा, आपका संप्रभुता बेचने का इतिहास रहा है। गांधी-वाड्रा और समझौतावादी कांग्रेस ने 70 वर्षों तक यही किया। भंडारी ने अमेरिकी छूट पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश की टिप्पणियों की पर कहा कि भारत को गलती करने के लिए उकसाने की साजिश सफल नहीं होगी।

### भारत सरकार को ब्लैकमेल कर रहा अमेरिका खतरे में है देश की सामरिक स्वायत्तता: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अमेरिकी वित्त विभाग की भारतीय रिफाइनरियों को रूस से फौरी तौर पर तेल खरीदने की अस्थाई छूट दिए जाने की घोषणा को लेकर शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारत की सामरिक स्वायत्तता और संप्रभुता खतरे हैं क्योंकि अमेरिका भारत सरकार को खुलकर ब्लैकमेल कर रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, भारत की विदेश नीति हमारे लोगों की सामूहिक इच्छा से आकार लेती है। इसकी जड़ें हमारे इतिहास, हमारे भूगोल और सत्य और अहिंसा पर आधारित हमारे आध्यात्मिक लोकाचार में होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, आज हम जो देख रहे हैं वह नीति नहीं है। यह एक समझौतावादी व्यक्ति के शोषण का परिणाम है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि भारत की सामरिक स्वायत्तता और राष्ट्रीय संप्रभुता गंभीर खतरे में है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी को एप्स्टीन फाइल और अदाणी मामले पर ब्लैकमेल किया जा रहा है। इसकी कीमत देश को चुकानी पड़ रही है।



● राहुल ने कहा- यह एक समझौतावादी व्यक्ति के शोषण का परिणाम

## फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ आरोप तय करने के निर्देश

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर में श्रीनगर की एक अदालत ने कथित जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) घोटाले में नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया है। हालांकि अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से संबंधित मामले में अतिरिक्त आरोप जोड़ने के आवेदन को खारिज कर दिया है।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तबसुम ने अपने आदेश में कहा है कि रणबीर दंड संहिता की धारा 120बी (आपराधिक षड्यंत्र), 406 (आपराधिक विश्वासघात) और 409 (लोक सेवक द्वारा आपराधिक विश्वासघात) के तहत अपराध के आवश्यक तत्व सभी आरोपियों के खिलाफ सिद्ध होते हैं। अदालत ने कहा कि अब्दुल्ला समेत सभी आरोपियों पर उक्त अपराधों के लिए आरोप तय किए जाएंगे। अदालत ने आरोप तय करने के लिए मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च निर्धारित की है। अदालत ने इसके साथ ही ईडी की ओर से मामले में अतिरिक्त अपराध जोड़ने की मांग संबंधी याचिका को भी खारिज कर दिया। ईडी ने अदालत से अनुरोध किया था कि मामले में धारा 411 और 414/424 को अतिरिक्त आरोपों के रूप में शामिल किया जाए।

अदालत ने याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि ईडी इस मामले में जांच एजेंसी नहीं है। जम्मू-कश्मीर के जेकेसीए घोटाले की जांच सीबीआई ने की थी जिसने पहले ही अपना आरोप पत्र दाखिल कर दिया था।

● क्रिकेट घोटाले में अदालत का आदेश, अतिरिक्त आरोप जोड़ने की ईडी की अर्जी खारिज

### ब्रिटनी स्पीयर्स नशे में गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार, रिहा

**लॉस एंजिलिस।** मशहूर अमेरिकी गायिका ब्रिटनी स्पीयर्स को दक्षिणी कैलिफोर्निया स्थित उनके घर के पास शराब और नशीले पदार्थ के प्रभाव में गाड़ी चलाने के संदेह में गिरफ्तार किया गया। हालांकि, बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। स्पीयर्स के प्रतिनिधि ने इस घटना पर खेद जताया है।

कैलिफोर्निया राजमार्ग गश्त दल (सीएचपी) के अनुसार, बुधवार रात करीब नौ बजे सूचना मिली कि कैलिफोर्निया के न्यूबरी पार्क में राजमार्ग पर काले रंग की एक बीएमडब्ल्यू 430आई कार तेज और अनियंत्रित तरीके से चलाई जा रही है। सीएचपी के अनुसार, कार में अकेले सवार 44 वर्षीय पॉप स्टार राजमार्ग पर बाहर निकलीं और वह नशे की हालत में लग रही थीं। उनकी मौके पर कई जांच की गईं। इसके बाद शराब और नशीले पदार्थ के प्रभाव में वाहन चलाने के संदेह में उन्हें गिरफ्तार कर वेंचुरा काउंटी जेल ले जाया गया। उनके रासायनिक परीक्षण के परिणाम अभी लंबित हैं और मामले की जांच की जा रही है। जेल रिकॉर्ड के अनुसार, स्पीयर्स को बृहस्पतिवार तड़के हिरासत में लिया गया और सुबह करीब छह बजे रिहा कर दिया गया।



### दिल्ली में 6 साल के बच्चे की गला रेत कर हत्या

**नई दिल्ली।** रणहौला इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत के अंदर छह वर्षीय बच्चे की गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि परिवार ने इस हत्या के पीछे मां की भूमिका होने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, बच्चे की मां मंगलवार से घर से लापता है और वह अपने साथ लड़के को भी ले गई थी। परिवार का दावा है कि महिला का एक शख्स के साथ विवाहेत्तर संबंध है। पुलिस ने बताया कि बच्चा रणहौला में एक किराए के मकान में अपने माता-पिता और भाई-बहनों के साथ रहता था।

### कर्नाटक में अर्दली व्यवस्था खत्म पुलिसकर्मियों को मिलेगी राहत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने विभाग में लंबे समय से चली आ रही अर्दली व्यवस्था को समाप्त करने का आदेश जारी किया है। अर्दली व्यवस्था एक औपनिवेशिक विरासत है जिसमें पुलिस या सशस्त्र बलों के निचले स्तर के कर्मियों को वरिष्ठ अधिकारियों के निजी घरेलू कार्यों के लिए उनके आवास पर तैनात किया जाता है।

डीजीपी की ओर से यह आदेश सरकार के उस निर्देश के बाद जारी किया गया है जिसमें इस प्रणाली को संशोधित करने के लिए कहा गया था। अधिकारियों ने कहा कि इन गैर पुलिसिंग कार्यों में अक्सर खाना पकाना, सफाई करना, अन्य घरेलू काम और यहां तक कि अधिकारियों के बच्चों को घर छोड़ना भी शामिल होता था।

### ईंधन आपूर्ति ठप होने से गुजरात के मोरबी में लगभग 100 सिरेमिक इकाइयां बंद

**मोरबी।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल तथा ईरान के बीच युद्ध के कारण ईंधन आपूर्ति में आए व्यवधान के चलते गुजरात के मोरबी जिले में लगभग 100 सिरेमिक विनिर्माण इकाइयां बंद हो गई हैं। उद्योग प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि आपूर्ति सामान्य नहीं हुई, तो अगले कुछ दिनों में 400 और कारखाने भी बंद हो सकते हैं।

मोरबी सिरेमिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (विट्रीफाइड टाइल्स खंड) के अध्यक्ष मनोज अरवड़िया ने कहा कि यदि प्रोपेन गैस की आपूर्ति बहाल नहीं होती है और आपूर्तिकर्ता स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करने में विफल रहते हैं, तो आने वाले दिनों में स्थिति और खराब हो सकती है। अरवड़िया ने कहा, युद्ध जैसी मौजूदा स्थिति के कारण पिछले दो दिनों से प्रोपेन गैस उपलब्ध नहीं है और ईंधन पर निर्भर लगभग 100 इकाइयां पहले ही बंद हो चुकी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आपूर्ति की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो प्रोपेन का उपयोग करने वाली लगभग 400 और इकाइयां एक सप्ताह के भीतर परिचालन बंद करने के लिए मजबूर हो सकती हैं।

● बाकी सभी कारखाने भी जल्द बंद होने के आसार

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज रिश्तेदारों से शुभ सूचना मिल सकती है। व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय से निपटा लेंगे। आपको उच्चपद सौंपा जा सकता है।

**वृष** – आज का दिन शुभ रहेगा। अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों के व्यवहार से परेशानी होगी।

**मिथुन** – आज का दिन राजनीति से जुड़े लोगों के लिए अच्छा है। विवादित मामलों पर समझौता हो सकता है। लोगों के बीच लोकप्रिय रहेंगे।

**कर्क** – आज अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। पुरानी उलझनों को लेकर आप थोड़े परेशान रहेंगे।

**सिंह** – आज का दिन कार्यक्षेत्र में आपका अच्छा रहेगा। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी।

**कन्या** – आज बेवजह के मुद्दों पर आप घिर सकते हैं। फाइनेंस से जुड़े कार्यों में देरी हो सकती है। कब्ज के रोगियों को परेशानी होगी।

**तुला** – आज कारोबार में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। परिजनों के साथ बेहतरीन समय बिताएंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – आज कारोबार से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। अति उत्साह के कारण काम बिगड़ने की आशंका है। पुराने रोग पुन: उभर सकते हैं।

**धनु** – आज आपके द्वारा बनाई हुई योजना सफल होगी। घर में किसी उत्सव का आयोजन कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।


**मकर** – आज का दिन नई कार्य की योजना बनाने के लिए शुभ है। कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल सकती है। व्यापार में पार्टनरशिप करने के मौके मिलेंगे।

**कुंभ** – आज आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। नई तकनीक के प्रति रूझान बढ़ेगा। दूसरों की सहायता करने के कारण लोकप्रिय रहेंगे।

**मीन** – आज व्यवसाय में बड़ी साझेदारी हो सकती है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 7 मार्च, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी 19.17 तक तत्पश्चात पंचमी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत। **चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर। **ताराबल**- भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**-चित्रा 23.15 तक तत्पश्चात स्वाती।

### सुडोकू - 80 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 1 | 8 | 9 | 6 | 4 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 7 |
| 3 | 1 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 6 | 8 | 1 | 7 | 4 | 3 | 9 | 5 |

### सुडोकू -81

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | 4 | | 5 |
| | | 8 | | 7 | | | 6 | |
| | 1 | | 2 | | | 3 | | |
| 3 | 9 | | 1 | | | 6 | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | 6 | | | 5 | | 2 | |
| | 8 | | | | 4 | | 5 | |
| | 5 | | | 6 | | 7 | | |
| 7 | | 9 | | | 3 | | | |

बड़ा कदम

### दोनों यह प्रतिबंध लगाने वाले देश के पहले राज्य बने, कर्नाटक में आयुसीमा 16 साल और आंध्र में 13 साल तय की गई

# कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध

बेंगलुरु/अमरावती, एजेंसी

कर्नाटक और आंध्र प्रदेश शुक्रवार को अलग-अलग आयु समूहों में बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले देश के पहले दो राज्य बन गए। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने प्रतिबंध के दायरे में 16 साल की उम्र तक के बच्चों को लिया है तो आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए इस प्रतिबंध की घोषणा की है। हालांकि, इसे 16 साल तक की उम्र के लिए बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है।



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने 16 वर्ष से कम आयु के लोगों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। सिद्धरमैया ने 2026-27 के लिए राज्य का बजट पेश करते हुए कहा, बच्चों पर मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग के प्रतिकूल प्रभावों को रोकने के उद्देश्य से 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। बाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 16 वर्ष से कम आयु के बच्चे मोबाइल फोन रख सकते हैं, लेकिन वे सोशल मीडिया का उपयोग नहीं कर सकते। स्कूलों, कॉलेजों या घरों में इसे कैसे नियंत्रित किया जाएगा, इस सवाल का जवाब देते हुए सिद्धरमैया ने कहा, हम इसके लिए एक कार्यक्रम तैयार करेंगे।

आंध्र प्रदेश विधानसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि वह इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या इस प्रतिबंध को 13 से 16 वर्ष की आयु के बच्चों तक बढ़ाया जाए। नायडू ने कहा, हम निश्चित रूप से यह सुनिश्चित करेंगे कि 90 दिनों के भीतर 13 वर्ष से कम के बच्चे सोशल मीडिया का उपयोग न कर सकें।

### बच्चों में खत्म हो जाएगा खराब मानसिक स्थिति का खतरा

बेंगलुरु के मदरहुड हॉस्पिटल में मनोविज्ञान और बाल विकास सलाहकार डॉ. सरिता नागराज ने कहा कि इस प्रतिबंध से बच्चों और किशोरों में खराब मानसिक स्वास्थ्य का खतरा कम हो जाएगा जिसमें अवसाद, चिंता, नींद की कमी और अस्वस्थ तुलनाओं से उत्पन्न होने वाली शारीरिक छवि संबंधी समस्याएं शामिल हैं, जो आगे चलकर खाने संबंधी विकारों का कारण बन सकती हैं। उनकी संज्ञानात्मक क्षमता और भावनात्मक नियंत्रण में भी सुधार होने की संभावना है। खतरनाक सामग्री के संपर्क में आने की आशंका कम हो जाएगी, जिससे ध्यान केंद्रित करने की क्षमता के साथ-साथ शैक्षणिक प्रदर्शन में भी सुधार हो सकता है।

### ऑस्ट्रेलिया बना था पहला देश, अब इंडोनेशिया में भी लगाया प्रतिबंध

- ऑस्ट्रेलिया 2025 में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए प्रतिबंध लगाने वाला पहला देश बना था जिसने टिकटॉक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक जैसे मंचों तक पहुंच बंद की।
- इंडोनेशिया ने भी शुक्रवार को 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया है।



> भारत जैसी क्रिकेट महाशक्ति के साथ मुकाबला करना ही उनके देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उनके देश की आबादी 50 लाख से थोड़ी ज्यादा है जबकि भारत की जनसंख्या 1.4 अरब से अधिक है। भारत के पास प्रतिभा का विशाल भंडार है।
>
> –ग्लेन फिलिप्स, न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर

# स्टेडियम

कानपुर नगर, शनिवार, 7 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## हाईलाइट



इंग्लैंड के बर्मिंघम में ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के तीसरे दिन ताइवान की हसेह पेई-शान और हंग एन-त्जु के खिलाफ अपने महिला डबल्स मैच के दौरान खेलती जापान की रुई हिरोकामी (पीछे) और सयाका होबारा। एजेंसी

### वीनस विलियम्स पहले ही दौर में बाहर

**इंडियन वेल्स (अमेरिका)।** सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स का वापसी के बाद खराब प्रदर्शन जारी है और उन्हें यहां बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली 45 वर्षीय वीनस को पहले दौर में फ्रांस की डायने पैरी ने 6-3 6-7(4) 6-1 से हराया। इस तरह से वीनस अपने पिछले आठ डब्ल्यूटीए मैच हार चुकी हैं। वीनस ने दूसरे सेट में अच्छा खेल दिखाया लेकिन विश्व रैंकिंग में 111वें स्थान पर काबिज 23 वर्षीय पैरी ने तीसरे सेट में फिर से नियंत्रण बना दिया और आसानी से जीत दर्ज की। वीनस ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लिया था लेकिन एकल और युगल दोनों में पहले दौर में ही हार गईं थी।

### पहले दिन महिला टीम 198 रनों पर सिमटी

**पर्थ।** जेमिमा रौड्रिग्स ने जुझारू अर्धशतक जमाया, लेकिन भारत की बाकी बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज अनाबेल सदरलैंड और लूसी हैमिल्टन की स्विंग का सामना नहीं कर सकीं और दिन रात के एकमात्र टेस्ट के पहले दिन भारतीय टीम 198 रन पर आउट हो गई। रौड्रिग्स ने 84 गेंद में 52 रन बनाए लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल समाप्त होने पर तीन विकेट पर 96 रन बना लिए थे। मेजबान टीम अभी भी 102 रन पीछे है। आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया जिसे उसके गेंदबाजों ने सही साबित कर दिखाया। सदरलैंड ने 46 रन देकर चार और हैमिल्टन ने 31 रन देकर तीन विकेट लिए।

### गुकेश ने गुईजारो पर जीत से सूखा खत्म किया

**प्राग (चेक गणराज्य)।** विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने प्राग इंटरनेशनल शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के नौवें और अंतिम दौर में स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो को हराकर जीत का सूखा खत्म किया। भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने चेक गणराज्य के डेविड नवारा को हराकर संयुक्त दूसरा स्थान हासिल कर समापन किया। टूर्नामेंट में पहले लगातार ड्रॉ और तीन हार के बाद गुकेश ने आखिरकार जीत दर्ज की। उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव (छह अंक) ने अमेरिका के हैंस मोके नीमन के खिलाफ सफेद मोहरों से आसान ड्रॉ के बाद टूर्नामेंट जीत लिया। इससे पहले फरवरी में टाटा स्टील मास्टर्स जीता था।

# भारत की हुंकार के सामने क्या कीवी कर पाएंगे पलटवार

## टी-20 विश्व कप की खिताबी टक्कर कल : दोनों टीमें धमाकेदार बल्लेबाजी से पहुंची हैं फाइनल में

मनीष श्रीवास्तव, खेल डेस्क

**अमृत विचार।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को टी-20 विश्व कप-2026 का महामुकाबला खेला जाएगा। भारत ने इंग्लैंड और न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर फाइनल में जगह बनाई है। भारतीय टीम पर जहां खिताब का बचाव करने का दबाव है, वहीं कीवी टीम पहली बार टी-20 विश्व कप जीतने के लिए पूरा जोर लगाएगी।

ऐसे में जीत उसी की होगी जिसकी रणनीति अचूक होगी। दोनों टीमों के पास बल्लेबाजी और गेंदबाजी में 'ब्रह्मास्त्र' के साथ कुछ चुनौतियां भी हैं, लेकिन जहां तक मैच का पासा पलटने वाले जज्बे और प्रदर्शन की बात है, तो भारतीय टीम को फेवरेट माना जा रहा है।

सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने एकतरफा मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को धूल चटाई थी, जबकि भारत को इंग्लैंड पर जीत हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था। इंग्लैंड को आखिरी तीन ओवर में जीत के लिए 45 रनों की जरूरत थी। जैकब बेथेल 42 गेंद में 94 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे और सैम करन उनका साथ दे रहे थे। तब ऐसा लग रहा था मानो बेथेल भारत को फाइनल में नहीं पहुंचने देंगे, लेकिन जसप्रीत बुमराह ने वह कर दिखाया जिसके लिए उन्हें जाना जाता है। उन्होंने 18वें ओवर में महज 6 रन दिए।

इससे इंग्लैंड के लिए आखिरी दो ओवर में 39 रन बनाना आसान नहीं रह गया, वह भी तब जब उसके पांच बल्लेबाज आउट हो चुके थे। इसके बाद रही सही कसर हार्दिक पंड्या ने अगले ओवर में महज 9 रन देकर पूरी कर दी। इस तरह भारत की जीत के असली हकदार बुमराह ही रहे, जिन्होंने चार ओवर में महज 33 रन देकर कप्तान हैरी ब्रूक का विकेट भी लिया।

**बल्लेबाजी चमकी, गेदबाजी कमजोर कड़ी :** भारतीय टीम की सबसे बड़ी मजबूती उसकी निडर बैटिंग अप्रोच है। अक्षर पटेल तक लंबी हिट लगा सकते हैं। लेकिन बुमराह को छोड़कर अन्य गेंदबाज घातक नहीं नजर आ रहे हैं। ऐसे में फाइनल में टीम इंडिया को कीवी टीम की सलामी जोड़ी फिन एलन, टिम सेफर्ट के अलावा मिचेल से सावधान रहने के साथ स्पिन चक्रव्यूह भी तोड़ना होगा, जो कप्तान सैंटनर, सचिन रवींद्र, फिलिप्स, ईश सोढ़ी की अगुवाई में बढ़िया प्रदर्शन कर रहा है।

### इतिहास बदलने का मौका

भारत ने आखिरी बार किसी आईसीसी फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को साल 2000 में चैंपियंस ट्रॉफी में हराया था। इसके बाद से 2021 की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल समेत हर बड़े खिताबी मौके पर कीवी टीम भारी पड़ी है। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत आज तक न्यूजीलैंड को एक बार भी नहीं हरा पाया है। 2007, 2016 और 2021 की हार के बाद इस बार भारत के पास इतिहास बदलने का सुनहरा मौका है।






अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल मुकाबले से पहले अभ्यास करते न्यूजीलैंड के खिलाड़ी कोल मकौंकी (दाएं से दूसरे), लॉकी फर्ग्यूसन (दाएं से दूसरे), जैकब डफी (बाएं से दूसरे)। एजेंसी

### छठे गेंदबाज को लेकर चिंता

सेमीफाइनल में 20वें ओवर में जब इंग्लैंड को जीत के लिए 30 रन चाहिए थे तब कप्तान सूर्यकुमार के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी कि गेंद किससे कराई जाए। अर्शदीप, बुमराह और हार्दिक का कोटा पूरा हो चुका था। अक्षर पटेल या शिवम दुबे का ही विकल्प बचा था। शिवम दुबे ने आखिरी ओवर की पहली गेंद पर बेथेल को आउट तो किया, पर आर्चर ने आखिर तीन गेंदों पर तीन छक्के जड़कर जीत का अंतर महज 7 रन कर दिया। शिवम दुबे ने इस ओवर में 22 रन दिए। इससे पहले जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने दो ओवर में 46 रन खर्च कर दिए थे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके दो ओवर में 32 रन बने थे।

### वरुण और अभिषेक पर रहेगा दबाव

फाइनल से पहले भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता वरुण चक्रवर्ती हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के सामने चार ओवर में 64 रन दे दिए। बेथेल ने उनके पहले ओवर में ही तीन छक्के जड़ दिए थे। सेमीफाइनल से पहले पिछले दो मैचों में भी वरुण ने 8 ओवर में 87 रन खर्च किए हैं। उनके अलावा टीम इंडिया के लिए दूसरी बड़ी चिंता अभिषेक शर्मा का खराब फॉर्म है। सेमीफाइनल में उनके बल्ले से सिर्फ 9 रन ही निकले। उन्होंने अब तक 7 पारियों में 89 रन ही बनाए हैं, जिसमें जिम्बाब्वे के खिलाफ 55 रन की पारी शामिल है। अभिषेक के आउट ऑफ फॉर्म होने से एक बार भी भारत टूर्नामेंट में 50 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप नहीं कर पाया है।



कप्तान सूर्यकुमार यादव फाइनल मैच से पहले टीम के साथ शुक्रवार को अहमदाबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे। एजेंसी

### फाइनल से पहले होगा रंगारंग समापन समारोह

**अहमदाबाद।** टी-20 विश्व कप 2026 अब अपने आखिरी पड़ाव पर जा पहुंचा है, जहां रविवार (8 मार्च) को भव्य नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सह मेजबान भारत व न्यूजीलैंड के बीच खिताबी टक्कर होगी। इस बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने फाइनल मुकाबले से पहले रंगारंग समापन समारोह की रूपरेखा तैयार की है, जिसमें इंटरनेशनल पॉप सुपरस्टार रिकी मार्टिन भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

**रिकी मार्टिन खास तौर पर तैयार किया गया लाइव परफॉर्मेंस देंगे :** भारतीय समयानुसार शाम 5.30 बजे से शुरू होने वाले कार्यक्रम में रिकी मार्टिन खास तौर पर तैयार किया गया लाइव परफॉर्मेंस देने वाले हैं। अपनी दमदार आवाज, स्टेज पर जबर्दस्त मौजूदगी और दुनियाभर में लैटिन पॉप गानों के लिए लोकप्रिय इस गायक की प्रस्तुति की खबर सुन फैंस रोमांचित हैं। रिकी से उम्मीद है कि वह मैच देखने आए फैंस को एक रोमांचक और यादगार अनुभव देंगे। आईसीसी ने अपने आधिकारिक एक्स प्लेटफॉर्म पर लिखा, 'टी20 विश्व कप की पार्टी अब और बड़ी हो गई है। हमें यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि वैश्विक आइकॉन और सुपरस्टार रिकी मार्टिन आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल से पहले क्लोजिंग सेरेमनी के मुख्य आकर्षण होंगे। आप कार्यक्रम को मिस नहीं करना चाहेंगे। बॉलीवुड प्लेबैक गायक सुखविंदर सिंह नरेंद्र मोदी स्टेडियम में करीब 100,000 दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

**लाल मिट्टी वाली पिच पर हो सकता मैच**

दो हफ्ते पहले दक्षिण अफ्रीका से काली मिट्टी की पिच पर हारने के बाद भारतीय टीम प्रबंधन फाइनल के लिए लाल मिट्टी वाली पिच चुन सकता है। मोटेरा स्टेडियम में तीनों लाल, काली तथा लाल और काले रंग का मिश्रण वाली पिच है। वानखेड़े स्टेडियम में सिर्फ लाल मिट्टी वाली पिच हैं और भारत की शानदार बल्लेबाजी को देखते हुए शायद उन्हें लाल मिट्टी वाली पिच चुननी पड़े। ट्रैक अभी तय नहीं किया गया है।

# संजू की चमकी किस्मत और अभिषेक के सितारे गर्दिश में

अहमदाबाद, एजेंसी





- टूर्नामेंट शुरू होने से पहले अभिषेक की हो रही वाहवाही बदली आलोचना में
- संजू सैमसन के करियर पर उठ रहे थे सवाल, अब सभी कर रहे गुणगान

अभिषेक शर्मा की खराब फार्म को लेकर जताई जा रही चिंता अब खुलकर आलोचना में बदल गई है, लेकिन इसके बावजूद पूरी संभावना है कि वह टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले फाइनल में अंतिम एकादश बने रहेंगे क्योंकि भारत जीत हासिल करने वाली अपनी टीम में बदलाव नहीं करना चाहता है। इस टूर्नामेंट में भारत के दो सलामी बल्लेबाजों की किस्मत एकदम से विपरीत रही।

जब प्रतियोगिता शुरू हुई तो अभिषेक को शीर्ष क्रम में मजबूत आधार माना जा रहा था जबकि संजू सैमसन के स्थान को लेकर सवाल बने हुए थे और कहा जा रहा था कि यह प्रतियोगिता उनके करियर के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर आठ के करो या मरो वाले मुकाबले ने परिस्थितियों में काफी बदलाव कर दिया है। सैमसन ने पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन किया जिससे अब सभी का ध्यान अभिषेक की फॉर्म पर केंद्रित हो गया है। इस बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को पूरे टूर्नामेंट में लय हासिल करने में काफी संघर्ष करना पड़ा है। अपने पिछले छह मैचों में उन्होंने क्रमशः 0, 0, 0, 15, 10 और 9 रन बनाए हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक को छोड़कर उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बाद सैमसन ने कहा हम अपने सभी खिलाड़ियों का ध्यान रख रहे हैं। जीजी (मुख्य कोच गौतम गंभीर) भाई और सूर्या (कप्तान सूर्यकुमार) को अभिषेक पर पूरा भरोसा है।

### सैमसन 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' की दौड़ में

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन का नाम उन आठ खिलाड़ियों में शामिल किया है जिन्हें टी20 विश्व कप के ''प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट'' के लिए नामित किया गया है। जिन अन्य खिलाड़ियों को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है उनमें इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स, पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी और कप्तान एडन मार्क्रम, न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र और बल्लेबाज टिम सीफर्ट और अमेरिकी गेंदबाज शैडली वैन शाल्कविक शामिल हैं।

सैमसन को टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में खेलने का मौका नहीं मिला था लेकिन पिछले दो मैच में उन्होंने शानदार पारियां खेली हैं।

# मानसिक रूप से मजबूत सैमसन अब हो चुका परिपक्व : शास्त्री

मुंबई, एजेंसी



भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने संजू सैमसन के मानसिक दृढ़ता की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस अनुभवी बल्लेबाज ने मौजूदा टी-20 विश्व कप में प्रदर्शन में निरंतरता और बेहतर शॉट चयन की जरूरत को समझते हुए अपनी परिपक्वता साबित कर दी है।

सलामी बल्लेबाज सैमसन ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 42 गेंदों में 89 रन बनाकर भारत को गुरुवार को सात रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 रन बनाकर भारत को जीत दिलाई थी।

शास्त्री ने 'द आईसीसी रिव्यू' में कहा मुझे लगता है कि आखिरकार उन्हें यह अहसास हो रहा है और वह इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि उन्हें अपने प्रदर्शन में अधिक निरंतरता की जरूरत है। उन्हें अपने शॉट चयन में अधिक समझदारी दिखानी होगी और अपने मजबूत पक्षों पर भरोसा करना होगा। संजू के साथ दिक्कत यह है कि उनके पास हर तरह के शॉट हैं, लेकिन एकाग्रता में कमी है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि वह मानसिक रूप से मजबूत हो गया है। जब से वह टीम में आया है तब से किसी ने भी उसकी काबिलियत या प्रतिभा पर शक नहीं किया। लोग इस बात से निराश हैं कि उनके प्रदर्शन में अब तक जो निरंतरता दिखनी चाहिए थी वह नहीं दिख रही है। लेकिन अब वह परिपक्व हो गया है। फाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को अहमदाबाद में खेला जाएगा। सैमसन के सलामी जोड़ीदार अभिषेक शर्मा की फॉर्म फाइनल से पहले भारत के लिए चिंता का विषय है। अभिषेक टी20 विश्व कप में सात पारियों में केवल 89 रन ही बना पाए हैं, लेकिन शास्त्री का मानना है कि भारत को टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज को ही मौका देना चाहिए।

शास्त्री ने कहा मुझे लगता है कि उन्हें टीम में बनाए रखना चाहिए। टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है और उसमें किसी तरह के बदलाव की जरूरत नहीं है। टीम को अपनी क्षमता, अपने मजबूत पक्षों पर भरोसा करना चाहिए। उसे बेखौफ होकर खेलना चाहिए।

# मेसी ने ट्रंप को भेंट की रत्नजड़ित फुटबॉल

वाशिंगटन, एजेंसी



दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने पिछले साल मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप जीतने पर इंटर मियामी को सम्मानित करने के लिए व्हाइट हाउस में आयोजित एक समारोह के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रत्नजड़ित गुलाबी फुटबॉल भेंट की।

इंटर मियामी ने दिसंबर में वैंकूवर व्हाइटकैप्स को हराकर मेजर लीग सॉकर का खिताब जीता था। अर्जेंटीना के सुपरस्टार मेसी को लगातार दूसरे सत्र में सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) चुना गया था। ट्रंप ने कहा लियो (मेसी) आप टीम से जुड़े और आपकी टीम ने जीत हासिल की। आपके लिए अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं था। सच कहूं तो आप पर जितना दबाव था, उतना किसी को पता भी नहीं होगा, क्योंकि उम्मीद की जा रही थी कि आप जीत दिलाने में सफल रहेंगे और आपने ऐसा किया। मेसी ने ट्रंप के साथ समारोह में प्रवेश किया। वर्ष 2023 में मियामी से जुड़ने वाले मेसी ने कार्यक्रम के दौरान भाषण नहीं दिया। ट्रंप ने मेसी को संबोधित करते हुए कहा आप दुनिया में कहीं भी जा सकते थे। आप दुनिया की कोई भी टीम चुन सकते थे, लेकिन आपने मियामी को चुना। मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि आपने हम सभी को इस सफर में शामिल किया। आप प्रतिभाशाली और एक बेहतरीन इंसान हैं।

### भारत के पास हर नंबर पर बेहतरीन बल्लेबाज : ब्रूक



**मुंबई।** इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने जसप्रीत बुमराह की जमकर तारीफ करते हुए भारत के इस तेज गेंदबाज को वर्तमान समय का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज करार दिया। बुमराह ने टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल के आखिरी ओवरों में सटीक यॉर्करों की बौछार से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को हतप्रभ कर दिया। ब्रूक ने कहा उनको हराना आसान नहीं है। उनके पास हर नंबर पर बहुत अच्छे बल्लेबाज हैं। उनके पास कुछ बेहद अच्छे बल्लेबाज हैं और वे सटीक शॉट लगाते हैं। अगर आप थोड़ा सा भी चूक जाते हैं, तो छक्का या चौका लग जाता है। दुर्भाग्य से हमने उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किया जितना हम कर सकते थे।

## खुशी के पल

**बोले- मुझे लगा कि पूरे मैच के दौरान गेंद कर रही थी मेरा पीछा**

# ब्रूक का कैच लेकर आनंद आया : अक्षर पटेल

मुंबई, एजेंसी



भारतीय उप कप्तान अक्षर पटेल ने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड की सात रन की रोमांचक जीत में बेहतरीन क्षेत्ररक्षण का शानदार नमूना पेश किया और उन्होंने कहा कि इस पूरे मैच के दौरान ऐसा लग रहा था मानो गेंद उनका पीछा कर रही हो।

भारत में सेमीफाइनल में पहुंचने से पहले 13 कैच छोड़े थे लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ उसके क्षेत्ररक्षकों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

अक्षर पटेल ने खेल के दो अलग-अलग लेकिन महत्वपूर्ण चरणों में खतरनाक हैरी ब्रुक और विल जैक्स को आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अक्षर ने कवर पोजीशन से 24 मीटर पीछे दौड़कर शानदार कैच लेकर ब्रूक को पवेलियन भेजा। इसके बाद अर्शदीप सिंह की वाइड फुल टॉस गेंद को जैक्स ने डीप पॉइंट की ओर खेला। अक्षर ने अपनी बाईं ओर दौड़कर गेंद को लपका लेकिन सीमा रेखा पर संतुलन नहीं बना पाने के कारण उन्होंने उसे शिवम दुबे की तरफ उछाल दिया। अक्षर ने कहा, ''''जब मैंने हैरी ब्रूक का कैच लिया तो वह बहुत अच्छा कैच था। वह मुश्किल कैच था। लेकिन अगर आप मैच की स्थिति और इंग्लैंड के बल्लेबाजों की बल्लेबाजी को देखें तो विल जैक्स का कैच बहुत महत्वपूर्ण था जिससे उनकी साझेदारी टूट गई। उन्होंने कहा, अगर आप मुझसे फील्डिंग के लिहाज से पूछें तो हैरी ब्रूक का कैच ज्यादा मुश्किल था। (हंसते हुए) आज मुझे लगा कि गेंद मेरा पीछा कर रही है। अक्षर ने तब जैक्स को आउट करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया जब वह जैकब बेथेल के साथ मिलकर साझेदारी निभा रहे थे। अक्षर को बीच में दो मैच में बाहर रखा गया लेकिन इस ऑलराउंडर को पूरा भरोसा है कि वह फाइनल में खेलेंगे।

उन्होंने कहा मुझे लगता है इसीलिए मैंने वे दो मैच नहीं खेले (क्योंकि मुझे फाइनल खेलना था)। यह मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिसका मैं इतने वर्षों से इंतजार कर रहा था कि आप अपने परिवार के सामने घरेलू मैदान पर मैच खेलें। यह बहुत गर्व का क्षण होता है। मेरा बेटा पहली बार मुझे मैदान पर खेलते हुए देखेगा और यह कुछ ऐसा है जिस पर मुझे बहुत गर्व है।

### अक्षर भारत के महानतम खिलाड़ियों में शामिल होने की राह पर : गावस्कर

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि अक्षर पटेल क्रिकेट के हर विभाग में अपने शानदार कौशल और क्रिकेट की बहुत अच्छी समझ रखने के कारण भारत के महानतम खिलाड़ियों में से एक बनने की राह पर हैं जिसकी एक बानगी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में देखने को मिली जिसमें उन्होंने अपनी शानदार फील्डिंग से प्रभावित किया। अक्षर ने खेल के दो अलग-अलग पर महत्वपूर्ण चरणों में खतरनाक हैरी ब्रूक और विल जैक्स को आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अक्षर ने कवर पोजीशन से 24 मीटर पीछे दौड़कर शानदार कैच लेकर ब्रूक को पवेलियन भेजा। इसके बाद अर्शदीप सिंह की वाइड फुल टॉस गेंद को जैक्स ने डीप पॉइंट की ओर खेला। अक्षर ने अपनी बाईं ओर दौड़कर गेंद को लपका लेकिन सीमा रेखा पर संतुलन नहीं बना पाने के कारण उन्होंने उसे शिवम दुबे की तरफ उछाल दिया। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा अक्षर ने ब्रूक का जो कैच लिया वह अविश्वसनीय था। ब्रूक मैच का रुख बदल सकते हैं और उनका विकेट हासिल करने का हर मौका भुनाना चाहिए। अक्षर ने वही किया। वह 24 मीटर दौड़े, गेंद पर नजर रखी, खुद पर नियंत्रण बनाए रखा और कैच लपक लिया। अविश्वसनीय। उन्होंने कहा विल जैक्स को आउट करने में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई। बेथेल और जैक्स की साझेदारी मैच को इंग्लैंड के पक्ष में कर रही थी। पर अक्षर ने गेंद पकड़ी और चतुराई दिखाकर उसे शिवम दुबे के पास पहुंचा दिया। इससे उनकी क्रिकेट की समझ और अच्छी सूझबूझ का पता चलता है। आपकी सूझबूझ और जज्बा ही महान खिलाड़ियों को अन्य खिलाड़ियों से अलग करता है।